मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.2 | 25.5 |
| जमशेदपुर | 32.5 | 25.2 |
| डालटनगंज | 34.2 | 25.4 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in रांची, मंगलवार 03 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुल्क प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 146 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र







कांग्रेस ने किया सेबी अध्यक्ष पर बड़ा हमला, कहा-

# एक साथ 3 जगह से सैलरी ले रही थीं माधवी पुरी बुच

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

अडानी समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने वाली निवेश रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग के सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच पर लगाए गए आरोपों के बाद सियासत तेज है. अब कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने सोमवार को सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच पर नए आरोप लगाए हैं.

पवन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए आरोपों के साथ ही कई सवाल भी किए हैं. उन्होंने पूछा कि सेबी की चेयरमैन रहते हुए भी माधवी बुच आईसीआईसीआई बैंक से कैसे और क्यों तनख्वाह ले रही थीं? पवन खेड़ा ने दावा किया कि माधवी ने 2017 से 2024 तक 16.80 करोड़ रुपए लिए हैं. इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाए कि माधवी पुरी बुच एक साथ तीन जगहों से वेतन ले रही थीं. इसमें आईसीआईसीआई बैंक, आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल और सेबी शामिल हैं. कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के चेयरमेन पवन खेड़ा ने बड़े दावे करते हुए कहा, इस देश में शतरंज का खेल चल रहा है, लेकिन खिलाड़ी कौन है, इस पर हम निर्णायक तौर पर पहुंचे नही हैं. अलग-अलग मोहरे हैं. उनमें से एक मोहरे के विषय पर हम बात कर रहे हैं, जिनका नाम है माधवी पुरी बुच.

पवन खेड़ा ने कहा, माधवी पुरी बुच, सेबी की मेंबर थीं, उसके बाद 2 मार्च 2022 को चेयरपर्सन बनीं. सेबी शेयर मार्केट की रेगुलेटर है और इनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री और गृहमंत्री करते हैं. पवन खेड़ा ने कहा, 2017 से 2024 के बीच में करोड़ों की रेगुलर इनकम आईसीआईसीआई बैंक ले रही थीं और ईशॉप पर जो टीडीएस था, वो भी यही बैंक दे रहा था. यह सीधे-सीधे सेबी के सेक्शन-54 का उल्लंघन है. इसलिए अगर माधवी पुरी बुच में थोड़ी भी शर्म हो, तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए.

-शेष पेज 07 पर



आईसीआईसीआई दे जवाब, सेबी चीफ दें इस्तीफा

### 2017 और 2024 के बीच आईसीआईसीआई बैंक से 16.8 करोड़ मिले

पवन खेड़ा ने सवाल खड़ा करते हुए कहा, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), शेयर बाजार को विनियमित करने में अहम भूमिका निभाता है, जहां हम सभी अपना पैसा निवेश करते हैं. लेकिन सेबी अध्यक्ष की नियुक्ति कौन करता है? यह कैबिनेट की नियुक्ति समिति है, जिसमें प्रधान मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हैं. इस समिति के दो सदस्य सेबी अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार हैं. उन्होंने आगे कहा कि सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच के संबंध में, यह ध्यान दिया गया कि उन्हें 2017 और 2024 के बीच आईसीआईसीआई बैंक से 16.8 करोड़ रुपए की नियमित आय प्राप्त हुई. अगर आप पूर्णकालिक सेबी सदस्य हैं, तो आप आईसीआईसीआई बैंक से वेतन क्यों प्राप्त कर रहे थे. पवन खेड़ा ने कहा कि वे ईएसओपी और ईएसओपी का टीडीएस भी आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं. इसलिए हम जानना चाहते हैं कि आप सेबी की पूर्णकालिक सदस्य होने के बाद भी अपना वेतन आईसीआईसीआई से क्यों ले रही थीं?

### पीएम मोदी से पवन खेड़ा ने पूछे ये सवाल

- जब सेबी के हेड चुनते हैं, तो इसका क्राइटेरिया क्या होता है?
- **क्या नियुक्ति के वक्त एसीसी के सामने ये तथ्य आए थे या नहीं. और नहीं आए थे तो कैसी सरकार चला रहे हैं?**
- क्या प्रधानमंत्री को यह जानकारी थी कि सेबी की चेयरपर्सन एक ऑफिस ऑफ प्रॉफिट पर बैठी हैं और सेबी की मेंबर के साथ आईसीआईसीआई से तनख्वाह ले रही हैं?
- **क्या पीएम को मालूम है कि सेबी की चेयरपर्सन आईसीआईसीआई के कई मामलों पर फैसले ले रही हैं?**
- सेबी की चेयरपर्सन के बारे में इतने तथ्य हैं फिर भी उनको कौन बचा रहा है?

### सेबी चीफ को कौन बचा रहा पीएम जवाब दें

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि अडानी समूह द्वारा प्रतिभूति कानूनों के उल्लंघन की नियामक संस्था की सुप्रीम कोर्ट की जांच में सेबी अध्यक्ष के हितों के टकराव को लेकर सवाल उठाए गए हैं. एक्स पर कहा, ऐसा लगता है कि इन सवालों को सरकार ने नजरअंदाज कर दिया है. चौंकाने वाले कदाचार का यह ताज़ा खुलासा हुआ. उन्होंने कहा, नॉन बायोलॉजिकल पीएम, जो अपनी चुप्पी से सेबी अध्यक्ष को बचाने में लगे हैं, को का जवाब देना चाहिए कि नियामक निकायों के प्रमुखों की नियुक्ति के लिए योग्यता के मानदंड क्या हैं? क्या पीएम को पता था कि सेबी के सदस्य के रूप में सेबी अध्यक्ष आईसीआईसीआई और उसकी संस्थाओं के खिलाफ शिकायतों का निपटारा कर रही थीं और साथ ही आईसीआईसीआई से आय भी प्राप्त कर रही थीं? सेबी चीफ को कौन बचा रहा और क्यों?

### शतरंज के खिलाड़ी कौन

पवन खेड़ा ने आगे कहा, ' 'इस दौरान आईसीआईसीआई के कई केस सेबी का हाथ में हैं और सेबी उस पर फैसला दे रहा है. इस शतरंज के खिलाड़ी कौन हैं, जिनको ये भी नहीं डर है कि कभी भी खुलासे हो सकते हैं.आपका नया इंडिया है, तो ये भी नई कांग्रेस है, बहुत खुलासे करती है.

सीएम हेमंत सोरेन आज करेंगे उद्घाटन

# इंतजार खत्म, आज मिलेगा दिल्ली में नया झारखंड भवन

प्रमुख संवाददाता। रांची

24 साल के लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को नयी दिल्ली में अपना झारखंड भवन मिल जाएगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उद्घाटन करेंगे. इस समारोह में राज्य के कैबिनेट मंत्रियों के साथ आला अफसर भी मौजूद रहेंगे. झारखंड भवन का निर्माण लगभग एक लाख वर्ग फीट में किया गया है. इसमें 10 फ्लोर हैं. इन भवन के निर्माण में आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है. झारखंड भवन के उद्घाटन के बाद राज्य का दिल्ली में अपना स्थानिक केंद्र होगा. इसमें राज्य के विभिन्न कार्यों के साथ-साथ राज्य के प्रतिनिधियों के लिए ठहरने की भी सुविधा होगी. साथ ही राज्य और केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय में भी मदद करेगा.

**नए भवन की विशेषताएं क्या हैं :** नया झारखंड भवन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और इसमें राज्य की सांस्कृतिक पहचान को भी दर्शाया गया है. यह भवन राज्य और केंद्र सरकार के बीच समन्वय को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. ग्वालियर हाइट सैंड स्टोन से बाहरी फिनिशिंग दी गई है, जिससे भवन में विशेष रूप से झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को शामिल किया गया है, जो इसे एक अनूठा और विशिष्ट केंद्र बनाता है.




एक लाख वर्ग फीट में हुआ है झारखंड भवन का निर्माण

### क्या है खासियत

- इंटेलीजेंट बिल्डिंग मैनेजमेंट सिस्टम से है युक्त
- सीसीटीवी, इलबी और टेंपरेचर कंट्रोल सिस्टम
- सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और पावर सब स्टेशन भी
- ग्वालियर हाइट सैंड स्टोन से की गई है बाहर की फिनिशिंग
- भवन के अंदर इटालियन मार्बल का हुआ है उपयोग
- स्पैक्ड पार्किंग सिस्टम का किया गया है उपयोग
- ग्राउंड फ्लोर पर है रिसेप्शन, डाइनिंग हॉल, जिम और एक्जिबिशन हॉल
- पहले फ्लोर पर सीएम कार्यालय, मुख्य स्थानिक आयुक्त कार्यालय, स्थानिक आयुक्त कार्यालय और अन्य कार्यालय होंगे
- दूसरे, तीसरे और चौथे फ्लोर पर हैं कुल 45 कमरे
- पांचवें और छठे फ्लोर पर हैं आठ-आठ वीआईपी सुइट्स
- सातवें फ्लोर पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए बनाय़ा गया है सुइट में नामी कंपनी जिकेन के फर्नीचर का किया गया है उपयोग

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,300 |
| चांदी (किलो) | 85,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन, दो की मौत

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर पंछी हेलीपैड के पास भूस्खलन में तीनों श्रद्धालुओं की मौत हो गई. वहीं कुछ श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना है. इस हादसे के तुरंत बाद माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिया है. पिछले दो दिन वैष्णो देवी में भारी बारिश हुई थी, जिसे भूस्खलन की वजह माना जा रहा है.

#### आरजी कर हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीबीआई ने आरजी कर हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया. सीबीआई ने ये कार्रवाई आरजी कर हॉस्पिटल में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर की है. सीबीआई ने इस मामले में पिछले दिनों एफआईआर भी दर्ज की थी. आरजी कर मेडिकल कॉलेज इन दिनों विवादों में है. यहां 9 अगस्त को नाइट ड्यूटी के दौरान जूनियर डॉक्टर के साथ रेप किया गया था.

#### तीस्ता संधि पर भारत से बातचीत की इच्छा

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है. उन्होंने कहा कि ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे पर अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए.

मणिपुर में बदला हमले का तरीका

## कुकी उग्रवादियों ने बरसाए ड्रोन बम, दो की मौत, कई घायल



एजेंसियां। इंफाल

मणिपुर से एक बड़ी खबर आई है. कुकी उग्रवादियों ने एक गांव पर ड्रोन से बम बरसाए हैं. उग्रवादियों ने पहाड़ी इलाके कोत्रुक और कडांगबांड घाटी को निशाने पर लेते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की और ड्रोन से बमबारी की. इस हमले से गांव में दहशत फैल गई और दो लोग मारे गए. दो जवानों सहित नौ लोगों के घायल हैं.

हमले पर मणिपुर पुलिस ने एक्स पर पोस्ट डाली है. इंफाल पश्चिम के कोत्रुक में किए हमले में कुकी आतंकियों ने हाई टेक ड्रोन का उपयोग किया. इसमें आरपीजी लगाए गए थे. इन ड्रोन बमों का इस्तेमाल युद्ध में किया जाता है, कोत्रुक गांव के पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि उग्रवादियों ने रविवार को गोलीबारी के साथ ही बमबारी की. इस हमले से कई घरों को क्षति पहुंची. गोलीबारी और बमबारी के समय ग्रामीण घरों में दुबके हुए थे.

मणिपुर गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि कुकी ने हमला किया. कौत्रुक इलाके के ग्रामीणों पर ड्रोन, बम सहित अत्याधुनिक हथियारों से हमला किया गया है. हमले में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हैं. सरकार ने हमले की निंदा करते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है. इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है.

## नितेश ने देश को बैडमिंटन में दिलाया गोल्ड

*बैडमिंटन में भारत को अभी दो और मेडल की उम्मीद*

**एजेंसी।** नितेश कुमार ने पैरालंपिक्स 2024 में गोल्ड मेडल जीत लिया है. उन्होंने बैडमिंटन के मेंस सिंगल्स एसएल3 कैटेगरी में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बैथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हरा कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है. वो पेरिस पैरालंपिक्स 2024 में गोल्ड मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बन गए हैं. कुल मिलाकर देखा जाए, तो यह 2024 पैरालंपिक खेलों में भारत का कुल नौवां मेडल है.



नितेश पहली बार पैरालंपिक खेलों में भाग ले रहे हैं और उन्होंने पहली बार में ही गोल्ड मेडल पर निशाना साध कर इतिहास रच दिया है. वो अब पैरालंपिक्स की बैडमिंटन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले केवल तीसरे भारतीय एथलीट बन गए हैं. उनसे पूर्व टोक्यो पैरालंपिक्स में प्रमोद भगत और कृष्णा नागर ने मेंस सिंगल्स कम्पटीशन में गोल्ड जीता था.

-शेष पेज 07 पर

सरकारों के बुल्डोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा

# आप किसी का घर कैसे गिरा सकते हैं?

एजेंसी। नयी दिल्ली

विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा अपराधियों के खिलाफ किए जा रहे बुल्डोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर की है. सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या कोई किसी का भी घर सिर्फ इसलिए तबाह कर सकता है, क्योंकि वह आरोपी है?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई आरोपी दोषी भी पाया जाता है, तो उसका घर बिना तय कानून के तबाह नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी भी अवैध संरचना को सुरक्षा नहीं प्रदान करेगा जो सार्वजनिक सड़कों को अवरुद्ध कर रही हो. कोर्ट ने संबंधित पक्षों से सुझाव मांगे ताकि वह देश में संपत्तियों के ध्वस्तीकरण के संबंध में उचित दिशा-निर्देश जारी कर सके.

-शेष पेज 07 पर



### दोषी हो, तब भी घर नहीं गिरा सकते

जस्टिस बीआर गवई ने मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, सिर्फ इसलिए घर कैसे गिराया जा सकता है कि वह आरोपी है? अगर वह दोषी है, तो भी घर नहीं गिराया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को बताने के बाद भी...हमें रवैए में कोई बदलाव नहीं दिख रहा. याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ में शामिल जस्टिस केवी विश्वनाथन ने कहा कि किसी को भी कमियों का फायदा नहीं उठाना चाहिए. पिता का बेटा अड़ियल या आज्ञा न मानने वाला हो सकता है, लेकिन अगर इस आधार पर घर गिराया जाता है, तो यह तरीका नहीं है.

### केंद्र का तर्क- कानून का उल्लंघन करने पर ही होती है कार्रवाई

केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि कानून का उल्लंघन होने पर घरों को गिराया जा रहा है. हम तभी कार्रवाई करते हैं जब कानून का उल्लंघन होता है. पीठ ने कहा, लेकिन शिकायतों को देखते हुए, हमें लगता है कि उल्लंघन हुआ है. पीठ ने अनधिकृत इमारतों को ध्वस्त करने के लिए दिशानिर्देश पर भी गौर किया. न्यायमूर्ति गवई ने कहा, सुझाव आने दीजिए. हम अखिल भारतीय स्तर पर दिशानिर्देश जारी करेंगे.

समन्वय बैठक | आरएसएस ने जातीय जनगणना के सवाल पर दिया बड़ा बयान, कहा

# ये संवेदनशील मुद्दे, इनका इस्तेमाल चुनाव के लिए नहीं होना चाहिए

एजेंसी। पलक्कड़ (केरल)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने जातीय जनगणना और महिला सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर महत्वपूर्ण बयान दिया है. संगठन ने समाज की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जातीय जनगणना को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं, जबकि महिला सुरक्षा के लिए नए कदम उठाने की बात कही है.

इन विषयों पर आरएसएस की केरल के पलक्कड़ हालिया बैठक में गहन चर्चा की गई, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ और भविष्य के लिए कई अहम निर्णय लिए गए.

-शेष पेज 07 पर

### आरएसएस ने कहा-सरकार दलितों की गिनती कर सकती है

आरएसएस ने जातीय जनगणना को लेकर बड़ा बयान दिया है. आरएसएस ने इसे एक संवेदनशील मुद्दा बताते हुए कहा कि जातीय जनगणना से समाज की एकता और अखंडता को खतरा हो सकता है. पंच परिवर्तन के तहत इस पर चर्चा की गई है, और संगठन ने निर्णय लिया है कि मास लेवल पर समरसता को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा. संघ ने कहा कि, जातीय जनगणना संवेदनशील विषय हैं. इससे समाज की एकता और अखंडता को खतरा है. पंच परिवर्तन में इसको लेकर चर्चा की गई हैं. हम मास लेवल पर समरसता को लेकर काम करेंगे. हमारे समाज में जातिगत प्रतिक्रियाओं का संवेदनशील मुद्दा है और यह राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन जाति जनगणना का इस्तेमाल चुनाव प्रचार और चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए. लेकिन कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए और विशेष रूप से दलित समुदाय की संख्या जानने के लिए सरकार उनकी संख्या की गणना कर सकती है.



### दलितों की संख्या जानने के लिए कराई जा सकती है गणना

आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आम्बेकर ने कहा कि हमारे समाज में जातिगत प्रतिक्रियाएं एक संवेदनशील मुद्दा हैं और यह राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण है. उन्होंने स्पष्ट किया कि जातीय जनगणना का इस्तेमाल चुनाव प्रचार और चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं किया जाना चाहिए. हालाँकि, कल्याणकारी उद्देश्यों के लिए और विशेष रूप से दलित समुदाय की संख्या जानने के लिए सरकार को उनकी संख्या की गणना करने का अधिकार है.

**कोलकाता कांड पर भी की गई चर्चा :** बैठक में पश्चिम बंगाल की हालिया दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर भी विस्तार से चर्चा की गई. आरएसएस ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला कानूनों में संशोधन की आवश्यकता पर जोर दिया और इसे एक चिंताजनक मुद्दा बताया. महिला सुरक्षा को लेकर पांच मोर्चों पर चर्चा की गई जिसमें कानूनी, जागरूकता, संस्कार, शिक्षा और आत्मरक्षा शामिल हैं. इन मोर्चों पर महिला सुरक्षा अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है.

# देश के किसानों को मोदी कैबिनेट ने दी 7 बड़ी सौगात

एजेंसी। नयी दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों से जुड़ीं सात योजनाओं को मंजूरी मिल गई है. केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सोमवार को ये जानकारी दी.



उन्होंने बताया कि किसानों की जिंदगी में सुधार और उनकी इनकम बढ़ाने के लिए कैबिनेट ने सोमवार को सात बड़े फैसले किए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि क्षेत्र से संबंधित इन सात कार्यक्रमों के लिए करीब 14,000 करोड़ रुपए को मंजूरी दी गई है.

- शेष पेज 07 पर

### किसानों को मोदी सरकार ने दी ये सौगात

1. 2,817 करोड़ रुपए के डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी.
2. **फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ की योजना को मंजूरी.**
3. कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ के कार्यक्रम का ऐलान.
4. **पशुधन के टिकाऊ स्वास्थ्य के लिए 1,702 करोड़ की योजना को भी मंजूरी.**
5. बागवानी क्षेत्र के टिकाऊ विकास के लिए 860 करोड़ की एक और योजना को भी स्वीकृति.
6. **कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए 1,202 करोड़ रुपए मंजूर.**
7. प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए 1,115 करोड़ की योजना को भी मंजूरी.

## नयी पहल: पुलिस को पब्लिक फ्रेंडली बनाने की कोशिश में जुटे अनुराग गुप्ता

# डीजीपी करेंगे हर जिले का दौरा, थानों में भी जाएंगे, लोगों से भी मिलेंगे

- 10 सितंबर को राज्य भर की पुलिस लगायेगी जनता दरबार
- प्राथमिकी दर्ज नहीं करने वाले थानेदारों पर होगी कार्रवाई
- अपराध व नशे के कारोबार के मामलों की होगी समीक्षा

सौरभ सिंह । रांची



डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य पुलिस को पब्लिक फ्रेंडली बनाने की दिशा में काम करना शुरु कर दिया है. एक दिन पहले उन्होंने एक आदेश जारी कर कहा था कि प्राथमिकी दर्ज नहीं करने वाले अफसर पर कार्रवाई होगी. सोमवार को उन्होंने बताया कि राज्य में कानून व्यवस्था की समीक्षा करने और आम जनता की समस्या को जानने के लिए वह अलग-अलग जिलों का दौरा करेंगे. इस दौरान वो थाना भी जायेंगे. जिलों की विजिट के दौरान वहां के कमजोर वर्गों, महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराध एवं साइबर सुरक्षा जैसे मामलों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इनके लंबित मामले की जानकारी लेंगे. मादक पदार्थो से संबंधित मामलों की स्थिति और अन्य गंभीर अपराधों पर नियंत्रण की भी समीक्षा करेंगे.

**10 सितंबर को पुलिस का जनता दरबार :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि 10 सितंबर को हर जिले में जनता दरबार लगेगा. इसे लेकर रोडमैप तैयार कर लिया गया है. आम जनता और पुलिस के बीच के गैप को खत्म करने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा. इससे आम लोगों में जागरूकता आयेगी. साथ ही आम लोग बिना किसी डर-भय के पुलिस के पास पहुंचेगे. आम लोगों और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित होगा. डीजीपी ने कहा कि जनता दरबार में छोटे-बड़े सभी प्रकार की शिकायतें सुनी जाएगी. जिनमें गुमशुदा बच्चे, महिला के साथ गलत व्यवहार, अपराध, अवैध वसूली, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दुर्व्यवहार जैसे मामले को लेकर शिकायत सुनी जाएगी.

**एफआईआर दर्ज नहीं की, तो कार्रवाई :** उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले डीजीपी ने सभी जिलों के एसपी को आदेश दिया है कि एफआईआर दर्ज नहीं करने वाले थाना प्रभारी और टालमटोल करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करें. जारी आदेश में कहा गया है कि आम जनता से दुर्व्यवहार और बदतमीजी करने वाले पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी. डीजीपी ने बताया कि विभिन्न सूत्रों से ऐसी जानकारी मिल रही है कि राज्य के अनेक जिलों में थाना प्रभारी और थाना के अन्य कर्मी विशेषकर मुंशी, आम जनता से अच्छा व्यवहार नहीं करते हैं और जनता की शिकायतों पर थाना में प्राप्ति रसीद भी नहीं देते हैं. जिसके चलते भुक्तभोगी भटकते रहते हैं और उन्हें समय पर न्याय नहीं मिल पाता है.

## कमल में छितराए, तो अब चल आए पंजा लड़ावे, इहां सूरज लाले लाल दिख रहा है

संजय सिंह । रांची

**चुनावी चकल्लस**

एगो लाल बाबू हैं. इनके बाबूजी राज्य बना तो पहले मंत्री थे. अब इस दुनिया में नहीं रहे. बाबूजी न रहे, तो उनके लाल राजनीति में हाथ-पैर मारे लगे. लाल बाबू को राजनीति ओतना बुझा नहीं रहा है. जेने-तेने लंघी फंसावे के चक्कर में रहे. कमल खिलावे लगी चल गए. सकबे नहीं किए. हबकुनिए फेंकाए, तो उठे ही नहीं सके. गेटिंग-सेटिंग में बाद में पिछुवा गए. मालो डाउन करे में फिसड्डी हो गए. कमल तो थामले रहे, लेकिन हाशिए पर रहे. कोई पूछवइया ही नहीं था. बेचारे छटपटाइल थे. जो थोड़ा मोड़ा चांस था, उहो हाथ से निकलता दिखाई देवे लगा. कमलवाली पार्टी में धनकुबेर साहिब की इंट्री हो गई. फिर होवे लगा दे धना धन का खेला. धन कुबेर साहिब शिक्षा का अलख जगाते-जगाते राजनीति चमकावे लगे. कभी निर्दल तो कभी तीर-धनुष थामले रहे, लेकिन सफल हुए भगवाधारी होकर ही. अब चूंकि लाल साहेब को लगा कि उनको पांकी में कमल खिलावे का मौका जब नहींए मिलेगा, तो साहेब अकबकाए लगे. लेकिन कुछ बुझाइए ना रहा था. आखिर साहेब को पंजा में लाले लाल सूरज दिखे लगा. लेकिन इहां उनके बाबूजी के समय के प्रतिद्वंद्वी के लाडले ही उनके भी प्रतिद्वंद्वी हो गए. चूंकि बिट्टू बाबू दो-दो बेरा फेंका गए, तो लाल बाबू को पंजवा में तनिका दम दिखे लगा. लाल साहेब ने पंजा तो लड़ा लिया, लेकिन इहां तो पहिले से एक से बढ़ कर एक घाघ लोग बइठल है. लाल साहेब को इहां सूरज लाले लाल नजर आवे लगा है, लेकिन खाली लाले लाल दिखे से कुछ होवेवाला न है. साहेब को बता दिया गया है, राजनीति में पइसा फेंको, तमशा देखो. पंजा लड़ाना भी कम रिस्की न है. पंजवा मरोड़ाए का भी खतरा बनल रहेगा. लेकिन चलिए लाल साहेब आइए गेल हैं, तो देखा जाए, आगै-आगे होता है क्या. वैसे भी लाल साहेब को सूरज लाले लाल लउक रहा है. लेकनि बेचारे को न मालूम है कि पांकी में खिलल कमल को मरोड़े में उनका पंजा लहुलुहान हो सकता है. काहें कि पांकी में कमल का जड़ ढेरे नीचे तक धंसल है. उपर से एगो और भइया जी कोल्हान से इहां पहुंच कर ताबड़तोड़ बैटिंग करे लगे हैं. रात-राते भर पइसा फेंकों तमाशा देखो शो चल रहा है. उधर एगो कमलफूल वाले नेताजी भी हांफे लगे हैं. उ नेताजी जनता को अगरबत्ती न ढिबरी देखा रहे हैं. अब तो यहां दे धना धन हो रहा है, तो लाल साहेब भी पंजा लड़ा के बउरा लगे हैं. फरि से कंफ्यूज्ड हैं. लेकिन लग्गू-भग्गू लोग चढ़ाइले हैं. कह रहे हैं, हे लाल साहेब पंजा लड़ाइए लिए हैं, तो पंजा पार्टी के भइया को धरले रहिए, हो सकता है बेड़ा पार लग जाए.हालांकि लाल साहेब को लाले लाल सूरज देखावेवाले नेताजी लोग भी उनको बताइले है, लाल तुम घबराना नहीं, हम तुम्हारे साथ हैं. लेकिन सच पूछिए तो लाल साहेब नर्वस हैं. उनको अभिए से लगने लगा है कि कहीं पंजा लड़ावे के चक्कर में झोलटंगा न बनल रह जाएं.

## सात सितंबर को होगी संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई

**रांची ।** पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव लाल की जमानत पर सुनवाई अब सात सितंबर को होगी. संजीव लाल को इडी ने छह मई को टेंडर कमीशन घोटाले में गिरफ्तार किया था. जिसके बाद इडी ने संजीव लाल के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दिया है. इसी मामले में इडी ने गत 15 मई को पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को भी गिरफ्तार किया था. संजीव लाल के करीबी के घर से समेत छह ठिकानों से 35.23 करोड़ रुपया जब्त किया था. संजीव लाल ने पहले भी जमानत याचिका दाखिल की थी, लेकिन बाद में वापस ले लिया था.

## छह तक झारखंड में रहेगा बारिश का असर

**रांची।** आनेवाले दिनों में राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का असर दिखेगा. इस दौरान राज्य के कुछ हिस्से में भारी बारिश तो वहीं, कुछ हिस्से में छिटपुट बारिश होगी. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 6 सितंबर तक राज्य भर में बारिश का असर बरकरार रहेगा. 6 तक राज्य भर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ भारी बारिश की संभावना है. 7 सितंबर से बारिश में कमी देखी जाएगी. 7 से 10 सितंबर तक राज्य में हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य के तापमान में अब गिरावट दर्ज की जा रही है. राजधानी रांची की बात करें तो 6 सितंबर तक यहां बादल छाए रहेंगे. वहीं, हीं एक से दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है.

## एस्सार पावर को 374.870 हेक्टेयर वन भूमि दी गई

# इस साल निजी और सार्वजनिक उपक्रमों को दी गई 6049 हेक्टेयर वन भूमि

- पाकुड़ में कोल प्रोजेक्ट के लिए 371.070 हेक्टेयर वन भूमि का हुआ डायवर्सन
- कोल माइंस, ट्रांसमिशन लाइन और पावर प्लांट के लिए दी गई वन भूमि
- भारत माला प्रोजेक्ट के तहत वन भूमि का हुआ अपयोजन

रवि भारती । रांची

वित्तीय वर्ष 2024-25 में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को 6049.284 हेक्टेयर वन भूमि देने की स्वीकृति दे दी है. इसमें भारत माला प्रोजेक्ट के तहत जैना मोड़ से ओरमांझी सड़क निर्माण के लिए 87.855 हेक्टेयर वन भूमि दी गई है. पाकुड़ में कोल प्रोजेक्ट के लिए 371.070 हेक्टेयर वन भूमि का डायवर्सन किया गया है. इसके अलावा रेलवे लाइन, ट्रांसमिशन लाइन के अलावा सीसीएल, सेल को भी विभिन्न प्रोजेक्टों के लिए वन भूमि दी गई है.

### हजारीबाग में सबसे अधिक वन भूमि का हुआ डायवर्जन

हजारीबाग में सबसे अधिक वन भूमि का डायवर्जन हुआ है . यहां सबसे अधिक 1753 .692 हेक्टेयर वन भूमि विभिन्न प्रोजेक्टों को दी गई है . जिसमें सरिया विष्णुगढ़ ट्रांसमिशन लाइन, बड़कागांव ट्रांसमिशन लाइन,पदमा ब्लॉक ट्रांसमिशन लाइन,केरेडारी ट्रांसमिशन लाइन, 11 केवी ट्रांसमिशन लाइन, बरकट्ठा ट्रांसमिशन लाइन, पंकरी बरवाडीह कोल माइंस, बिरसा नॉर्थ उरीमारी प्रोजेक्ट और एस्सार पावर को वन भूमि दी गई है .

### किस जिले में किस प्रोजेक्ट के लिए कितनी वन भूमि दी गई

| | |
|---|---|
| **बोकारो** | |
| गेल इंडिया लिमिटेड | 8.362 हेक्टेयर |
| जैना मोड़- ओरमांझी( भारत माला प्रोजेक्ट) | 66.544 हेक्टेयर |
| जैना मोड़- ओरमांझी ( भारत माला प्रोजेक्ट) | 21.014 हेक्टेयर |
| कुल वन भूमि- 95.920 हेक्टेयर | |
| **गिरिडीह** | |
| हजारीबाग- बरकाना रेल लाइन | 162.540 हेक्टेयर |
| सीसीएल | 96.280 हेक्टेयर |
| अरगड्डा, सीसीएल | 90.100 हेक्टेयर |
| सिरका( सीसीएल) | 58.800 हेक्टेयर |
| रेलीगढ़ा( सीसीएल) | 35.660 हेक्टेयर |
| सारूबेरा( सीसीएल) | 166.900 हेक्टेयर |
| कुल वन भूमि | 898.830 हेक्टेयर |
| **रामगढ़** | |
| सांडी से रजरप्पा रोड | 1.027 हेक्टेयर |
| जैना-मोड़- ओरमांझी( भारत माला प्रोजेक्ट) | 99.786 हेक्टेयर |
| नॉर्थ उरीमारी रेलवे साइडिंग | 11.110 हेक्टेयर |
| केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा | 2.020 हेक्टेयर |
| केदला | 249.900 हेक्टेयर |
| कुल वन भूमि | 363.843 हेक्टेयर |
| **देवघर** | |
| मोहनपुर-हंसडीहा रेल लाइन | 2.826 हेक्टेयर |
| **पाकुड़** | |
| कोल प्रोजेक्ट | 371.070 हेक्टेयर |
| **चतरा** | |
| नॉर्थ कर्णपुरा से गया ट्रांसमिशन लाइन | 61.772 हेक्टेयर |
| शिवपुर कठोतिया रेल लाइन- | 307.00 हेक्टेयर |
| नॉर्थ कर्णपुरा से टंडवा ट्रांसमिशन लाइन(एनटीपीसी) | 32.66 हेक्टेयर |
| बरही से इटखोरी ट्रांसमिशन लाइन | 4.080 हेक्टेयर |
| नॉर्थ कर्णपुरा 400 केवी डीसी लाइन | 19.881 हेक्टेयर |
| कुल | 436.595 हे. वन भूमि |
| **हजारीबाग पूर्वी** | |
| सरिया विष्णुगढ़ ट्रांसमिशन लाइनः 56.998 हेक्टेयर | |
| **हजारीबाग पश्चिमी** | |
| बड़कागांव ट्रांसमिशन लाइन- 75.59 हेक्टेयर | |
| पदमा ब्लॉक ट्रांसमिशन लाइन- 12.202 हेक्टेयर | |
| केरेडारी ट्रांसमिशन लाइन | 2.078 हेक्टेयर |
| 11 केवी ट्रांसमिशन लाइन | 6.857 हेक्टेयर |
| बरकट्ठा ट्रांसमिशन लाइन | 29.147 हेक्टेयर |
| पंकरी बरवाडीह कोल माइंस | 1028.438 हेक्टेयर |
| बिरसा नॉर्थ उरीमारी प्रोजेक्ट | 226.510 हेक्टेयर |
| एस्सार पावर | 374.870 हेक्टेयर |
| कुल वन भूमि | 1753.692 हेक्टेयर |
| **सरायकेला** | |
| रड़गांव-जमशेदपुर सड़क | 0.984 हेक्टेयर |
| सेल गुआ, सारंडा | 361.296 हेक्टेयर |
| **गढ़वा** | |
| पावर सब स्टेशन | 25.162 हेक्टेयर |
| **लातेहार** | |
| ट्यूब कोल माइंस | 162.394 हेक्टेयर |
| नॉर्थ कर्णपुरा से चंदवा ट्रांसमिशन लाइन | 28.484 हेक्टेयर |
| नॉर्थ कोयल डैम | 1007.290 |
| कुल वन भूमि | 1198.168 हेक्टेयर |
| **खूंटी** | |
| सेल | 247.500 हेक्टेयर |
| अड़की रोड | 6.187 हेक्टेयर |
| **रांची** | |
| गुमला-पलमा सड़क | 7.876 हेक्टेयर |
| जगदीशपुर- हल्दिया-बोकारो-धामरा | 1.061 हेक्टेयर |
| जैनामोड़- गोला- | 4.256 हेक्टेयर |
| केडी केडी हेसलांग ओपेन कॉस्ट | 126.720 हेक्टेयर |
| कुल वन भूमि | 39.912 हेक्टेयर |

## झारखंड के चार जिलों में महिलाओं के खिलाफ ज्यादा हुए अपराध

संवाददाता । रांची

झारखंड के 24 में से चार जिलों में महिलाओं के खिलाफ ज्यादा अपराध की घटनाएं दर्ज हुई है. इनमें दुष्कर्म, अपहरण, छेड़खानी, दहेज हत्या और दहेज प्रताड़ना जैसे अपराध शामिल हैं. पिछले माह सबसे अधिक गढ़वा, रांची, हजारीबाग और गिरिडीह जिले में महिलाओं के खिलाफ अपराधिक मामले दर्ज हुए हैं.

**हर दिन 21 मामले हो रहे दर्ज :** झारखंड के अलग-अलग जिलों में महिला अपराध से संबंधित 21 मामले हर दिन दर्ज हो रहे हैं. पिछले एक महीने के दौरान महिला अपराध से संबंधित 658 मामले दर्ज हुए हैं. इन मामलों में दुष्कर्म के 185, अपहरण के 170, छेड़खानी के 80, दहेज के लिए हत्या के 17 और दहेज प्रताड़ना के 206 मामले शामिल हैं. दुष्कर्म के सबसे अधिक मामले रांची, गिरिडीह और गढ़वा जिले में दर्ज हुए हैं.

### किस जिले में कितने अपराध

| | |
|---|---|
| गढ़वा | 61 |
| रांची | 61 |
| गिरिडीह | 56 |
| हजारीबाग | 52 |
| गोड्डा | 38 |
| पलामू | 38 |
| जमशेदपुर | 33 |
| धनबाद | 36 |
| जामताड़ा | 31 |
| खूंटी | 03 |
| गुमला | 12 |
| सिमडेगा | 15 |
| लोहरदगा | 08 |
| चाईबासा | 07 |
| सराइकेला | 24 |
| लातेहार | 14 |
| रामगढ़ | 19 |
| चतरा | 24 |
| बोकारो | 24 |
| दुमका | 09 |
| साहेबगंज | 18 |
| पाकुड़ | 28 |
| **कुल** | **658** |

## सुरक्षित नहीं कैदी वार्ड, पुलिस को चकमा देकर अपराधी हो रहे फरार

संवाददाता । रांची

झारखंड के अलग-अलग अस्पतालों में बने कैदी वार्ड सुरक्षित नहीं हैं. यहां से पुलिस को चकमा देकर अपराधी फरार हो जा रहे हैं. यहां तक की कैदी वार्ड की सुरक्षा में तैनात जवान की हत्या करके फरार हो जा रहे हैं. अलग-अलग जेलों में बंद कैदी झूठी बीमारी का बहाना बनाकर इलाज के बहाने या गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल लाए जाते हैं और उसके बाद फरार हो जाते हैं. गिरफ्तार करके ले जाने के वक्त भी कैदी पुलिस को चमका देकर फरार हो जा रहे हैं. इस साल कैदी के भागने के सात से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं.

### कैदी के फरार होने की घटनाएं

**30 अगस्त -** जामताड़ा सदर अस्पताल में इलाजरत बंदी बाथरूम जाने का बहाना कर हथकड़ी सरकाकर फरार हो गया.

**12 अगस्त -** गुमला पुलिस की गिरफ्त से लूटपाट का एक अपराधी फरार हो गया था. घटना पालकोट थाना क्षेत्र में हुई थी.

**06 अगस्त -** चतरा पुलिस को चकमा देकर समाहरणालय के पास से एक कैदी फरार हो गया.

**26 अप्रैल -** पुलिस को चमका देकर राजा सिंह नाम का अपराधी रिम्स से फरार हो गया था.

**12 अगस्त -** हजारीबाग में उम्रकैद की सजा काट शाहिद अंसारी नामक कैदी हवलदार की हत्या कर फरार हो गया. कैदी का इलाज शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में चल रहा था.

**08 जून -** साहिबगंज में सदर अस्पताल में इलाजरत दो कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया.

**22 अप्रैल -** रांची के रिम्स में सर्जरी वार्ड से एक कैदी श्याम किशोर हथकड़ी निकाल कर भाग गया.

## भागीदारी नहीं मिली तो दूसरे दलों से भी करेंगे बात: मोमिन कांफ्रेंस

संवाददाता । रांची

झारखंड प्रदेश मोमिन कांफ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली अंसारी ने विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को आबादी के अनुपात में भागीदारी देने की मांग कांग्रेस, झामुमो, राजद व अन्य दलों से की है. उन्होंने कहा कि पिछले विधान सभा चुनाव में मोमिन कांफ्रेंस ने महागठबंधन को समर्थन किया था, लेकिन महागठबंधन सरकार की उपेक्षा एवं अधिकारियों की अनदेखी के कारण राज्य के अल्पसंख्यक आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक व राजनीतिक रूप से काफी पिछड़ गए हैं. झारखंड में अल्पसंख्यकों की आबादी 16 फीसदी से अधिक है, लेकिन विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा में हमारी भागीदारी बहुत कम है या नहीं के बराबर है. इसलिए कांग्रेस, झामुमो, राजद का महागठबंधन मोमिन कांफ्रेंस से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं को संगठन एवं चुनाव में भागीदारी दें.

आबिद अली अंसारी ने कहा कि मोमिन कांफ्रेंस ने राज्य के 15 विधानसभा सीटों को चिन्हित किया है, जहां हम चुनाव जीतने की स्थिति में है या हमारी मजबूत स्थिति है. अलग-अलग दलों से राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बातचीत हो रही है. यदि आगामी विधानसभा चुनाव में अल्पसंख्यकों को महागठबंधन के दलों की तरफ से उचित भागीदारी नहीं मिलती है, तो मोमिन कांफ्रेंस अन्य दलों से बातचीत कर अपने समर्थन से उम्मीदवार उतारेगी.

आबिद अली ने कहा कि वर्तमान की महागठबंधन सरकार ने कई सराहनीय कार्य किए हैं. लेकिन अल्पसंख्यक के मुद्दे पर गंभीर नहीं है. उन्होंने कहा कि राज्य में मदरसा शिक्षा बोर्ड, उर्दू अकादमी, अल्पसंख्यक वित्त व विकास निगम समेत कई बोर्ड निगम समिति का गठन अब तक नहीं किया गया है. 15 सूत्री कार्यक्रम का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है. अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्था व मदरसा से संबंधित अब तक नियमावली नहीं बनाई गई है.

## सांसद अरुण भारती लोजपा के झारखंड प्रभारी

संवाददाता । रांची



विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लोजपा- आर (लोक जनशक्ति पार्टी-आर) ने झारखंड में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की है. जमुई के सांसद अरुण भारती झारखंड में लोजपा-आर के प्रभारी होंगे. इसके साथ ही खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह लोजपा के झारखंड सह प्रभारी होंगे. लोजपा-आर के अध्यक्ष चिराग पासवान ने इसकी घोषणा की है. जारी बयान के मुताबिक पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना झारखंड के मीडिया प्रभारी होंगे और बिहार प्रदेश प्रवक्ता कुमार सौरभ सिंह झारखंड मिडीया सह प्रभारी होंगे. उल्खेनीय है कि पिछले दिनों चिराग पासवान ने रांची का दौरा किया था. इस दौरान उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान समेत अन्य पदाधिकारियों को साथ बैठकें की थी.

**सुरक्षा** सभी वन प्रमंडल के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे 885 ड्रैगन टॉर्च

## वन विभाग अब ड्रैगन टॉर्च से करेगा जंगलों की निगाहबानी

- राज्य के वन क्षेत्र में होगा 770 चेक डैमों का निर्माण

प्रमुख संवाददाता । रांची

वन विभाग जंगल की सुरक्षा के लिए ड्रैगन टॉर्च का इस्तेमाल करेगा. इससे रात के अंधेरे में तस्करों पर नजर रखने के साथ जंगली जानवरों पर भी नजर रखी जाएगी. विभाग सभी वन प्रमंडल में 885 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराएगा. सबसे अधिक पलामू टाइगर रिजर्व के लिए 90 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके बाद हजारीबाग के जंगलों की निगाहबानी के लिए 60 , रांची में 50, चतरा और जमशेदपुर के जंगलों की सुरक्षा के लिए 50-50 ड्रैगन टॉर्च उपलब्ध कराई जाएंगी.

**जानवरों के पानी के लिए 770 चेक डैम का होगा निर्माण :** जंगल क्षेत्र में जानवरों के पीने के पानी के लिए 770 चेक डैम का निर्माण किया जाएगा. बोकारो, धनबाद, रामगढ़, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, कोडरमा, चाईबासा, जमशेदपुर, कोल्हान, पोराहाट, सरायकेला, सारंडा, लातेहार, मेदिनीनगर, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रांची में 20-20 चैकडैम का निर्माण होगा. जबकि गिरिडीह में 40, देवघर में 35, चतरा में 40, हजारीबाग में 40, गढ़वा में 40 और सिमडेगा में 35 चेकडैम का निर्माण किया जाएगा. वहीं जंगल में मौजूद 618 परंपरागत जलस्त्रोतों का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा.

### किस वन प्रमंडल में कितनी ड्रैगन टॉर्च होगी उपलब्ध

| वन प्रमंडल/ जिला | ड्रैगन टॉर्च की संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 20 |
| धनबाद | 20 |
| गिरिडीह | 35 |
| रामगढ़ | 25 |
| देवघर | 25 |
| दुमका | 30 |
| गोड्डा | 30 |
| जामताड़ा | 25 |
| पाकुड़ | 25 |
| साहिबगंज | 25 |
| चतरा | 50 |
| हजारीबाग | 60 |
| कोडरमा | 25 |
| चाईबासा | 25 |
| जमशेदपुर | 50 |
| कोल्हान | 20 |
| पोराहाट | 0 |
| सरायकेला | 25 |
| सारंडा | 25 |
| गढ़वा | 30 |
| लातेहार | 25 |
| मेदिनीनगर | 20 |
| गुमला | 25 |
| खूंटी | 30 |
| लोहरदगा | 20 |
| रांची | 50 |
| सिमडेगा | 35 |
| पीटीआर | 90 |

क्लासिफाइड


















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, मंगलवार 03 सितंबर 2024 ● भाद्रपद शुल्क प्रतिपदा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 146 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**सम्मान समारोह :** माध्यमिक, इंटरमीडिएट, मध्यमा एवं मदरसा परीक्षाओं के टॉपर्स को मिला सम्मान

# जैक ने 22 टॉपर्स को सम्मानित किया, विद्यालय भी पुरस्कृत

शुभम किशोर।रांची

नामकुम स्थित झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के मुख्यालय में सोमवार को स्थापना सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में माध्यमिक, इंटरमीडिएट, मध्यमा एवं मदरसा परीक्षाओं के टॉपर्स को सम्मानित भी किया गया. फर्स्ट टॉपर को गोल्ड मेडल के साथ 21 हजार रुपये, सेकंड टॉपर को सिल्वर मेडल के साथ 15 हजार और थर्ड टॉपर को ब्रॉन्ज मेडल के साथ 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया.

इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को भी पहली बार पुरस्कृत किया गया. इनमें माध्यमिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग को सम्मानित किया गया. वहीं इंटर में बेहतर प्रदर्शन के लिए उर्सुलाइन इंटर कॉलेज, रांची को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, अतिविशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह, जेईपीसी के निदेशक आदित्य रंजन, माध्यमिक शिक्षा के निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, प्राथमिक शिक्षा के निदेशक शशि प्रकाश सिंह एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक व परिजन मौजूद थे.


दृष्टिहीन छात्रा अनिता मुंडा को गोल्ड मेडल देते शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम.

### नगद पुरस्कार

- फर्स्ट टॉपर को गोल्ड मेडल के साथ 21 हजार रुपये
- सेकंड टॉपर को सिल्वर मेडल के साथ 15 हजार रुपये
- थर्ड टॉपर को ब्रॉन्ज मेडल के साथ 10 हजार रुपये

### सम्मान से और आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : बैद्यनाथ राम

शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि सम्मान समारोह से बच्चों को और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है. उनके मन में यह भाव आता है कि यह सम्मान उनके मेहनत का फल है. कठिन परिश्रम करनेवाले बच्चों को सम्मानित किया गया है, ताकि आगे वे और भी बेहतर करें. वहीं, वैसे बच्चे जो टॉप नहीं कर पाए, वे भी आगे बढ़ कर परिश्रम करेंगे. वहीं जैक के अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने कहा कि जैक बेहतर तरीके से कम कर रहा है. हम पेपर लीक जैसे समस्याओं से नहीं जूझ रहे हैं. जैक के आगे का सफर और भी बेहतर होगा. इस अवसर पर कॉमर्स में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली प्रतिभा साहा ने कहा कि सम्मान से आगे बढ़ने और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है. जैक द्वारा सम्मानित किये जाने के बाद सभी छात्र-छात्राओं ने आगे और मेहनत करने कि बात कही.

### इन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

**गोल्ड मेडल :** प्रभात कुमार, मुदस्सिर अहमद, फिजा परवीन, सोहैल अख्तर, वाहीदुज जमान, मो जाकिर अंसारी, मो हफीजुर रहमान, पवन कुमार साहू, अनिता मुंडा, ज्योत्सना ज्योति, जीनत परवीन, प्रतिभा साहा और स्नेहा.
**सिल्वर मेडल :** सना संजुरी, बहमनी धान, ऋतिका कुमारी और रिया कुमारी.
**ब्रॉन्ज मेडल :** करिश्मा कुमारी, सृष्टि सौम्या, दीपाली कुमारी, पंकज कुमार साहू और श्रृष्टि कुमारी.

## सीएम हेमंत सोरेन ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में लगाई हाजिरी


अजमेर में दरगाह पर जाते सीएम हेमंत, साथ में पत्नी कल्पना सोरेन.

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को राजस्थान के अजमेर पहुंचे और विश्व प्रसिद्ध ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में जियारत कर अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश की. इस दौरान सीएम के साथ उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन और बच्चे व अन्य रिश्तेदार भी साथ थे. सीएम ने देश और राज्य की जनता की खुशहाली और उन्नति की कामना की. इससे पहले सारेन ने यहां सर्किट हाउस में कहा कि अजमेर में दरगाह शरीफ में पहले भी आते रहे हैं. ख्वाजा गरीब नवाज से क्या मांगू, जो भी मिला है, सब उन्हीं की बदौलत है. आगे भी उन्हीं से मिलेगा.

## ब्रीफ खबरें

### ऑटो पलटने से महिला की मौत, बच्चा गंभीर

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत बगड़ो गोलवाढाब मार्ग स्थित मेघन पहाड़ी के पास ऑटो पलटने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पांच साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतका की पहचान बेबी खातून (45) के रूप में हुई है. वहीं घायल बच्चे का नाम इब्दात बताया गया है. जानकारी के अनुसार, सोमवार की शाम सवारी को लेकर ऑटो बगड़ो से डोमचांच की ओर जा रहा था. इस क्रम में मेघन पहाड़ी के पास अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया.

### पारसनाथ में वंदे भारत ट्रेन का ठहराव शुरू

**धनबाद।** रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का सोमवार से पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया. झारखंड की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी व गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने गाड़ी संख्या 20887 को सुबह हरी झंडी दिखा कर वाराणसी के लिए रवाना किया. इस अवसर पर रेल मंडल के वरीय अधिकारी व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रतिनिधि दिनेश समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में मरनेवाले अभ्यर्थियों की संख्या बढ़ कर 12 हुई

# बेहोश हुए एक और युवक की मौत

- 28 अगस्त को पलामू में दौड़ के दौरान बेहोश हुआ था दीपक

लगातार न्यूज नेटवर्क।रांची

उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान पलामू में बेहोश हुए एक और अभ्यर्थी की दौड़ लगाने के दौरान मौत हो गयी. मृत युवक की पहचान दीपक कुमार पासवान के रूप में हुई है. दीपक की उम्र 25 साल थी. वह 28 अगस्त को दौड़ लगाने के दौरान बेहोश हो गया था. दीपक ने नौ किलोमीटर की दौड़ पूरी कर ली थी और 10वें किलोमीटर पूरा करने के क्रम में वह बेहोश होकर गिर गया था. पुलिस ने दीपक को उठाकर सदर अस्पताल डाल्टनगंज में भर्ती करा दिया. स्थिति की गंभीर देखते हुए उसे रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गयी. दीपक पलामू जिला के पांडु थाना क्षेत्र के वृद्धखैरा गांव का रहने वाला था.

उत्पाद विभाग के लिए सिपाही भर्ती की शारीरिक जांच की परीक्षा चल रही है. विभिन्न जिलों में दौड़ का टेस्ट हो रहा है. अब तक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है. उत्पाद सिपाही दौड़ के लिए राज्य भर में सात केंद्र बनाये गये हैं. आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने कहा कि इस बहाली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए कई तरह सुविधाओं की व्यवस्था की गयी हैं. दुर्भाग्यवश कुछ केंद्रों पर शारीरिक परीक्षा लेते समय कुछ अभ्यर्थियों की मौत हो गयी है. इस संबंध में यूडी कांड दर्ज किये गये हैं. मृत्यु का कारण जानने का प्रयास किया जा रहा है.


दीपक पासवान, फाइल फोटो.

### अभ्यर्थियों की हो रही मौत पर सीएम ने दिये जांच के आदेश

- डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुष्टि की बोले- गहन जांच की जाएगी

**रांची।** झारखंड में उत्पाद सिपाही बहाली की शारीरिक दक्षता परीक्षा में लगातार हो रही अभ्यर्थियों की मौत पर सीएम हेमंत सोरेन ने जांच के आदेश दिये हैं. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इसकी पुष्टि की है. डीजीपी ने अभ्यर्थियों की दौड़ के दौरान मौत के मामलों को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें इस मामले की गहन जांच करने का निर्देश दिया है. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि हमने सभी मामलों में यूडी केस दर्ज किए हैं और पोस्टमार्टम करवाए जा रहे हैं. हम यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि अभ्यर्थियों की मौत किसी बीमारी के कारण हुई है या व्यवस्था में किसी कमी के कारण, या फिर किसी अभ्यर्थी ने कुछ ऐसा सेवन किया, जिससे उसके साथ यह घटना घटी.

**भर्ती केंद्रों पर सभी जरूरी सुविधाएं दी गई हैं :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने भर्ती केंद्रों पर व्यवस्था की तारीफ की और कहा कि सभी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है. उन्होंने बताया कि केंद्र पर पीने का पानी, शौचालय, डॉक्टर, नर्स, ओआरएस और जरूरी दवाओं की व्यवस्था की गई है.

### न्यायिक आयोग से हो बहाली में हुई मौतों की जांच : मरांडी

- जल्दबाजी में बिना तैयारी के ली गई शारीरिक दक्षता परीक्षा

**रांची।** उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में अभ्यर्थियों की लगातार हो रही मौत पर विपक्ष राज्य सरकार पर हमलावर रूख अपनाए हुए है. इस क्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बहाली प्रक्रिया पर एक बार फिर से सवाल उठाया है. उन्होंने कहा है कि बहाली दौड़ में युवाओं की मौत के लिए जिम्मेवार लोगों को चिह्नित करने और पूरे प्रकरण की जांच के लिये न्यायिक आयोग बनाया जाना चाहिए.

**मृतकों के परिवारों को 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग :** मरांडी ने सीएम से मांग की है कि मृत युवाओं के परिवारों को 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाए. उन्होंने कहा है कि उत्पाद सिपाही के 500 पदों के लिए बहाली दौड़ में दो फीसदी से भी ज्यादा होनहार युवा अपनी जान गंवा चुके हैं. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सामान्यतः भर्ती प्रक्रिया में पहले लिखित परीक्षा होती है, तत्पश्चात, सफल अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए दौड़ का आयोजन किया जाता है. लेकिन मुख्यमंत्री ने जल्दबाजी में बिना किसी तैयारी के बेरोजगार युवाओं को तैयारी के लिये मात्र 15 दिन का मौका दिया और दौड़ में युवाओं की जान चली गई.

### उत्पाद सिपाही की बहाली में प्रतिनियुक्त पुलिस जवान की मौत

**मेदिनीनगर।** झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली में चियांकी में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक जवान की मौत हो गई है. मृतक सिपाही की पहचान गुमला जिले के रहनेवाले अजीत कुजूर के रूप में हुई है. वे लातेहार जिला बल में तैनात थे. बहाली दौड़ में ड्यूटी लगने के बाद वह सीआरपीएफ 112 बटालियन के कैंपस में रह रहे थे.इस बीच सोमवार को जब अजीत कुजूर ड्यूटी पर नहीं पहुंचे, तो पता चला कि उनकी तबीयत खराब है और लूज मोशन हुआ है. बाद में पुलिस ने जब सीआरपीएफ जवानों से वेरीफाई करवाया, तो पता चला कि उनकी मौत हो गई है. इसके बाद मृतक जवान का शव मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल लाया गया. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने सिपाही अजीत कुजूर की मौत की पुष्टि करते हुए कहा है कि इस मामले में जांच की जा रही है.

## लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, मेरा प्रयास है: राज्यपाल


ग्रामीण को योजना का स्वीकृति पत्र सौंपते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार.

प्रमुख संवाददाता।रांची

- राज्यपाल ने सरायकेला के रुगड़ी पंचायत के ग्रामीणों से किया संवाद

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां के रुगड़ी पंचायत के ग्रामीणों से संवाद किया. उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाएं चल रही हैं, आपको योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, यह जानने आया हूं. योजनाओं को लेकर आपका सुझाव जानने आया हूं. पीएम मोदी भी चाहते हैं कि आप सभी को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले. लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो बताएं, ताकि सरकार व प्रशासन को इससे अवगत कराया जा सके.

**सखी मंडल के सदस्यों के समूह के बीच चेक प्रदान किया :** संवाद कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सखी मंडल के सदस्यों के समूह के बीच सीआईएफ के तहत चेक प्रदान किया. लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत उरद मिनी कीट, मातृत्व प्रसूति प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना (श्रम), प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, केसीसी, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री जनमन योजना, वनाधिकार पट्टा अधिनियम के तहत भूमि पट्टा का वितरण किया गया.

### उज्जवला योजना गैस कनेक्शन देने का निर्देश

राज्यपाल ने ग्रामीणों से संवाद के क्रम में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली. एक महिला ने उन्हें बताया कि शौचालय बन गया है, लेकिन खाना लकड़ी से बनाती है. इस पर राज्यपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उक्त महिला को प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन तुरंत दें. वहीं, एक ग्रामीण ने रंगामाटी से सिल्ली तक फोरलेन सड़क नहीं बनने से होने वाली दिक्कतों से राज्यपाल को अवगत कराया. कई अन्य ग्रामीणों ने बसहातू गांव में सड़क नहीं होने की बात कही. ग्रामीणों ने राज्यपाल को बताया कि गांव में सड़क नहीं होने से किसी के बीमार होने पर एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती है. किसी काम के लिए आने-जाने में भी परेशानी होती है. इस पर राज्यपाल ने सरायकेला-खरसावां के डीसी से कहा कि बीडीओ को भेज कर समस्याओं की जानकारी लें.

## अगस्त महीने में कोयला उत्पादन में 11.9% की कमी

संवाददाता।रांची

- कोयले के उठाव में भी कमी

कोल इंडिया के लिए अगस्त का महीना कुछ बेहतर नहीं रहा. कोल इंडिया ने बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को जो जानकारी दी है अगस्त महीने में न सिर्फ उत्पादन में कमी दर्ज की गई है, बल्कि पहले से निकाले गए कोयले के उठाव में भी कमी आयी है. आंकड़े के मुताबिक उत्पादन में 11.9% की कमी आयी है, जबकि उठाव भी 5.21 करोड़ टन रहा. वहीं, अगस्त 2023 में कोयले का उठाव 5.91 करोड़ रहा था.

हालांकि कंपनी ने पिछले साल की तिमाही के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के बीच ज्यादा उत्पादन किया है. पिछले साल की पहली तिमाही में 28.15 करोड़ टन कोयला का उत्पादन हुआ था, जबकि इस साल पहली तिमाही में 29.04 करोड़ टन उत्पादन हुआ है. बीएसई को दी गई सूचना के मुताबिक, अगस्त महीने में कोयले का उत्पादन 4.61 करोड़ टन हुआ है, जबकि अगस्त 2023 में 5.23 करोड़ टन उत्पादन हुआ था. पिछले साल अगस्त माह में 5.91 करोड़ टन कोयले का उठाव किया गया था, जबकि इस साल 5.21 लाख टन ही उठाव किया जा सका.

**बोकारो :** पांच करोड़ रुपये की लेवी नहीं देने पर उग्रवादियों ने मचाया तांडव

# सड़क निर्माण में लगे डोजर व रोलर को फूंका

संवाददाता ।बोकारो

- बोकारो के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचागोड़ा की घटना
- जैनामोड़ से गोला तक की सड़क बनवा रही है एनके प्रोजेक्ट



सड़क निर्माण कार्य में लगे एक डोजर और रोलर में उग्रवादियों ने आग लगा दी. घटना रविवार की देर रात की है. पीएलएफआई के उग्रवादियों ने लेवी की मांग को लेकर बोकारो के जरीडीह थाना क्षेत्र के कोचागोड़ा पहुंची. उग्रवादियों ने वहां खड़े डोजर और रोलर में आग लगा दी. घटना को अंजाम देने के बाद उग्रवादियों ने संगठन के किसी यादव जी के नाम से परचा छोड़ा और वहां से चले गए. जानकारी के मुताबिक एनजी प्रोजेक्ट नामक कंपनी जैना मोड़ से गोला तक सड़क निर्माण करा रही है. पीएलएफआई ने इस कंपनी से लेवी की मांग की थी. नहीं देने पर उग्रवादियों ने घटना को अंजाम दिया. घटनास्थल थाना से महज डेढ़ किमी की दूरी पर है.


**पांच करोड़ की लेवी मांगी गयी :** घटना के बाद पीएलएफआई के उग्रवादियों ने घटनास्थल पर जो परचा छोड़ा है, उसमें कहा गया है कि पांच करोड़ रुपये लेवी नहीं देने की वजह से घटना की गई है. जब तक लेवी की राशि नहीं मिल जाती, काम बंद रहेगा. लेवी दिए बिना काम शुरु करने पर जान-माल की छति की जिम्मेदारी कंपनी की होगी. घटना की सूचना मिलने पर वहां पहुंची पुलिस ने परचा को जब्त किया. साथ ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी बुलवाकर आग को बुझाया गया.

जानकारी के मुताबिक 24 अगस्त को भी पीएलएफआई ने कार्यस्थल पर पोस्टर लगाकर पांच करोड़ रुपये की मांग की थी. जिसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया. इस घटना के बाद कंपनी के मजदूरों और स्थानीय लोग दहशत में हैं.

**एनएचआरएम घोटाला :** ईडी ने की कार्रवाई

## धनबाद के कोयला कारोबारी की 1.63 करोड़ की संपत्ति जब्त

संवाददाता।धनबाद/रांची



- प्रमोद सिंह पर 9.39 करोड़ रुपये की सरकारी राशि के गबन का है आरोप

धनबाद के कोयला कारोबारी की ईडी ने 1.63 करोड़ रुपये की संपत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है. ईडी की ओर से सोमवार को जानकारी दी गई कि कि कोयला कारोबारी प्रमोद कुमार सिंह और उनके परिवार से संबंधित करीब 1.63 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को जब्त किया गया है. एसीबी धनबाद द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी की टीम प्रमोद कुमार सिंह और अन्य के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति व राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के फंड के दुरुपयोग मामले की जांच कर रही है.

**एनएचआरएम फंड से अवैध निकासी कर राशि का गबन :** प्रमोद कुमार सिंह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के पद पर संविदा पर कार्यरत थे. ईडी की जांच में पता चला है कि प्रमोद कुमार सिंह और तत्कालीन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी स्व शशि भूषण प्रसाद को एनआरएचएम फंड निकालने और खर्च करने के लिए संयुक्त रूप से अधिकृत किया गया था. इनलोगों ने अपनी आधिकारिक शक्ति का दुरुपयोग करते हुए जिला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा पीएचसी, झरिया सह जोड़ापोखर को आवंटित 9.39 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का गबन किया. इस घोटाला के सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया, तो वह कोयला कारोबार से जुड़ गया था.

**पत्नी व सहयोगियों के नाम पर चल-अचल संपत्ति अर्जित की :** प्रमोद कुमार सिंह ने अवैध रूप से पीएचसी, झरिया सह जोड़ापोखर के दो बैंक खातों और पीएचसी प्रबंधन सोसाइटी, जोड़ापोखर के एक बैंक खाते से अपने बैंक खातों व परिवार व सहयोगियों के बैंक खातों में रुपये ट्रांसफर किये थे. ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि प्रमोद कुमार सिंह ने घोटाला की राशि से अपनी पत्नी प्रिया सिंह और अपने सहयोगियों के नाम पर चल-चल संपत्ति अर्जित की. इस मामले को लेकर ईडी ने बीते 13 अगस्त को प्रमोद सिंह के धनबाद के सरायढेला स्थित ठिकाने पर छापेमारी की थी. वहां से बरामद तीन महंगी गाड़ियां और 2.17 लाख रुपये नकदी जब्त कर ली गई थी. इसके अलावा बैंक खाते में जमा चार लाख रुपये भी जब्त किये गये थे.

**प्रवास** 10 वर्षों से प्रजनन के लिए पीटीआर वनक्षेत्र में जुलाई महीने में आ रहा है एशियाई ऊनी गरदनवाला सारस

# विलुप्तप्राय सारस का सेमल के एक पेड़ से है अनूठा रिश्ता

उमेश यादव।गारू (लातेहार)

पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के बारेसांढ़ गांव के झुमरी टोला में एक विशालकाय सेमल पेड़ का पेड़ हैं. पिछले 10 वर्षों से इस पेड़ पर एशियाई ऊनी गर्दन वाला सारस पक्षी तीन महीने के लिए प्रवास करने के लिए आता है. यह स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है. हालांकि इस पक्षी के वास्तविक नाम के बारे में गांव के लोगों जानकारी नहीं है. गांव वाले बताते हैं कि उनलोगों ने आज तक इस पक्षी के साथ कोई असहज व्यवहार नहीं किया है, शायद यही वजह है कि प्रत्येक वर्ष जुलाई से सितंबर महीने तक अपने प्रजनन काल में एशियाई ऊनी गर्दन वाला यह सारस इसी सेमल के पेड़ में प्रवास करता है. इस सारस के पीठ का रंग काला है और पंख गहरे हरे और बैंगनी रंग के हैं. वहीं गर्दन पर सफेद पट्टी बनी हुई है.

### प्रजनन के बाद सितंबर में बच्चों के साथ उड़ जाता है पक्षी


बारेसांढ़ गांव में सेमल के पेड़ पर एशियाई ऊनी गर्दन वाला सारस पक्षी .

> एशियाई ऊनी गर्दन वाला सारस स्थानीय पक्षी है और आर्द्रभूमि, दलदल, नदियों, झीलों और तालाबों में रहता है. यह मेंढक, मछली, केकड़े, कीड़े और छोटे सरीसृप खाता है. ये पक्षी दक्षिण भारत में जुलाई से सितंबर और उत्तर भारत में दिसंबर से मार्च के दौरान प्रजनन करते हैं. वे जंगल के पेड़ों पर घोंसला बनाते हैं और घोंसले में दो से पांच अंडे देते हैं.
>
> - कुमार आशीष
> डीएफओ, पीटीआर साउथ.

### एशियाई सारस बड़े दलदली पक्षी की प्रजाति

एशियाई ऊनी गर्दन वाला सारस (सिकोनिया एपिस्कोपस), सारस परिवार में बड़े दलदली पक्षी की प्रजाति है. यह अकेले या छोटी ढीली कॉलोनियों में प्रजनन करता है. यह एशिया भर में जंगलों, कृषि क्षेत्रों और मीठे पानी की आर्द्र भूमि वाले दलदलों में ज्यादातर पाया जाता है. ऊनी गर्दन वाला सारस 75-92 सेमी लंबा एक मध्यम आकार का होता है. आईरिस गहरे लाल या वाइन-लाल रंग का होता है. यह सारस पूरी तरह से काले रंग का होता है, पर इसकी गर्दन सफेद रंग की होती है. निचला पेट और पूंछ के नीचे का आवरण भी सफेद होता है. आगे की गर्दन पर पंख तांबे-बैंगनी रंग के साथ इंद्रधनुषी होते हैं.

### झारखंड में प्रजनन का यह पहला मामला : डॉ सत्यप्रकाश

इंडियन बर्ड कंजर्वेशन नेटवर्क के को-ऑर्डिनेटर डॉ सत्यप्रकाश ने बताया कि ऊनी गर्दन वाला सारस झारखंड के उधवा, हजारीबाग जैसे कई जगहों में देखा गया है. परंतु झारखंड में घोंसला बना कर प्रजनन का यह मामला पहला है. आसपास के वातावरण और सुरक्षित माहौल महसूस करने के कारण ही यह पक्षी प्रत्येक वर्ष एक ही पेड़ पर प्रजनन के लिए आ जा रहा है. इस एशियाई ऊनी गर्दन वाले सारस को आईयूसीएन लाल सूची में संकटग्रस्त प्रजाति में रखा गया है.

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ, उपायुक्त ने कहा

# महिला व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है जिला प्रशासन

संवाददाता । लातेहार

उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन महिला व बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि एक से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है. पूरा देश कुपोषण मुक्त हो इसी उद्देश्य से पोषण माह मनाया जाता है. पोषण माह में राष्ट्रीय पोषण मिशन के लक्ष्यों को पूर्ण करने पर विशेष बल दिया जाता है. इस अभियान का मूल उद्देश्य किशोर-किशोरी, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को उचित पोषण के विषय में जागरूक बनाना तथा उन्हें सही



गंदगी का लगा अंबार.

पोषण उपलब्ध करवाना है. उपायुक्त श्रीमति सिंह सोमवार को जिला मुख्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय पोषण माह पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी. इससे पहले उपायुक्त गरिमा सिंह, उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

उपायुक्त ने आगे कहा कि कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु जिले में एमटीसी केंद्र संचालित हैं. जिनके माध्यम से लगातार कुपोषित बच्चों का इलाज किया जा रहा है. उन्होंने अपने क्षेत्र में किसी भी गंभीर रूप से कुपोषित बच्चा मिलने पर उसे नजदीकी एमटीसी केंद्र तक पहुंचाने की अपील की. कहा कि यह हम सबों का सामूहिक दायित्व है. गोद भराई व अन्नप्राशन किया गया . कार्यक्रम में उपायुक्त ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र वितरण किया गया. उन्होंने महिलाओं की गोद भरायी एवं बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया. उपायुक्त ने खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया. उपायुक्त ने सिग्नेचर पट पर सिग्नेचर कर एवं सेल्फी प्वाइंट में तस्वीर भी खिंचवायी. दौरान उन्होंने विभिन्न प्रखंडों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया. जागरुकता रथ रवाना किया गया.

उपायुक्त ने चार पोषण जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. उन्होंने कहा कि 30 सितम्बर तक लातेहार जिला में चलने वाले इस अभियान के तहत बच्चों के भविष्य को स्वस्थ और सशक्त बनाने लिए पौषाहार की जरूरत को लेकर आम जनमानस को जागरुकता वाहन के माध्यम से जागरूक किया जाएगा.मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हैम्ब्रम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक शिवम साहू समेत कई अधिकारी आदि मौजूद थे.

### प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सोमवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में बोले

# राज्य सरकार नौकरी देने के नाम पर कर रही है युवाओं का जनसंहार

संवादददाता । मेदिनीनगर

राज्य सरकार युवाओं को नौकरी देने के नाम पर जनसंहार कर रही है. राज्य में अब तक 13 से अधिक मौत हुई है. बहाली के दौरान भगदड़ होना अलग बात है लेकिन जहां सब कुछ सरकार के हाथ में है, वहां यह मौत कई सवाल खड़े कर रही है. उक्त बातें झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में कही. उन्होंने उत्पाद सिपाही की बहाली प्रक्रिया को कोल्ड ब्लड मर्डर बताते हुए राज्य सरकार की नीतियों पर कई सवाल खड़ा किए. श्री बाउरी ने कहा कि देश के यह ऐसी पहली बहाली है जहां इतनी बड़ी संख्या में युवाओं की मौत हुई है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पांच वर्षों तक नौकरी नहीं बांटा है. अब नौकरी के नाम पर मौत बांट रही है. उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही बहाली के दौरान युवाओं की मौत पर राज्य सरकार ड्रग्स कारण बता रही है. यह युवाओं का चरित्र हनन है. नौकरी देने की जगह युवाओं को सरकार नशेड़ी साबित करने में लगी हुई है. उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के झारखंड घोषणा पत्र के सुझाव अभियान के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी. प्रेस वार्ता में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पांकी विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार, हुसैनाबाद भाजपा नेता विनोद सिंह आदि मौजूद थे.



प्रेस से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी.

**मोर्चा ने की एनपीयू में कुलपति व प्रति कुलपति की नियुक्ति की मांग :** मेदिनीनगर।अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति एवं प्रतिकूलपति की नियुक्ति को मांग को लेकर सोमवार को परिसदन में प्रतिपक्ष नेता अमर कुमार बावरी से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा. प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने श्री बावरी से कहा कि विश्वविद्यालय में 1 जून 2023 से कुलपति व 31 मई 2023 से प्रतिकुलपति का पद रिक्त है. इन दोनों अधिकारियों के नहीं रहने से कार्यों में कठिनाई होती है तथा कॉलेज का शैक्षणिक वातावरण नहीं बन पा रहा है. उन्होंने बताया कि कुलपति एवं प्रति कुलपति की नियुक्ति को मांग को लेकर शिक्षा मंत्री से एक प्रतिनिधिमंडल मिला था. शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही दोनों अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी लेकिन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हो सकी. प्रतिनिधिमंडल में अनिल राम, विजय राम, सूरज कुमार, दीपक कुमार, अजय कुमार, उमेश राम आदि शामिल थे.

**एनपीयू में वीसी व प्रो-वीसी की नियुक्ति की मांग : मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रों की समस्याओं को लेकर आज झारखंड विस में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को ज्ञापन सौपा. परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में लंबे समय से कुलपति एवं प्रति उप कुलपति की नियुक्ति नहीं होने से स्थिति भयावह बनी हुई है. वहीं विश्वविद्यालय व उसके अंगीभूत कालेजों में लंबे समय से तृतीय वर्ग एवं चतुर्थ वर्ग की बहाली नहीं होने से उत्पन्न स्थिति की जानकारी दी. ज्ञापन में पलामू के सभी प्रखंडों में लाइब्रेरी की व्यवस्था करने, झारखंड टेट के सिलेबस में संशोधन करने, रिक्त पड़े सभी क्षेत्रों में युवाओं की बहाली, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की मांग शामिल है. परिषद के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. अभी वर्तमान में जो उत्पादक सिपाही की बहाली हो रही है उसका फॉर्म दो साल पहले भराया गया था परंतु युवाओं में असंतोष को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा पलामू जैसे गर्म स्थानो में दौड़ आयोजित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. मौके पर विभाग संयोजक अभय वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान, राजन कश्यप, नगर मंत्री विपिन यादव, राहुल कुमार चेरो, नितीश दूबे आदि उपस्थित थे.

## बीएड छात्रों ने नेता प्रतिपक्ष को सौंपा ज्ञापन

मेदिनीनगर। झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के पाठयक्रम में बदलाव की मांग को लेकर बीएड छात्रों के प्रतिनिधिमण्डल ने सोमवार को झारखण्ड के नेता प्रतिपक्ष से मुलाकात की. इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल सदस्यों ने जेटेट परीक्षा के पाठ्यक्रम में बदलाव की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन देनेवालों में बीएड पास अभ्यर्थी रंजन कुमार यादव नें कहा कि जेटेट का नया पाठ्यक्रम आइएएस व आइआईटी परीक्षा के समतुल्य कर दिया गया हैं, जिसे बदला जाए. सिलेबस को छात्रहित में शीघ्र संशोधित करने की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि इसका स्तर काफ़ी उच्च कर दिया गया है. प्रतिनिधिमण्डल मे श्वेता कुमारी, गजाला प्रवीण, नेहा कुमारी, कुंदन पांडेय आदि शामिल थे.

## भाजपा को पलामू में दिख रही है बड़ी हार : राजेंद्र सिन्हा

**मेदिनीनगर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी इन दिनों पलामू दौरे पर हैं. उनके बयान पर पलामू झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि ये लोग बांटने व तोड़ने की राजनीति करते हैं.

अमर बाउरी का बयान सरकार को बदनाम करने के लिएहै. झारखंड का हितैषी कौन है, जनता सब जानती और समझती है, अब ये लोग किसी तरह से समाज में जहर घोलना चाहते हैं. श्री सिन्हा ने कहा कि पलामू में भाजपा को हार दिख रही है, इसी वजह ये लोग पलामू में आकर यहां के लोगों को भड़काने में लगे हैं.



प्रेस से बात करते हुए राजेंद्र सिन्हा व अन्य.

पलामू के होनहार युवक की मौत ने हम सबों को झकझोर कर रख दिया है. परंतु भाजपा को किसी नौजवान की मृत्यु में भी राजनीति नजर आ रही है. परिवार और पार्टी तोड़ते-तोड़ते इनकी संवेदना मर चुकी है. उन्होंने कहा कि मईया सम्मान योजना से डरी हुई भाजपा आज समाज को बांटने और तोड़ने में लगी है. बहाली के लिए दौड़ का नियम काफी पुराना है, पलामू के नौजवान की मृत्यु बहुत ही दुखद है और सीएम हेमंत सोरेन इस मामले में काफी संवेदनशील हैं और इसकी एक उच्चस्तरीय जांच हो रही है. नेता प्रतिपक्ष और भाजपा की गंदी राजनीति पलामू में नहीं चलने वाली है. मौके पर जिला सचिव सन्नू सिद्धिकी, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, वरिष्ठ नेता विनय सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, सचिव आशुतोष विनायक मौजूद थे.


## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में सोमवार से स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरुआत हुई. इसके तहत ग्रामीण एवं शहरी इलाके में जागरुकता हेतु स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा. 15 सितंबर तक चलनेवाले इस अभियान के तहत विशेष प्रार्थना सभा में पहले दिन प्राचार्य ने छात्रों व शिक्षकों को स्वच्छता जागरुकता की शपथ दिलाई. तत्पश्चात् कक्षा प्रथम से अष्टम् तक के छात्रों के लिए स्वच्छता जागरुकता संदेश संबंधी चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने कहा कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सभी जन-जागरुक एवं सामाजिक अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता रहा है. विद्यालय के रुप में समाज को जागरुक करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है. उन्होंने कहा कि गांधी जी स्वच्छता को पूजते थे. यह अभियान एक दिवसीय नहीं अपितु हमें प्रत्येक दिवस स्वयं तथा राष्ट्र के हित हेतु अपने समीप के स्थानों को स्वच्छ रखने में योगदान होना चाहिए. स्वच्छ परिसर में ही स्वस्थ व्यक्ति एवं विचार विकसित होते हैं.



## भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय : तिवारी

**लातेहार।** शहर के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में आयोजित श्री तुलसी रामायण राम कथा महोत्सव के दूसरे दिन अयोध्या से आये संत शिव प्रसाद तिवारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है. उन्होने कहा कि भगवान श्रीराम ने समाज में एक आदर्श व मर्यादा स्थापित की थी, इसी कारण भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरूषोत्तम भी कहा जाता है. श्री तिवारी ने आगे कहा कि आज समाज में विद्वेष ने स्थान ले लिया है. भाई-भाई का नहीं है, पिता पुत्र का नहीं है. लेकिन रामायण में वर्णन है कि भगवान श्री राम ने अपने भाई के लिए सिंहासन छोड़ दिया था. पिता के वचन को रखने के लिए एक नहीं दो नहीं पूरे 14 साल वनवास बिताया था. उन्होने नारी का अपमान व अनादर करने पर बाली और रावण का वध किया था. आज समाज में जिस प्रकार नारी उत्पीड़न हो रहा है यह निंदनीय ही नहीं बल्कि सोचनीय भी है. आज समाज कहां और किस दिशा में जा रहा है, इसे देखने की जरूरत है. लोग अपने स्वार्थ और लोभ में हद से भी नीचे गिर जा रहे हैं. उन्होंने रामायण के कई प्रसंगों का संगीतमय प्रस्तुति दिया. मौके पर श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद गुप्ता, अशोक कुमार महलका, विवेक मिश्रा और परितोष ठाकुर समेत कई लोग मौजूद थे. कथा संचालक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन आगामी सात सितंबर तक अपराह्न तीन से छह बजे तक होगा.



### ब्रीफ खबरें

#### हुसैनाबाद में खुली लाल पैथोलॉजी की फ्रेंचाइजी

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद मुख्य शहर के जयप्रकाश चौक स्थित नीलम जांच घर में डाक्टर लाल पैथोलॉजी का फ्रेंचाइजी खोला गया. फ्रेंचाइजी खुलने से स्थानीय लोगों में काफी खुशी है. इस संबंध में नीलम जांच घर के संचालक रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व से निकल जांच घर के द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने में काफी सहयोग करता आया है. उन्होंने कहा कि लाल पैथोलॉजी का फेंचाइजी हुसैनाबाद में खुल जाने से अब लोगों को जांच करने के लिए रांची या बड़े महानगरों में जाना नहीं पड़ेगा. उन्होंने कहा कि नीलम जांच घर व लाल पैथोलॉजी लोगों के बीच काफी विश्वास जमा लिया है.

#### पांडू थाना में लगा जनता दरबार

**पांडू (पलामू)।** पांडू थाना में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस अवसर पर बीडीओ रणधीर कुमार, पांडू सर्किल इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान, पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरव, अंचल कर्मचारी सह सीआइ गौरव कुमार, एएसआई नरेश प्रसाद यादव शामिल थे. दरबार में टोटल 24 मामले आए, जिसमें 18 मामले को निष्पादित किया गया . मौके पर थाना प्रभारी कुमार सौरव ने सभी पक्ष विपक्ष को आपस में मिलकर रहने का हिदायत दिया पांडू आंचल इंस्पेक्टर राम आशीष पासवान ने कहा कोई भी व्यक्ति कानून को हाथ में नहीं लेगा.

#### सीसीएल का रक्तदान शिविर पांच सितंबर को

**बालूमाथ (लातेहार)।** सीसीएल के मगध संघमित्रा क्षेत्र के द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत पांच सितंबर को चमातू स्थित महाप्रबंधक कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा. उक्त शिविर में संग्रहित किये गए रक्त रांची के सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिए उपयोग किया जायेगा. शिविर को लेकर मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ ने सीसीएल के तमाम अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन नेता, पत्रकारों, जनप्रतिनिधिओं तथा सभी हितधारकों से शिविर में आकर रक्तदान करने का अपील किया है.

#### विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**रमना।** नवप्राथमिक विद्यालय धवरवादामर में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन सोमवार को किया गया. पर्यवेक्षक नंदकिशोर चौबे, गिरेंद्र कुमार सिंह और जनप्रतिनिधियों के अनुपस्थिति में विषमभर यादव की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नियम संगत शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो गया. विद्यालय में नामांकित बच्चों के उपस्थित अविभावकों में से कुल बारह सदस्यों का चयन किया गया.

### न्यूज अपडेट

#### डीसी ने पोषण जागरूकता रथ को किया रवाना



**मेदिनीनगर।** कुपोषण की समस्या से निपटने को लेकर लोगों के बीच जागरूकता संदेश फैलाने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन ने पोषण जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से समाहरणालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त श्री रंजन ने लोगों से कुपोषण मुक्त जिला के निर्माण में सहयोग की अपील की. उन्होंने सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर इस अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि पोषण माह के तहत पोषण रथ 30 दिनों तक जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांवों में जाकर आम जनों को जागरूक करेगा. इस माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित गतिविधियों की भी जानकारी दी जाएगी.

#### चार सहायक अध्यापकों ने दिया योगदान

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत स्तरोन्नत उवि पथरा में बच्चों के भविष्य को देखते हुए तथा बच्चों के शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था. जिसे लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हुसैनाबाद राम नरेश राम को सांसद विष्णु दयाल राम के द्वारा अवगत कराया गया था. बीईओ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्तरोन्नत उवि पथरा में चार सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन किया है. बीईओ श्री राम ने बताया कि सहायक अध्यापक अनिल कुमार पासवान, उप्रावि कंचन बांध, शिवजी पासवान, राजकीय उप्रावि डंडीला, मुन्ना प्रसाद, राउप्रावि पतराखुर्द और राजा राम, उप्रावि भटौलिया को प्रतिनियोजन किया गया है.

#### डंडीला खुर्द नवयुवक कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव के ग्रामीणों कि बैठक सोमवार को ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मुख्य द्वार के नजदीक हुई. बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक ब्रजकिशोर शुक्ला व संचालन निवर्तमान पार्षद दिनेश शुक्ला ने किया. शशिकांत शुक्ला को कमेटी का नया अध्यक्ष बनाया गया.वहीं आलोक शुक्ला व दिनेश शुक्ला को उपाध्यक्ष,जयकांत शुक्ला व विष्णु शुक्ला को सचिव,दीपक शुक्ला, विकाश शुक्ला व विभूति शुक्ला कोषाध्यक्ष,पुनीत,रमाशंकर व पवन को संगठन मंत्री, पप्पू, रंजित, मिथिलेश, ऋषि, सोनू, निखिल, नीरज, लकी, अनूप, कुंदन, सत्यम, राहुल, लाला , शुभम,आयुष ,शीतल शुक्ला व अमित शर्मा को रखा गया है. इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया.

#### हुसैनाबाद में डायरिया के आठ नये मरीज भर्ती


**हुसैनाबाद ( पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ता जा रहा है. अनुमंडलीय अस्पताल के सभी बेड भर गए हैं. रविवार को 12 मरीजों को भर्ती किया गया था, जबकि सोमवार को आठ नए रोगियों को भर्ती किया गया है. डा. विनेश कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हुसैनाबाद ने बताया कि सूचना मिलने पर प्रभावित गांव में टीम भेजी जा रही है. उन्होंने बताया कि शनिवार व रविवार को 12 मरीजों को भर्ती किया गया था. उनकी स्थिति खतरे से बाहर है. सोमवार कोडायरिया पीड़ित आठ मरीज भर्ती किए गए हैं. जिसमे संगीता कुमारी, सुमीत्रा देवी, खुशबारन ठाकुर, सोनु ठाकुर, उर्मिला देवी, विक्रम कुमार, सारिका कुमारी आदि शामिल हैं. सभी प्रभावित गांव में टीम भेज कर लोगों को इससे बचने के उपाय बताने के साथ कुछ जरूरी दावा भी दी गई है.

#### लोजपा (रा) की मेदिनीनगर इकाई गठित




**मेदिनीनगर.** लोक जनशक्ति पार्टी ( रामविलास ) के मेदिनीनगर इकाई का विस्तार किया गया है. स्थानीय त्रिपाठी इंटरनेशनल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता व संचालन नगर अध्यक्ष शशांक सुमन ने किया. बैठक में नगर कमेटी विस्तारित करते हुए 35 वार्ड के वार्ड अध्यक्ष व नगर कमेटी में 10 लोगों को मुख्य रूप से जिम्मेवारी सौंपी गई. नगर अध्यक्ष श्री सुमन ने कहा की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान व प्रदेश अध्यक्ष बिरेंद्र प्रधान के कुशल नेतृत्व में झारखंड में इस बार लोजपा ( रा ) अपना परचम लहराने वाली है. कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष लाला पासवान, उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, धोनी मिश्रा, महासचिव राकेश जायसवाल, अजय प्रसाद, अभिषेक जायसवाल, अनिकेत कुमार तथा अवि सिन्हा, प्रेमचंद ठाकुर, मुकेश कुमार, अंकुश पासवान व राजू खान को सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है.

#### जिप अध्यक्ष ने चहारदीवारी कार्य का निरीक्षण किया



**लातेहार।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने सोमवार को मनिका प्रखंड क्षेत्र के दुंदु मध्य विद्यालय परिसर में हो रहे चहारदीवारी निर्माण कार्य का निरीक्षण किया. उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा उन्हें सूचना मिल रही थी कि चहारदीवारी निर्माण में काफी अनियमित बरती जा रही है. अध्यक्ष पूनम देवी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चहारदीवारी निर्माण में काफी अनियमितता पाई गई है. मात्र एक से दो फीट की गहराई कर पिलर खड़ा किया जा रही है चहारदीवारी निर्माण में बंगला ईट का प्रयोग किया जा रहा है. पिलर में आठ एमएम की जगह छह एमएम के लोहे का रिंग इस्तेमाल किया जा रहा है. पिलर में रिंग छह इंच की दूरी में बांधने का प्रावधान है लेकिन 12 इंच में रिंग बांधा जा रहा है.

#### नुक्कड़ नाटक से योजनाओं की जानकारी दी



**लातेहार।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निर्देश पर स्थानीय स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के द्वारा सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किया गया और योजनाओं की जानकारी दी गयी. बता दें कि मोंगर पंचायत में तीन सितंबर को आपकी योजना, आपकी सरकार व आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. मौके पर स्वर संगम म्यूजिकल ग्रुप, लातेहार के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक एवं गीत संगीत के माध्यम से ग्रामीणों को सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहने का अपील की. संस्था के कलाकार बसंत कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 साल की उम्र की महिलाओं को एक हजार रूपये प्रति माह सम्मान राशि दी जा रही है.

#### तीसरे दिन भी हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया

**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र मे जंगली हाथियों के झुंड का उत्पात जारी है. लगातार तीसरे दिन जंगली हाथियो के झुंड ने शेरेगाड़ा पंचायत के बुकरू गांव में उत्पात मचाया. हाथियों ने बबलू यादव के घर समेत खेत में फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया. घर मे रखें अनाज चावल, मकई, गेंहू को खा कर चट कर गए. पीड़ित बबलू यादव ने बताया की जंगली हाथियों का झुंड अचानक गांव में आ धमका और घर को ध्वस्त करने लगा. परिवार वाले किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे. ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी के झुंड को दूर खदेड़ने एव क्षतिग्रस्त घर का मुआवजा देने की मांग की है. बता दे की बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में आए दिन हाथियों के झुंड द्वारा ग्रामीणों के घरों को ध्वस्त कर दिए जाने का मामला सामने आते रहता है. लेकिन वन विभाग की टीम हाथियों को झुंड को दूर भगाने में विफल साबित होती है.

### परेशानी
### दुर्गंध से जीना हुआ मुहाल , अनुबंधकर्मियो के साथ सफाईकर्मियों भी हड़ताल पर

# विश्रामपुर शहरी क्षेत्र में लगा गंदगी का अंबार

- पिछले ग्यारह दिनों से शहर की साफ सफाई बंद

संवाददाता । विश्रामपुर (पलामू)

विश्रामपुर शहरी क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर इन दिनों गंदगी का अंबार लगा हुआ है.जिससे निकलने वाले दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल हो गया है.यह हालत सफाईकर्मियों के हड़ताल पर जाने से उत्पन्न हुआ है.यहां बताते चलें कि झारखण्ड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आह्वाहन पर विश्रामपुर नगर परिषद के अनुबंधकर्मी पिछले ग्यारह दिनों से छः सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर हैं.अनुबंधकर्मियों के साथ सफाईकर्मी भी हड़ताल पर चले गए हैं.जिसके चलते साफ सफाई पूरी तरह बंद है.विश्रामपुर बस स्टैंड,गांधी चौक,बाजार चौक,बैंक चौक,बी मोड़,रेहला महवीर चौक,शुक्र बाजार चौक,रेहला थाना चौक,स्टेशन चौक सहित सभी मुख्य चौक चौराहों पर गंदगी का अंबार लग चुका है.इसके अलावा यत्र यत्र भी कूड़ा - करकट और गंदगी फैली हुई है.जिससे अब काफी दुर्गंध निकल रहा है.दुर्गंध से आस पास रहने वाले लोगों का जीना दुभर हो चुका है.इधर अनुबंधकर्मियो का हड़ताल सोमवार को भी जारी रहा.



## नगर निकाय कर्मियों की बेमियादी हड़ताल जारी

**हुसैनाबाद (पलामू)।** नगर पंचायत हुसैनाबाद में कार्यरत दैनिक, मानदेय कर्मी सेवा नियमित करने की मांग के समर्थन में बेमियादी हड़ताल पर हैं. उन्होंने 11 वें दिन जुलूस निकाल कर शहर के गली मुहल्लों में भ्रमण कर सरकार विरोधी नारे लगाए. फेडरेशन के अध्यक्ष उमेंद्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी लगातार सरकार से मांगें पूरी करने का आग्रह कर रहे हैं. उनकी नहीं सुनी जा रही है. उन्होंने आंदोलनात्मक कार्यकम की जानकारी देते हुए बताया कि बेमियादी हड़ताल का 11 दिन गुज़र गया. सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गई है. कर्मचारी सरकार को जगाने का प्रयास कर रहे हैं. फेडरेशन के आह्वान पर कर्मियों की हड़ताल से नगर पंचायत हुसैनाबाद में सभी कार्य ठप्प हो गए है.

## मुखिया के प्रयास से मरीज को मिला दो यूनिट ब्लड

**सतबरवा (पलामू)।** बारी गांव के नुरामन खान की बेटी का रविवार की रात 11:30 बजे मुखिया निरोत्तमा कुमारी को फोन आया कि मेरे पति यूनिश खान की तबीयत खराब है, उन्हें तत्काल दो यूनिट ब्लड की जरूरत है . सोमवार की सुबह मुखिया के पति विनय सिंह व इंस्पेक्टर सुभाष दास ने दो यूनिट बी प्लस ब्लड मरीज को दिया. मुखिया निरोत्तमा कुमारी ने इंस्पेक्टर सुभाष दास को धन्यवाद देते हुए कहा कि मानवता सर्वोपरि है. ब्लड किसी का जीवन बचा दे तो जीवन सार्थक हो जाता है. मुखिया के प्रयास से दो यूनिट ब्लड मरीज को उपलब्ध कराया गया.इसके लिए सुमंत चौधरी,उदय सिंह, श्रीनिवास चौधरी, अजय कुमार समेत कई लोगों ने मुखिया की भूरी भूरी प्रशंसा की. .

▼ ब्रीफ खबरें

### किराना दुकान में चोरों ने किया हाथ साफ

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य चौक पर बीते रात्रि चोरों ने न्यू दानिश किराना स्टोर और अंडा छोला विक्रेता शिवचरण साहू एवं समीउल्लाह अंसारी के होटल में चोरी की घटना को अंजाम दिया. भुक्तभोगी दानिश ने बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा हमारे दुकान का रड तोड़कर किराने की दुकान के अंदर से बोरा में भरकर खाद्य सामग्री और नकद लगभग 5 हजार रुपये लेकर फरार हो गए. इधर मुख्य चौक पर ही संचालित अंडा छोला विक्रेता शिवचरण साहू एवं समीउल्लाह होटल का दरवाजा तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई.

### रेस्टोरेंट संचालकों के साथ पुलिस ने की बैठक

**हरिहरगंज/पलामू।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार को थाना में क्षेत्र के सभी होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों के साथ बैठक की. इस दौरान उन्होंने होटल में ठहरने वाले सभी लोगों का आधार कार्ड लेने, रजिस्टर मेंटेन करने के साथ ही होटल में कोई संदिग्ध व्यक्ति के ठहरने पर पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने होटल या रेस्टोरेंट में ठहरने वाले लोगों का आधार कार्ड की कॉपी रोजाना थाना में जमा करने का भी निर्देश दिया है.

### भादो अमावस्या पर दादी जी का भव्य श्रृंगार हुआ

**लोहरदगा।** लोहरदगा मे भादो बदी अमावस्या पर राणी सती दादी जी का महोत्सव धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया. श्री राणी सती दादी जी का भव्य दरबार सजाया गया एवं दादी जी को अलौकिक श्रृंगार करते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाया गया. दोपहर तीन बजे से चार घंटे तक मारवाड़ी समाज की 101 महिलाओं के द्वारा अपने राजस्थानी वेशभूषा पहन कर मंगला पाठ करते हुए दादी जी के मनमोहन भजनें गाएं.दादी जी का दुपट्टा को एक दूसरे को ओडाक़र काफी झूमे नाचें,इस भक्ति कार्यक्रम से सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा.

### पंचायत सचिव संघ की हड़ताल जारी

**लोहरदगा।** 21 अगस्त से लोहरदगा जिला के पंचायत सचिव संघ ने अपने दो सूत्री मांगों को लेकर 6ठें दिन भी बेमियादी हड़ताल पर बैठे रहे. बेमियादी हड़ताल की अध्यक्षता वरीय पंचायत सचिव बलदेव यादव के द्वारा किया गया. समाहरणालय मैदान के समीप बेमियादी हड़ताल पर बैठे रहे. मौके पर विनोद कुमार दुबे, महफूज अंसारी, बलदेव यादव, सुशील कुमार भगत, शशि सविता कुजूर, अजय उरांव, दिवाकर उरांव, परमेश्वर, रउफ अंसारी, आनंद कुमार सिंह, भैया उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, महिपाल उरांव, जागू आदि मौजूद थे.

### विधायक ने फुटबाल टूर्नामेंट का किया

**मनिका।** प्रखंड क्षेत्र के मटलोग पंचायत के बोडमपीपर चौक के पास फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था,जिसका समापन सोमवार को हुआ. मैच समापन में मुख्य अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए. मैच बालक टीम लातेहार परसही बनाम देवबार और बालिका टीम सोतम बनाम सेमरहट के बीच खेला गया. फाइनल मैच का उद्घाटन विधायक श्री सिंह ने पिता काटकर व बॉल को कीक मारकर किया. विधायक ने कहा कि आज जिस प्रकार से क्षेत्र में फुटबॉल को लोग दिल से खेल रहे हैं तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी बड़े मैच में खेलते नजर आएंगे.

उपायुक्त के पद पर रहते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा

## दिलीप टोप्पो की चुनाव में इंट्री से हाट सीट बना लोहरदगा विस सीट

**हुसैन अंसारी। लोहरदगा**

जिले के पूर्व उपायुक्त कांग्रेसी नेता दिलीप कुमार टोप्पो के लोहरदगा विधानसभा चुनाव में उतरने से लोहरदगा विधानसभा हाट सीट बनने के क्यास लगाया जा रहा है. चुनावी पंडितों के मुताबिक दिलीप कुमार टोप्पो लोहरदगा जिला में डीसी के पद पर रहते हुए बड़े-बड़े योजनाओं को धरातल पर उतारकर जनता को सीधा लाभ पहुंचाया था.जिसका विधानसभा चुनाव में उन्हें लाभ मिल सकता है.

लोहरदगा के राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त सह



कांग्रेसी नेता दिलीप कुमार टोप्पो.

कांग्रेसी नेता दिलीप कुमार टोप्पो का नाम विधानसभा चुनाव में जनता के बीच आने से यह क्यास लगाया जा रहा है कि इनके द्वारा किए गए विकास कार्यों का लाभ उठा चुके जनता का स्नेह प्यार निश्चित रूप से मिलेगा. लोगों का मानना है कि लोहरदगा जिला में बिताए कार्यकाल के दौरान नया कलेक्ट्रेट बिल्डिंग, अनुमंडल कार्यालय भवन, आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को बरकरार रखने हेतु किस्को मोड़ पर देशवाली स्थल, सदर अस्पताल भवन का निर्माण कार्य हेतु भूमि मुहैया कराने, किस्को प्रखंड मुख्यालय पर महिलाओं को बेरोजगारी से बाहर निकालकर रोजगार उपलब्ध कराते हुए सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का स्थापना कराया जाना, किस्को के तिसिया में क्षेत्र के गरीब असहाय परिवार वालों को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ब्रिकेटिंग प्लांट का निर्माण कार्य कराया जाना, पेशरार प्रखंड की महिला दीदीयों को आर्थिक स्वावलंबन हेतु सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र का स्थापना कराया जाना और कैरो प्रखंड में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भवन का निर्माण कार्य कराए जाने, पेशरार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तुईमू और हेसाग पंचायत क्षेत्र के किसानों को नाशपाती की खेती हेतु मनरेगा योजना अंतर्गत बड़े पैमाने पर नाशपाती खेती को बढ़ावा दिलाने समेत ऐसे अनेकों कल्याणकारी योजनाएं जो सीधे तौर पर जनहित में कारगर सिद्ध हुई है.

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो कुड़ू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टीको में स्थित शहीद हलधर गिरिधर स्थल के विकास हेतु आजादी के बाद से लोहरदगा लोकसभा और विधानसभा सीट पर चुनाव जीतकर प्रतिनिधित्व कर चुके विधायक और सांसद और जिले में अपनी सेवा दे चुके कितने उपायुक्त आए लेकिन उक्त शहीद स्थल का विकास दिलीप कुमार टोप्पो के पहले किसी ने नहीं किया था, जिसे इन्होंने कर दिखाया जो और भी सराहनीय एवं प्रशंसनीय कार्य किया गया है जिसका भी लाभ दिलीप कुमार टोप्पो को आगामी विधानसभा चुनाव में मिलने के आसार दिखाई दे रहा है.

15 करोड़ की लागत से बनेंगी गढ़वा की छह प्रमुख सड़कें, मिली स्वीकृति

## कोई काम नहीं रहेगा अधूरा ये वादा है मेराः मिथिलेश ठाकुर

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से करीब 14 किमी लंबी छह प्रमुख सड़कों का निर्माण किया जाएगा. ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इनमें गढ़वा प्रखंड में एक, रंका में तीन, रमकंडा में एक तथा चिनियां प्रखंड में एक सड़क का निर्माण कार्य शामिल है. इसकी शीघ्र ही निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा.

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र कितासोती कला में टेगारी टांड़ टोला से तेनवर खेल मैदान तक भाया कितासोती बाजार चौक पथ 3 करोड़ 72 लाख 46 हजार 300 रुपये की लागत से 3.45 किमी, रंका प्रखंड में रंका-सेवाडीह मुख्य पथ से रंका खूर्द होते हुए चिनियां मुख्य पथ तक 2 करोड़ 6 लाख 43 हजार 900 रुपये की लागत से 1.86 किमी, सेवाडीह मुख्य पथ से उरांव टोला होते हुए मझिगावां तक 4 करोड़ 68 लाख 86 हजार 300 रुपये की लागत से 4.3 किमी, ग्राम पिंडरा में दिनेश सिंह के घर से आंगनबाड़ी होते हुए मुख्य पथ तक 1 करोड़ 11 लाख 56 हजार 500 रुपये की लागत से 1.1 किमी,



रमकंडा प्रखंड में रमकंडा-रक्सी मुख्य पथ विनय सिंह के घर से नन्हक साव के घर होते हुए रमकंडा-भंडरिया पीडब्लयूडी पथ तक 1 करोड़ 32 लाख 25 हजार 800 रुपये की लागत से 1.4 किमी तथा चिनियां प्रखंड में रंका-चिनियां-कदवा पीडब्लयूडी पथ बॉस मोड़ से चौधरी टोला एवं भुईयां टोला तक 1 करोड़ 60 लाख 52 हजार 600 रुपये की लागत से 1.5 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ये सड़कें अतिमहत्वपूर्ण हैं. इन सड़कों के निर्माण से दो दर्जन से अधिक गावों के ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी.

उन्होंने कहा कि गढ़वा में कोई भी काम अधूरा नहीं रहेगा. यह मेरा वादा है. क्षेत्र वासियों से किये गये सारे वादे को एक-एक कर पूरा कर रहा हूं. मंत्री ने कहा कि जिस उम्मीद एवं विश्वास के साथ गढ़वा की जनता ने सेवा का मौका दिया है उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं.

उन्होंने कहा कि इन सड़कों की स्थिति काफी जर्जर थी. क्षेत्र के ग्रामीण काफी लंबे समय से इन सड़कों के निर्माण की मांग कर रहे थे. क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से निर्माण कार्य कराने का वादा किया था. वह वादा आज पूरा हो गया है. मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में हो रहे प्रत्येक विकास कार्यां में विकास विरोधी लोग लगातार टांग अड़ा रहे हैं. परंतु जनता के मनोबल के सामने उनके मंसुबे कभी कामयाब नहीं होंगे. उन्होंने कहा कि गढ़वा में हो रहे चहुंमुखी विकास से विरोधियों की निंद उड़ गई है. बेचैनी में लोग जनता को गुमराह करने का भी प्रयास कर रहे हैं. परंतु जनता सब कुछ अच्छी तरह से देख और समझ रही है. समय आने पर वैसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देगी.

### सोलर हाई मास्ट लाइट से जगमग होगा गढ़वा

**गढ़वा।** जिले में विभिन्न स्थानों पर 50 सोलर हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा. गढ़वा अब अंधकार में नहीं डूबेगा. झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इस संबंध में डीसी शेखर जमुआर ने ज्रेडा के परियोजना निदेशक को सूची भेज दी है. प्रथम चरण 31 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाईट सिस्टम अधिष्ठापित किया जाएगा.गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा में झारखंड सरकार की एजेंसी ज्रेडा के माध्यम से 50 स्थानों पर सोलर हाई मास्ट लाइट लगाया जाएगा. यह सोलर हाई मास्ट उच्च गुणवता का होगा.इसमें 200 वाट का सोलर, 120 एएच का बैटरी तथा 60 वाट का प्रत्येक लाइट होगा. पोल की उंचाई 5 मीटर होगी. प्रत्येक सोलर में चार लाइट 240 वाट का होगा. मंत्री ने कहा कि रात्रि में कुछ देकर के लिए बिजली चले जाने के बाद भी पूरा गढ़वा हमेशा रौशनी से जगमग बना रहेगा.उन्होंने कहा कि गढ़वा का कोई भी क्षेत्र विकास कार्यां से वंचित नहीं रहेगा.गढ़वा को अंधकार से मुक्ति मिलेगी। सोलर हाई मास्ट लाईट से पूरा गढ़वा जगमग होगा. मंत्री ने बताया कि आवश्यकता वाले स्थानों का चयन कर लिया गया है.प्रथम चरण में गढ़वा में नया समाहरणालय के दोनों तरफ तथा दो अंदर में, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क के दो तरफ, गढ़वा बस स्टैंड में सामुदायिक शौचालय के समीप, बस स्टैंड के प्रवेश द्वार के समीप, सोनपुरवा रामबांध तालाब के समीप, सोनपुरवा टांडी पर बीएनटी चौक के समीप, डीडीसी के आवासीय परिसर में, डीसी के आवासीय परिसर में लगाया जायेगा.

### डीसी ने किया 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम का उद्घाटन

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत कस्तुरबा आवासीय बालिका विद्यालय में उपायुक्त शशिरंजन,डीएफओ सत्यम कुमार एवं डीडीसी शब्बीर अहमद ने फीता काट कर ''सपनों की उड़ान''कार्यक्रम का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया. स्वागत भाषण डीईओ दुर्गानंद झा एवं धन्यवाद ज्ञापन डीएसई संदीप कुमार ने किया जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया. इस कार्यक्रम के तहत जिला के सभी प्रखंडों के कस्तुरबा से चयनित ग्यारहवीं कक्षा की 75 छात्राओं को इंजीनियरिंग प्रतियोगिता की निःशुल्क तैयारी करायी जायेगी.इस मौके पर प्रफुल्लित छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए ''सपनों की उड़ान'' कार्यक्रम के जनक उपायुक्त पलामू श्री रंजन ने कहा कि आप लोग अनुशासन के साथ कठिन परिश्रम के लिए तैयार हो जाइए,याद रहे कि कुंदन बनने के लिए परिश्रम की आग में तपना पड़ता है.सपनों की उड़ान का लाभ उठाकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही सुचिता सुरीन,पुष्पा कंडुलना,हिलना हस्सा व दीपा पूर्ति ने तैयारी के अनुभवों को साझा किया. इस अवसर पर एडीपीओ उदय सिंह व सदर बीपीओ राजीव रंजन सिंह मौजूद थे.

### पुलिसकर्मी पर हमला करने का आरोपी धराया

**भंडरा/लोहरदगा।** बीते दिनों जिले के भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह सहित उनके साथ एक अन्य पुलिसकर्मी पर हमला करने का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया. इस संदर्भ में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि उक्त घटना में संलिप्त अन्य अपराधियों की धर पकड़ की कार्रवाई जारी है.

न्यूज अपडेट ▼

### श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पावरगंज की कमेटी गठित

**लोहरदगा।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति पावरगंज मध्य विद्यालय की बैठक समिति के आजीवन संरक्षक मुनिंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में उपस्थित सदस्यों ने दुर्गा की पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ करने का निर्णय लिया. बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से नंदकिशोर साहु को अध्यक्ष, अखिल चंद्र साहु को सचिव,रमेश कुमार साहू को महामंत्री,गौरव खत्री और रोहन सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 08 सितंबर की बैठक में कमेटी का विस्तार किया जाएगा. बैठक में इस वर्ष विशाल पंडाल निर्माण, भव्य विद्युत सज्ज़ा के साथ चार दिनी भव्य भंडारे का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है. बैठक में मुनिंद्र प्रसाद, कनक कुमार, नंदकिशोर साहू, प्रकाश साहु, सुधीर साहू, राजेश साहू, जयधर कुमार, रितेश कुमार गुड्डा आदि उपस्थित थे.

### डंडई में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के करके पंचायत में सोमवार को पंचायत भवन के प्रांगण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई. कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ जागो महतो, सीओ राजकुमार प्रजापति, उपप्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, मुखिया बिंदा देवी, बीडीसी मनीष चौधरी, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की. कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित आवेदन देने और शिकायत करने पहुंचे थे. कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के लिए 6 आवेदन, अबुआ आवास योजना के लिए 845 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 8 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 102 आवेदन हर राशन कार्ड के लिए 11 आवेदन, केसीसी संबंधित 37 आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड संबंधी 80 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग से 55आवेदन आदि कई आवेदन प्राप्त हुए.

### गरीबों को उनका हक दिलाना मकसद :पवन तिग्गा

**लोहरदगा।** ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के द्वारा चल रहे अनिश्चितकालीन असहयोग आंदोलन सत्याग्रह कार्यक्रम दूसरे दिन भी जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय मैदान में जारी रहा. यहां पर नन बैंकिंग कंपनियों से पीड़ित निवेशकों जमाकर्ता का अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून बड्स एक्ट 2019 के तहत 180 दिनों में भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी गई है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के लोहरदगा जिला प्रवक्ता पवन तिग्गा ने कहा कि मजदूरी कर अपना खून पसीना बहा कर विभिन्न नन बैंकिंग कंपनियों में निवेश करने वाले जमाकर्ताओं को न्याय दिलाने हेतु आंदोलन को मांगे पूरी होने तक जारी रखा जाएगा. मौके पर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, सुकरू उरांव, किशोर कुमार, लच्छू उरांव, बिरसा उरांव, बीरेंद्र उरांव, शशिनंदन भगत, मंगलेश्वर उरांव, मंजू पाहन आदि शामिल थे.

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जांच शिविर में 60 की जांच

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, महावीर विकलांग सहायता समिति एवं स्व. प्रेम कुमार पोद्दार स्मृति प्रकल्प के संयुक्त तत्वावधान में शहर के बालिका मध्य विद्यालय में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में कुल 60 मरीजों की जांच की गई. साथ ही 10 विकलांग मरीजों को बैशाखी, 5 दिव्यांग मरीजों को कृत्रिम पैर और जूता प्रदान किया गया. बाकी 45 मरीजों को कृत्रिम अंग तैयार होने पर वितरण किया जाएगा. जानकारी देते हुए अमित कश्यप और डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन हर्ष अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा लगातार सातवे वर्ष इस कैंप आयोजन किया गया. मौके पर क्लब के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, अध्यक्ष उमा कांत पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, विजय सोनी, रवि अग्रवाल, आंनद कुमार, नीरज कुमार, जयशंकर ब्रेजियर, उमेश अग्रवाल, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, अमित केशरी, राजेश अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, विनीता आंनद, अनूप कुमार, तेजश्व अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि शामिल थे.

### भवनाथपुर में दर्जनभर लोग डायरिया से पीड़ित

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत के रोहीणीया के भूईया टोली में दर्जन भर लोग डायरिया से पीड़ित हो गए. सभी लोगों का इलाज उनके घरों में ही किया जा रहा है. टोले में डायरिया फैले होने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया और टीम ने इलाके में जाकर प्रभावित टोले का जायजा लिया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि रोहिणीयां के भूईयां टोला में कई लोग डायरिया से ग्रसित हो चुके हैं. सूचना मिलते ही एक टीम प्रभावित टोले में भेजी गई.

टीम में शामिल सीएचओ महावीर रूपाल, सीएचओ अभिनाश कुमार, एम पी डब्लू विद्यानंद प्रजापति, बीटीटी धर्मजीत पासवान, ब्रजमोहन राम, सहिया आशा देवी सहित अन्य को मौके पर भेजा गया.

## जिले की छह पंचायतों और नप के वार्डो में लगा शिविर



लाभान्वित होते ग्रामीण.

**संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार को शिविर का तीसरा दिन रहा. जिसमें कुल छह पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में शिविर आयोजित हुए. शिविर में सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, सामुदायिक वन पट्टा, व्यक्तिगत वन पट्टा के भी आवेदन प्राप्त किये जाएंगे. शिविर में जाति प्रमाण-पत्र, साइकिल क्रय हेतु राशि का चेक, धोती, साड़ी, लुंगी, राजस्व अभिलेखों में संशोधन से संबंधित प्रमाण-पत्र वितरण किये जा रहे हैं. इधर सोमवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर का आयोजन को सेन्हा प्रखण्ड के तोड़ार पंचायत स्थित सेरेंगहातू ईंट भट्ठा के समीप मैदान, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में हेसल पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसल, किस्को प्रखण्ड अंतर्गत बगडू पंचायत के खेल मैदान बगडू जामुन टोली, भण्डरा प्रखण्ड के भण्डरा पंचायत स्थित बाजार टांड़, पेशरार प्रखण्ड में तुईमु पंचायत के मन्हेपाट और कुड़ू प्रखण्ड के बड़की चांपी पंचायत के कुंदगढ़ा विद्यालय मैदान में आयोजित किया गया. उल्लेखनीय है कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 07 एवं 08 के लिए शिविर मैना बगीचा में लगाया गया.

गांव वालों को नहीं मिल पा रही है बिजली का समुचित लाभ

## विभाग के लापरवाही से आराहांसा के लोग दो सालों से अंधेरे में रह रहे

- कब होगा गांव में बिजली बहाल आस लगाए बैठे लोग

**संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बदला पंचायत के छापर टोली आराहांसा रोड किनारे लगभग 2 साल से बिजली खूंटा से तार गिर जाने के कारण मिस्त्री द्वारा उसे पेड़ में लपेटकर छोड़ दिया गया है. जिससे हर वक्त खतरा बना रहता है. ग्रामीणों ने इस संबंध में बताया कि विगत 2 वर्षों से इसी तरह की स्थिति बनी हुई है. बार-बार इस क्षेत्र के मिस्त्री एवं बिजली विभाग को इस संबंध में सूचना दी जा चुकी है. परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. गांव वालों का कहना है कि तार को ऐसे ही पेड़ में लपेटकर छोड़ देने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस संबंध में जब भी इस क्षेत्र के बिजली मिस्त्री से बात की जाती है तो तार



आराहांसा रोड किनारे पेड़ पर लटकाया गया बिजली तार को दिखाते ग्रामीण.

को खूंटा में जोड़ने के लिए भारी भरकम पैसे की मांग करते हैं. ग्रामीणों ने कहा कि इस क्षेत्र में रहने वाले लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं और बिजली से सिंचाई नहीं कर पाने के कारण उनका फसल बर्बाद हो रहा है. साथ ही सबसे ज्यादा इससे प्रभावित विद्यार्थियों को होना पड़ रहा है. समय-समय पर विभिन्न परीक्षाएं होते रहता है जिसकी तैयारियां करना पड़ता है, लेकिन बिजली व्यवस्था चरमरा जाने से विद्यार्थियों को तैयारी करने में काफी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है. गांव वालों का कहना है कि अगर इस संबंध में जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो गांव के लोग विवश होकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग का घेराव करेंगे.

**एसडीओ अजू कच्छप ने कहा की जाएगी यथाशीघ्र बहाल :** मामले को लेकर बिजली विभाग के सहायक अभियंता अजू कच्छप से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच पड़ताल कर यथाशीघ्र आराहांसा गांव में बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल किया जाएगा.

## अबुआ आवास में अनियमितता पाए जाने पर होगी कार्रवाई : डीसी



**संवाददाता। गढ़वा**

डीसी शेखर जमुआर ने जिले के रमना प्रखंड के ग्राम पंचायत टंडवा के मुखिया संतोष कुमार सिंह की वित्तीय शक्ति को तत्काल प्रभाव से जप्त कर लिया है. साथ ही टंडवा के पंचायत सचिव मो. हुसैन अंसारी को निलंबित किया है. मुखिया श्री सिंह के स्थान पर अगले आदेश तक संबंधित पंचायत के उप मुखिया को वित्तीय शक्ति प्रदत करने का आदेश दिया. इनलोगों के विरूद्ध अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों को अयोग्य एवं अयोग्य लाभुकों को योग्य बताकर लाभ देने का आरोप है.

डीसी श्री जमुआर ने बताया कि मुखिया एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास योजना के पीडब्लूएल सत्यापन क्रम में प्राथमिकता सूची को नजरअंदाज करते हुए योग्य लाभुकों को छोड़कर अयोग्य लाभुकों को योग्य बताकर उनका चयन करने संबंधी शिकायत की जाँच कराते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया. मुखिया एवं पंचायत सचिव का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं रहने तथा रमना प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में दोनों लोग को दोषी पाया गया जिस कारण कार्रवाई की गयी है. मुखिया को पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 30,64,142 एवं पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग का आदेश संख्या 26 दिनांक 15.12.2019 के कंडिका III के अनुसार टंडवा पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह की वित्तीय शक्ति को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया. वहीं उनके स्थान पर अगले आदेश तक उक्त पंचायत के उप मुखिया को वित्तीय शक्ति प्रदत करने का आदेश दिया.

**प्रतियोगिता** गांव-गांव टोला टोला फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ भव्य समापन

## फ्रेंडशिप क्लब बनी चैम्पियन, दूसरे स्थान पर एम ब्रदर्स

**संवाददाता। किस्को/लोहरदगा**

जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के कोचा बरनाग गांव में स्थित फुटबॉल मैदान पर तीन दिवसीय गांव-गांव टोला टोला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका भव्य तरीके से फाइनल सह समापन किया गया. इधर समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी सेल कांग्रेस कमेटी के लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनोज भगत ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि फीफा नियमों को अनुपालन कर खेलने से कामयाबी अवश्य मिलेगी. उन्होंने कहा राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा



विजेता टीम को खस्सी देकर पुरस्कृत करते अतिथिगण.

देने और खिलाड़ियों को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है जरूरत है खिलाड़ी खेल के गाइडलाइंस को अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि आपको आगे बढ़ने में मदद मिल सके. वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित आदिवासी कांग्रेस कमेटी के किस्को प्रखंड अध्यक्ष दयानंद लकड़ा ने कहा कि फुटबॉल खेल ही नहीं बल्कि हर प्रकार के खेल युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में अवसर प्रदान करता है. उन्होंने कहा कि खिलाड़ी निरंतर परिश्रम करें एक न एक दिन सफलता अवश्य प्राप्त होगी. इस बीच विशिष्ट अतिथि शिक्षक बीरेंद्र यादव ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपके अंदर प्रतिभा की भरमार है बस लक्ष्य निर्धारित कर खुद को पटल पर प्रस्तुत करें कामयाबी आपके हाथों में होगी. बता दें कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया. जिसमें चार टीमों को पुरस्कृत कर हौसला अफजाई किया गया.चैम्पियन बनी फ्रेंडशिप क्लब व उप विजेता एम ब्रदर्स के अलावा अन्य दो टीमों को की गई पुरस्कृत.किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोचा बरनाग में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में विजेता बनी फ्रेंडशिप क्लब किस्को और उप विजेता एम ब्रदर्स एवं तीसरे स्थान पर रही नरौली व चौथे नंबर पर जगह बनाने में कामयाब हुआ बारा बाबा टीम को अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से एक-एक खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया. मौके पर लच्छू उरांव, विनोद उरांव, जयंत महिमा कंडूलना, संदीप खाखा, तबारक हुसैन अंसारी, संरक्षक अशोक कुजूर, अध्यक्ष दुर्गा पाहन, सूरज माझी, राहुल कुमार, अमित टोप्पो, किशोर उरांव आदि शामिल थे.

## देसी कट्टा के साथ दो सड़क लुटेरे गिरफ्तार

**संवाददाता। गढ़वा**

पुलिस ने छापामारी कर दो सड़क लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरों के पास से दो देसी कट्टा तथा एक बगैर नंबर का मोटरसाइकिल भी बरामद की है. गत 23 अगस्त को रमकंडा थाना क्षेत्र के खरियानी पुल के समीप हथियार के बल पर चेतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मी से दिनदहाड़े हुए लुट कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर ली है. गिरफ्तार अपराधियों में पलामू जिले के नावा बाजार थाना क्षेत्र के कुंभी खुर्द निवासी सुनील चौधरी उर्फ धनंजय चौधरी उर्फ ढुलू चौधरी तथा पड़ोसी राज्य बिहार के गया जिले के बाराचटी थाना क्षेत्र का लोहड़ी निवासी बबलू चौधरी का नाम शामिल है. एसपी



दीपक पांडेय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी.

एसपी ने बताया कि गत 23 अगस्त को रमकंडा थाना क्षेत्र के करियानी पुल के समीप माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था. उक्त लूट कांड का उद्भेदन करने के लिए एसआईटी गठित की गई थी. एसआईटी ने लगातार छापामारी कर इस मामले में संलिप्त तीन में से दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इनके पास से दो देसी कट्टा एवं आठ कारतूस, एक मोटरसाइकिल, फाइनेंस कर्मी का लूटा हुआ बैग तथा 7490 रुपए नगद राशि बरामद किया गया है. एसपी ने बताया कि तीसरे अपराधी को भी चिन्हित कर लिया गया है. उसकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापामारी की जा रही है.

## ऐसे में कैसे पुलिस और पब्लिक के बीच संबंध होगा मधुर, फरार वारंटी की तलाश में पुलिस घुस गई पड़ोसी के घर

# आरोप : आधी रात को शोकाकुल घर में घुसी पुलिस, गाली गलौज की

**संवाददाता | हजारीबाग**

पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छे संबंध बनाने को लेकर भले ही चर्चा हो रही हो, लेकिन पुलिस की कार्यशैली पर लगातार सवाल उठ रहे हैं. दरअसल, कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा गांव में रविवार रात लगभग 11:00 बजे पुलिस एक फरार वारंटी को पकड़ने के लिए पहुंची थी, लेकिन पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार हो गया. इसके बाद पुलिस शक के आधार पर पड़ोस के घर में छापा मारने के लिए पहुंची, और दरवाजा खुलवाया गया लेकिन आरोपी वहां भी नहीं मिला. इसके बाद पुलिस ने एक अन्य घर पर दस्तक दी और दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई. इस घर में शनिवार देर शाम बिजली के करंट लगने से घर के मुखिया की मौत हुई थी और एक महिला जख्मी हुई थी. मृतक को मिट्टी रविवार को दी गई गयी थी और घर में मातम पसरा हुआ था. ऐसे में रात 11:00 बजे पुलिस के दरवाजा खुलवा कर घर में घुसने और महिलाओं से कथित गाली गलौज करने की घटना पर चौतरफा सवाल उठ रहे हैं.

इस संबंध में सोमवार को पंचायत के मुखिया, पूर्व उप मुखिया कमरुद्दीन जमा, पंचायत समिति के सदस्य प्रदीप मिश्रा, दानिश सहित



कटकमसांडी प्रखंड के खुटरा गांव में शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे पहुंचे लोग.

सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि शनिवार देर शाम को उक्त शोकाकुल घर में जब सभी लोग सो रहे थे उस वक्त पुलिस ने गाली गलौज करते हुए दरवाजा तोड़ दिया और घर में प्रवेश करके गाली गलौज करने लगी, जबकि उसके घर के किसी सदस्य पर न किसी तरह का मुकदमा है और न ही कोई फरार वारंटी है. इसके बावजूद पुलिस गाली गलौज करने लगी और आरोपी के भागने की बात कहने लगी.

**न तो महिला पुलिस थी और न ही थानेदार मैडम थी :** घायल मुस्तरी बेगम ने बताया कि करंट लगने से उसके दोनों पांव जल गये थे. वे उठ नहीं पा रही है. पुलिस दरवाजा तोड़कर घर में घुस गई. इस दौरान उसके जख्म पर दोबारा चोट लग गई. सवाल पूछे जाने पर पुलिस गाली गलौज एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी. इस दौरान न तो महिला पुलिस थी और न ही थानेदार मैडम. यह कैसी पुलिस है जो किसी के घर में रात में जाकर गाली गलौज करती है. पुलिस ही इस तरह की हरकत करेगी तो फिर किस पर भरोसा करें. ग्रामीणों का कहना है कि इस मामले को लेकर एसपी, डीआईजी और कमिश्नर को भी आवेदन दिया जाएगा. अगर थानेदार पर कार्रवाई नहीं हुई तो धरना दिया जाएगा.

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

पेलावल थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस फरार वारंटी को पकड़ने के लिए रात को गई थी, लेकिन वह अपने घर से पड़ोसी के घर में घुस रहा था. पुलिस को यह पता नहीं था कि इस घर में मातम पसरा हुआ है. परिजन द्वारा दरवाजा खोला गया और जानकारी ली गई, लेकिन वहां से भी वह फरार वारंटी भाग चुका था. पुलिस पर अगर ग्रामीण आरोप लगा रहे हैं तो यह आप बेबुनियाद है.

# समाज के हर वर्ग के सुझाव पर बनेगा भाजपा का घोषणापत्र

- झामुमो-कांग्रेस की सरकार की मायाजाल से सतर्क रहे जनता : मनीष जायसवाल



**संवाददाता | रामगढ़**

झारखंड के चुनावी समर में भाजपा ने जेएमएम और कांग्रेस की सरकार को महाठग करार दिया है. सोमवार को रामगढ़ में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और कहा कि झारखंड की जनता को ऐसी ठग सरकार के मायाजाल से सतर्क रहने की आवश्यकता है. इस सरकार ने पहले भी लोगों को ठगा है. आगे भी ठगने के लिए जाल बिछा दिया है. उन्होंने कहा कि अभी विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए मंईयां सम्मान योजना लाया गया है. सारी योजनाओं के फंड को रोक कर महिलाओं को अभी एक महीने का 1000 भेजा जा रहा है. हो सकता है अगले महीने भी यह 1000 महिलाओं को मिले. लेकिन यह योजना सिर्फ चुनावी है, क्योंकि झारखंड सरकार के पास इस योजना को चलाने के लिए कोई फंड नहीं है.

**रोजगार के नाम पर जनता को झामुमो सरकार ने बनाया बेवकूफ :** सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस सरकार ने पहले भी जनता को रोजगार देने के नाम पर बेवकूफ बनाया था. लेकिन ना तो 5 वर्षों में 25 लाख लोगों को रोजगार मिला और ना ही बेरोजगारी भत्ता युवाओं को मिला. यहां तक की घर चलाने के लिए महिलाओं को 2000 प्रति माह देने, एक परिवार को हर वर्ष 72000 देने की घोषणा भी रसातल में चली गई. बेरोजगारी भत्ता 5000 प्रति माह देने का प्रावधान बजट में तो किया गया, लेकिन उसे बाद में वापस कर लिया गया. अब झामुमो और कांग्रेस की सरकार जनता को हर साल 1 लाख देने का वादा कर रही है. लेकिन जो सरकार 72000 नहीं दे पाई, वह एक लाख कहां से देगी.

### राजस्व के मामले में सरकार हो गई जीरो

सांसद ने कहा कि हेमंत सरकार की वित्तीय स्थिति काफी बुरी है. बालू और पत्थर के ऑक्शन से मिलने वाली रॉयल्टी जीरो हो चुकी है. पत्थर का ब्लॉक ऐसे तैयार किया गया कि उसका ऑक्शन ही नहीं हो पाया. इसके अलावा रिवेन्यू कैसे सरकार के पास आए इसकी कोई व्यवस्था नहीं है. इसके बारे में सरकार कहीं भी बात नहीं करती. सांसद ने भाजपा की चुनावी नीति भी स्पष्ट की. उन्होंने बताया कि आज झारखंड को किस चीज की आवश्यकता है, वह यहां की जनता ही बता सकती है. यही वजह है कि चुनावी घोषणा पत्र तैयार करने से पहले आम जनता से सुझाव मांगा जा रहा है. व्यापारी, किसान, मजदूर, सरकारी सेवक, खिलाड़ी सभी लोग अपने-अपने सुझाव भाजपा कार्यालय में उपलब्ध कराएं. यहां के नेता और शीर्ष नेतृत्व भी विचार कर घोषणा पत्र तैयार करेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### हेड कांस्टेबल से हजारों की ऑनलाइन ठगी हुई

**हजारीबाग |** बीएसएफ मेरु कैंप के हेड कांस्टेबल से 95 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी होने का मामला सामने आया है. इस संबंध में साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है. थाना को दिये आवेदन के अनुसार, बीएसएफ कैंप के हेड कांस्टेबल कावेडकर सुरेश कुमार पापू का एटीएम कार्ड एक्टिवेट करने के नाम पर ठगी गयी है. बताया है कि गत 18 अगस्त को साइबर ठगों ने हेड कांस्टेबल के मोबाइल फोन पर कॉल किया. फोन करने वाले ने उनसे कहा कि आपका एटीएम कार्ड बंद कर दिया गया है.एटीएम कार्ड को एक्टिवेट करने के लिए एटीएम कार्ड नंबर और पासवर्ड बतायें. हेड कांस्टेबल उसके झांसे में आ गया और साइबर ठग को पूरी जानकारी दी. इसके बाद कई किस्त में हेड कांस्टेबल के बैंक खाते से 95 हजार रुपये की निकासी कर ली.

### अमोली, बहेरा के बच्चों को मिलेगा पौष्टिक आहार

**चौपारण |** प्रखंड के आई हॉस्पिटल बहेरा के समीप नव भारत जागृति केंद्र बहेरा द्वारा संचालित अमोली अपूर्वा मध्य विद्यालय ( 1 से 8 तक) के बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक आहार से युक्त सुबह में नाश्ता और दोपहर में स्वादिष्ट भोजन मिलेगा. इस बात की जानकारी एनबीजेके के बिरेंद्र सिन्हा ने देते हुए बताया कि फीडिंग इंडिया ए जोमैटो गिवबैक के सौजन्य से विद्यालय के सभी बच्चों को प्रतिदिन रविवार को छोड़कर विद्यालय के 235 बच्चों को सुबह में नाश्ता और दोपहर में भोजन बिल्कुल निःशुल्क मिलेगा, जिसकी शुरुआत सोमवार से की गई. सुबह 9 बजे नाश्ते में अंकुरित चना / मूंग और 100 ग्राम दूध, दोपहर में चावल दाल और हरी सब्जी मीनू के अनुसार दिया जाएगा.

### बच्चों के लिए सोलर स्टडी लैंप वितरण अभियान शुरू

**केरेडारी |** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए स्कूल के बच्चों के लिए सोलर स्टडी लैंप वितरण अभियान की शुरुआत की है. इस अभियान के तहत परियोजना से प्रभावित क्षेत्रों के छात्रों को कुल 2700 सोलर स्टडी लैंप वितरित किए जाएंगे. इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों के अध्ययन में आने वाली रुकावटों को दूर करना और उनके अध्ययन के प्रति एकाग्रता को बढ़ाना है ताकि वे अपने लक्ष्य और भविष्य के सपनों को पूरा कर सकें. परियोजना प्रमुख श्री शिव प्रसाद ने छात्रों को संबोधित करते हुए उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया. उन्होंने शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और कहा कि शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास का साधन है, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी इसका विशेष योगदान है.

## उत्पाद सिपाही बहाली में व्याप्त कुव्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने बयां किया दर्द

# परीक्षा केंद्र पर पीने को पानी तक नहीं

**खास बातें**

- दोगुनी रेट में मिल रहा खाने-पीने का सामान
- खुले में शौच के लिए मजबूर हो रहीं महिला अभ्यर्थी

**संवाददाता | हजारीबाग**

उत्पाद विभाग में सिपाही के पद पर बहाली के लिए जिले के पदमा ट्रेनिंग सेंटर में युवक-युवतियां दौड़ लगा रहे हैं. शारीरिक परीक्षा में लड़कियां पांच किलोमीटर और लड़के 10 किलोमीटर दौड़ रहे हैं. नौकरी पाने की चाह में हर अभ्यर्थी ने जी-जान लगा दी है, लेकिन सरकार की ओर से जो व्यवस्था होनी चाहिए वो नहीं हो पा रही है. हालांकि इस बारे में अभ्यर्थी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हो रहे हैं, लेकिन दूर-दराज से उन्हें लेकर आए उनके माता-पिता हालात देखकर रो रहे हैं.

ट्रेनिंग सेंटर में इन दिनों युवाओं की भीड़ लगी हुई है. इनके साथ इनके माता-पिता भी पहुंच रहे हैं. खासकर लड़कियां अपने माता-पिता, दादा-दादी, रिश्तेदारों के साथ पहुंची हैं. अभ्यर्थियों के परिजनों की मानें तो सरकार की ओर से परीक्षा केंद्र में किसी तरह की व्यवस्था नहीं की गई है. उन्होंने बताया कि केंद्र पर पीने के पानी की भी व्यवस्था नहीं है. अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है.



उत्पाद विभाग में सिपाही के पद पर बहाली के लिए आए अभ्यर्थी सड़क पर ही आराम करने को मजबूर हो रहे हैं.

इससे सबसे ज्यादा परेशानी और महिला अभ्यर्थियों और उनके साथ आई महिलाओं को उठानी पड़ रही है. यहीं नहीं, खाने-पीने का सामान दोगुने रेट में मिल रहा है. वहीं सड़क किनारे बैठकर सुबह होने का इंतजार करना पड़ रहा है.

**दूर-दराज से आए लोग पानी को तरस रहे :** हालात ऐसे हैं कि लोगों को पानी के लिए भी तरसना पड़ रहा है. लोग किसी तरह बोतलबंद पानी पीने को मजबूर हैं. अभिभावकों का कहना है कि उन्हें रात तीन बजे से ही पदमा गेट से करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है. बच्चों को रात में ही लाइन में खड़ा कर दिया जाता है. अंदर खाने की कोई व्यवस्था नहीं है. सरकार को यह छूट देनी चाहिए थी कि बच्चे अंदर चना या सत्तू खा सकते हैं, लेकिन उन्हें वह भी नहीं लेने दिया जा रहा है. इस संबंध में सविता कुमारी, सुरेशराम, रामचंद्र, विवेक ने बताया कि पदमा ट्रेनिंग सेंटर बहाली में दौड़ने के लिए आए हैं, लेकिन यहां खाने पीने का सामान का स्थानीय दुकानदार मनमाने रेट वसूल रहे हैं. हम लोग सिर्फ किराया का पैसा लेकर आए थे, लेकिन यहां पीने के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है. अगर सरकार अपनी ओर से पानी और शौचालय जैसी बुनियादी चीजों की व्यवस्था कर देती तो बहुत सहूलियत होती. यहां पर जो भी व्यवस्था बनाई गई है वह खास लोगों के लिए है, न कि आम अभ्यर्थियों के लिए. उन्हें बाहर से ही सब कुछ लेना पड़ रहा है.

**583 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया :** आपको बता दें कि झारखंड सरकार उत्पाद सिपाही के 583 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चला रही है. उत्पाद सिपाही के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं पास है, लेकिन इस नौकरी के लिए मास्टर डिग्रीधारी भी आवेदन कर रहे हैं. सरकारी नौकरी का क्रेज ऐसा है कि लोग अपनी सेहत की चिंता किए बिना दौड़ में शामिल हो रहे हैं. अब तक पूरे राज्य में 11 अभ्यर्थियों की मौत की पुष्टि हुई है.

**इससे पहले 2016 में नियुक्तियां हुई थीं :** गौरतलब है कि इससे पहले उत्पाद विभाग में वर्ष 2016 में नियुक्तियां हुई थीं. लेकिन वह नियुक्तियां सहायक अवर निरीक्षक और अवर निरीक्षक के पदों पर हुई थीं. तब से इस विभाग में किसी भी तरह की कोई वैकेंसी नहीं आई है. उत्पाद सिपाही के लिए आखिरी वैकेंसी संयुक्त बिहार में वर्ष 1980 में आई थी. वर्तमान में राज्य में उत्पाद सिपाही के कुल 622 पद सृजित हैं, जिसमें से 589 पद रिक्त हैं. वहीं सहायक अवर निरीक्षक के 105 में से 86 और अवर निरीक्षक के 125 में से 78 पद रिक्त हैं.

### बारिश हो जाए तो सिर छुपाने की जगह नहीं

75 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपनी पोती को परीक्षा दिलाने के लिए लेकर आई हैं. उन्हें उम्मीद है कि उनकी पोती परीक्षा पास कर जाएगी और घर में खुशहाली आएगी. वृद्ध महिला का यह भी कहना है कि वे लोग रात एक बजे से सड़क किनारे बैठे हैं. पोती दौड़ में भाग लेने के लिए अंदर गई है. उनका कहना है कि यहां न तो रहने की व्यवस्था है और न ही खाने की. उन्हें मजबूरन खुले में शौच जाना पड़ रहा है. धनबाद के बाघमारा से आए अजय कुमार, वीरेंद्र कुमार, गिरिडीह से सरोज कुमारी, मुकेश कुमार का भी कहना है कि स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. नौकरी की उम्मीद में पदमा अपनी बेटी को लेकर रात एक बजे पहुंची. वे खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं. बारिश हो जाए तो सिर छुपाने की जगह नहीं है. सरकार अगर परीक्षा ले रही है तो इन सब बातों का ध्यान रखना चाहिए था.

# इंस्पायर 'मानक' अवार्ड के लिए चयनित हुआ रामगढ़ का तेजस

**संवाददाता | रामगढ़**

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत इंस्पायर 'मानक' अवार्ड के लिए रामगढ़ श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्र कुमार तेजस का चयन हुआ है. तेजस की इस उपलब्धि से न सिर्फ विद्यालय का, बल्कि पूरे रामगढ़ जिले का नाम रोशन हुआ है. तेजस के द्वारा किए गए इन्वेंशन से हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद मिलेगी. कुमार तेजस कक्षा 11वीं के विज्ञान के छात्र हैं. तेजस के द्वारा बनाया गया रि-साइकलिंग ऑफ सीएफसी मॉडल है जिसका उपयोग रेफ्रिजरेटर और एडवांस कलर में कोडिंग की मदद करता है. जैसा कि हम सब जानते हैं कि क्लोरोफॉर्म कार्बन हमारे



पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक होता है. इसकी वजह से ओजोन लेयर में रिक्ति करण हो रहा है. इसकी वजह से स्किन कैंसर जैसे ना जाने कितनी बीमारियां हो रही है. हमारे वातावरण को संरक्षित करने के लिए क्लोरोफॉर्म कार्बन का पुनर्चक्रण और संरक्षण करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है. तेजस ने जो इन्वेंशन किया उसे भारत के वैज्ञानिकों ने भी सराहा है.

# प्रमंडलीय आयुक्त ने कर्मियों की परीक्षा का किया औचक निरीक्षण



परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण करतीं प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा.

- परीक्षा केंद्रों के सभी कमरों में जाकर दिए दिशा निर्देश

**संवाददाता | हजारीबाग**

केंद्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद झारखंड, रांची के तत्वावधान में राजपत्रित पदाधिकारियों की द्वितीय अर्धवार्षिक विभागीय परीक्षा 2023, राजपत्रित व अराजपत्रित कर्मचारियों की द्वितीय अर्धवार्षिक जनजातीय भाषा की परीक्षा 2023 एवं राजपत्रित पदाधिकारी की प्रथम अर्धवार्षिक परीक्षा 2024 तथा राजपत्रित और अराजपत्रित कर्मचारियों के प्रथम अर्धवार्षिक जनजातीय भाषा परीक्षा 2024 का उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरिन किस्पोट्टा ने निरीक्षण किया. इस दौरान आयुक्त ने परीक्षा केंद्रों के सभी कमरों का निरीक्षण कर निर्देश दिया. किस्पोट्टा ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर तुरंत अनुशासनिक कार्रवाई संबंधित के विरुद्ध की जाएगी. उक्त परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, हजारीबाग (प्लस टू जिला स्कूल, हजारीबाग) में सोमवार को हुई. यह परीक्षा 06 सितंबर तक प्रस्तावित है. उक्त परीक्षा केंद्र में सहायक केंद्राधीक्षक-सह-आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, आयुक्त कार्यालय के अवर सचिव राकेश कुमार चौधरी, श्री रास बिहारी प्रसाद, संग पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे.

### बोस सेवा संस्थान के कार्यालय से बरामद हुए सैकड़ो अंगूठे के निशान

**रामगढ़ |** सरकारी तंत्र को चूना लगाने के लिए विभिन्न कंपनियों के लोग तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं. कोई फर्जी दस्तावेज तैयार करता है, तो कोई फर्जी अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कर देता है. लेकिन इस बार मामला आइडेंटी हैक का है. श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तहत महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही वीर सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान ने महिलाओं की आइडेंटिटी हैक कर ली. फर्जी अंगूठे के निशान लगाकर झारखंड सरकार को चूना लगाया जा रहा था. इस पूरे गोरख धंधे का खुलासा रामगढ़ एसडीओ आशीष गंगवार ने किया है. उन्होंने कुजू श्री राम चौक के पास वीर सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान के कार्यालय में छापेमारी की, जहां भारी मात्रा में अंगूठे के निशान पाए गए हैं. प्रथम दृष्ट्या उन्होंने इसे आइडेंटिटी हैक का मामला बताया है. उन्होंने बताया कि बायोमेट्रिक सिस्टम पर थंब लगाने के लिए रबड़ के अंगूठे बनाकर कंपनी के दफ्तर में रखे गए थे. यह कंपनी लोगों को रोजगारपरक तकनीक का प्रशिक्षण देती थी. यहां कई महिलाएं मौजूद थी, लेकिन अधिकारियों का जवाब संतोषजनक वह नहीं दे पाए.

## पत्रकारों की एकजुटता से समाज को मिलेगी नई दिशा : उपायुक्त

# डीसी और एसपी से मिले पत्रकार

- पत्रकारों की सुरक्षा व मान सम्मान का रखा जाएगा ख्याल : एसपी

**संवाददाता | रामगढ़**

प्रेस क्लब रामगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सोमवार को रामगढ़ उपयुक्त और एसपी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा. उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात के क्रम में पत्रकारों ने जिले में विभिन्न अखबारों में काम कर रहे पत्रकार जो वर्तमान समय में असाध्य रोग से पीड़ित है, उन्हें सरकारी सहायता प्रदान करने, पत्रकारों के राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाने, प्रेस क्लब रामगढ़ के भवन के पास खाली जमीन को क्लब के नाम करने, गोला और पुनदाग स्थित टोल प्लाजा पर पत्रकारों के वाहन को निशुल्क आवागमन करने की अनुमति देने सहित कई मांगों को रखा. इस पर उपयुक्त ने सहानुभूति पूर्वक अपनी सहमति जताते हुए कहा कि यह एक बहुत ही सराहनीय पहल होगी कि पत्रकारों के लिए कुछ कर पाऊं. उन्होंने आश्वस्त किया कि जो भी सरकारी लाभ संभव होगा पत्रकारों को दिया जाएगा. इस दौरान उपायुक्त



उपायुक्त चंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक को मांपत्र सौंपते पत्रकार.

**खास बातें**

- टोल पर पत्रकारों के वाहन को निशुल्क करने की मांग
- पत्रकारों पर फर्जी मुकदमों की जांच करने की गुहार

ने पत्रकारों को संगठन मजबूती से चलाने व समाज को एक सूत्र में बांधकर बेहतर दिशा देने की बात कही. वहीं एसपी अजय कुमार ने कहा कि जिले में कार्यरत पत्रकारों के मान सम्मान के साथ किसी तरह का खिलवाड़ ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा. साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाएगा. जिले भर में पत्रकारों के ऊपर होने वाले फर्जी मुकदमों की जांच कर निपटारा किया जाएगा. इस दौरान पर क्लब के प्रतिनिधि मंडल ने उपयुक्त चंदन कुमार व एसपी अजय कुमार को ज्ञापन सौंपा. मौके पर क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, सचिव धनेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रदीप राज उर्फ बबलू, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप कुमार सिंह, दीपक कुमार, सुरेंद्र कुमार पासवान, सौरभ नारायण सिंह आदि मौजूद थे.

### राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता वाहन को डीसी ने दिखाई झंडी

**रामगढ़ |** केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत प्रत्येक वर्ष एक से 30 सितंबर तक की अवधि को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है. इसी क्रम में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सोमवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मौके पर डीसी ने जागरूकता वाहन के माध्यम से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं, आमजनों व ग्रामीणों को राष्ट्रीय पोषण माह के उद्देश्यों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया. डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा को पोषण माह के तहत निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्देश दिया.

**पौधरोपण एवं शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन :** डीसी एवं उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत जिला समाहरणालय परिसर में पौधरोपण भी किया गया. वहीं, जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूकता शपथ भी ली गई.

**पहल** पचड़ा व बारियातू पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन, विधायक अंबा ने कहा

# योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाना सरकार का उद्देश्य

**संवाददाता | केरेडारी**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड की पचड़ा एवं बारियातू पंचायत में किया गया. बारियातू पंचायत में अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, प्रमुख सुनीता देवी, वहीं पचड़ा पंचायत में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, उत्तरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य गीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, निरंजन साव, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, बीससूत्री अध्यक्ष अर्जुन राम ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

इस मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मकसद एक ही छत के नीचे सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ



शिविर का शुभारंभ करतीं विधायक अंबा प्रसाद और अन्य गणमान्य लोग.

**खास बातें**

- सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प : प्रमुख
- कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के आवेदन लिए गए

पात्र लाभुकों तक पहुंचाना है. यह कार्यक्रम प्रखंड की सभी पंचायत में आयोजित होंगे ताकि जनता के द्वार पर ही जाकर उनकी समस्याओं का समाधान हो सके.

प्रमुख सुनिता देवी ने कहा कि सरकार गरीबों के कल्याण के लिए कृतसंकल्प है. कई ऐसे लोग हैं जो योजनाओं को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रखंड तक नहीं पहुंच पाते हैं. इस तरह से कमजोर व लाचार लाभुकों तक लाभ पहुंचाना ही सरकार का मकसद है. कार्यक्रम में अबूआ आवास, केसीसी, जन वितरण प्रणाली, जेएसएलपीएस पशुपालन सहित अन्य विभिन्न योजनाओं का आवेदन लिया गया और उनके निदान के लिए संबंधित विभाग को भेजकर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. पचडा एवं बरियातू पंचायत में 664 कुल आवेदन प्राप्त हुए. कार्यक्रम में प्रभारी एमओ रवि राजा, पंचायत समिति सदस्या सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे.

# आपकी सरकार आपके द्वार के शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़

**संवाददाता | रामगढ़**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के 9 स्थलों पर शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया. मौके पर शिविरों के लिए जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों, नोडल पदाधिकारियों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं परिसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया. इस दौरान अधिकारियों के द्वारा



शिविर के दौरान कर्मचारी को आवेदन देती महिला.

सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं अबुआ आवास योजना, साइकिल वितरण योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, गुरुजी क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं एवं उनके लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी लोगों को दी गई .वहीं सभी से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों में भाग लेकर स्वयं लाभान्वित होने एवं अन्य लोगों को भी इसके प्रति जानकारी देने की अपील की गई.



## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** चंद्रमा के प्रभाव से को कष्ट होगा. बेकार के बहस से बचें. आपके कर्म से माता का सुख में वृद्धि करेगा. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. गाय के शुद्ध घी का दीपक पूजा स्थान में जलाएं.

**वृष** दिन ख़ुशनुमा बीतेगा. आपके सही कार्य और प्रभाव से पराक्रम बढ़ेगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. अन्न और मिठाई का दान शिव मंदिर में करें.

**मिथुन** अच्छा भोजन प्राप्ति का योग है. समय बहुत ही अनुकूल है, जिससे धन और प्रतिष्ठा बढ़ेगी. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आएगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**कर्क** समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव. शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक करें.

**सिंह** किन्हीं अपनों पर खर्च में वृद्धि होगा. साथ ही किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. बाहर से शुभ समाचार मिलेगा. दूर्बा घास गणेश जी पर अर्पण करें.

**कन्या** पारिवारिक यात्रा का योग बन रहा है. आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. जल का दान करें.

**तुला** आय के लिए दिन अच्छा है. सरकारी कार्य मे गति आने से मन खुश होगा. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. इतर दान करें.

**वृश्चिक** ससुराल से लाभ का योग है. धर्म मे मन लगेगा. आपके पूर्व कर्म के प्रभाव से भाग्य साथ हैं. स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** किसी महिला मित्र से विवाद हो सकता है. अपने प्रोफेशन से आप न खुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेंगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. चीनी का दान करें.

**मकर** समय उत्तम है. लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. मौसम के प्रभाव से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. अन्न का दान करें.

**कुंभ** मौसमी बीमारियों से बचें. गलत दोस्तो से बचना चाहिए. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. काली वस्तु दान करें.

**मीन** ऋण लेने से बचें. कुछ मानसिक भय और तनाव हो सकता है. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

## झरी तालाब में डूबने से एक की मौत

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत बंडा ताड़ गांव के झरी तालाब में डूबने से एक युवक की सोमवार को मौत हो गई. युवक की शिनाख्त पहाड़पुरा गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव के रूप में की गई है. समाजसेवी कमलेश यादव ने घटना की सूचना पुलिस और जिला प्रशासन को दी है. ग्रामीण अपने स्तर से उसकी खोजबीन कर रहे थे. युवक गाय चराने गया था. घटना कैसे घटी इसकी जानकारी नहीं मिल रही है. काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तालाब से शव का बाहर निकाला. मुखिया मनोज पासवान ने बताया कि यह हत्या है या आत्महत्या जांच के बाद ही पता चलेगा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया.

## भाकपा ने घेरा डीसी कार्यालय

**पलामू।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद ने किसान मांग दिवस के अवसर पर सोमवार को पलामू उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव किया. नेतृत्व भाकपा जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने किया. प्रदर्शन से पहले रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस निकाल कर उपायुक्त कार्यालय के गेट को जाम किया गया. प्रदर्शन में हर जोर जुल्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है, भ्रष्ट पदाधिकारी होश में आओ आदि नारे लगाए गए. सभा को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने कहा कि सोमवार को पलामू सहित पूरे देश के नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं. सरकारी सेक्टरों को कौड़ी के दामों में प्राइवेट कंपनियों को बेचा जा रहा है. देश के प्रधानमंत्री प्रतिवर्ष दो करोड़ एवं राज्य सरकार पांच लाख रोजगार देने की बात कही, लेकिन रोजगार देने के नाम पर दोनों सरकारों ने नौजवानों को झुनझुना थमाया. प्रधानमंत्री अबुआ आवास योजना का लाभ गरीबों को नहीं मिल रहा है. किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है. निगमवासियों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है. किसानों को पैक्स के माध्यम से मिलने वाले खाद की कालाबाजारी की जा रही है. राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता कृष्ण मुरारी दुबे, केडी सिंह, अभय कुमार भूंइया, उमेश सिंह चेरो आदि ने भी संबोधित किया.

### हड़ताल का साइड इफेक्ट : गांव की सरकार का कामकाज ठप

# मुखिया, सचिव, रोजगार सेवक, मनरेगा कर्मी व वनरक्षी हड़ताल पर

**प्रवीण कुमार। रांची**



फाइल फोटो

राज्य भर में अपनी मांगों को लेकर मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और वनरक्षी हड़ताल पर हैं. इसका असर विशेष कर पंचायतों के कामकाज पर पड़ रहा है. कई महत्वपूर्ण कार्य ठप पड़ गये हैं. 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम पर भी इसका असर पड़ रहा है. मुखिया के हड़ताल पर रहने से सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं के आवेदन आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं. सबसे अधिक मनरेगा योजना का काम प्रभावित हो रहा है.

वहीं, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत पेड़ लगाने के लिए किए गये गड्ढों में पैधरोपण नहीं हो पा रहा है. अबुआ आवास के लाभुकों को जियो टैगिंग के बिना तीसरी किस्त नहीं मिल पा रही है. राज्य के 18 जिलों में ग्राम सभा का पूर्ण अधिकार मुखिया को ही है. मुखिया, पंचायत सचिव और पंचायत रोजगार सेवक पंचायत भवनों की रीढ़ हैं. ऐसे में इनसे संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं.

**सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ रहा असर :** राज्यभर के पंचायत रोजगार सेवक से लेकर मनरेगा कर्मी भी हड़ताल पर हैं. इससे संबंधित सभी कार्य ठप पड़ गये हैं. मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना भी मुश्किल हो रहा है. पौधरोपण, खेल मैदान तैयार करने सहित अन्य कार्य प्रभावित हो गये हैं. पंचायत सचिव के काम नहीं करने से अबुआ आवास योजना, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, सामाजिक सुरक्षा, सरकार आपके द्वार समेत कई कार्यक्रमों पर असर पड़ रहा है.

### नगर निगम के सफाईकर्मी भी हड़ताल पर गये

निगम के 2300 सफाई कर्मी और सुपरवाइजर भी सोमवार से बेमियादी हड़ताल पर चले गये हैं. ऐसे में राजधानी की साफ सफाई की व्यवस्था पर इसका असर देखने को मिला. इन लोगों की मांग है कि 10 ज्यादा या उससे ज्यादा समय से कार्यरत सफाई कर्मियों को स्थाई किया जाए. साथ ही सुपरवाइजर, कार्यालय सहायक आदि के वेतन और परिवहन भत्ता में भी वृद्धि करने की भी सरकार से मांग की गई है.

### राजधानी रांची में भी कामकाज हो रहा प्रभावित

रांची की बात करें, तो यहां भी मुखिया व उपमुखिया की हड़ताल के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है. आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविरों में आवेदन तो लिये जा रहे है, लेकिन शिकायतों का निष्पादन नहीं हो रहा है. रांची में आयोजित शिविरों में अब तक कुल 4,416 आवेदन जमा लिये गये हैं, जिनमें मात्र 16 का ही निष्पादन किया जा सका है और 4,400 आवेदन लंबित हैं.

## तालाब में युवक की डूबने की सूचना, तलाश जारी

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैया पंचायत के बंडा ताड़ गांव के झरी तालाब में एक लड़के के डूब जाने की सूचना पर ग्रामीण खोजबीन में जुटे हुए हैं. जानकारी के अनुसार तालाब में डूबे लड़के की जानकारी पहाड़पुरा गांव के ठकुरी यादव का चौदह वर्षीय पुत्र सुरेंद्र कुमार यादव बताया जा रहा है. बताया जाता है कि लड़का गाय चराने गया था. घटना की सूचना पर प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव घटना पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली. इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और जिला प्रशासन को दी है. ग्रामीण अपने स्तर से उसकी खोजबीन कर रहे हैं. घटना कैसे घटी इसकी जानकारी नहीं मिल रही है. फिलहाल खोजबीन जारी है.

### पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी

# चुनाव तक सभी बूथों पर प्रवास करेंगे पूर्णकालिक कार्यकर्ता

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

हमारा ध्यान बूथ पर केंद्रित रहना चाहिए और जहां हम कमजोर हैं वहां हम सभी को मिलकर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है. लोकसभा चुनाव में हमारी जीत कार्यकर्ताओं की बदौलत है और इसे इस बार के विधानसभा में बरकरार रखना है. कार्यकर्ताओं की बदौलत हम पलामू की सभी पांचों सीट पर जीत का परचम लहराएंगे. उक्त बातें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पलामू जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक में कही. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज से हर जिला, मंडल व बूथ स्तर तक के प्रवासी पदाधिकारी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी जो विधानसभा चुनाव होने तक वहां पूर्णकालिक बनकर प्रवास पर रहेंगे. उनके कार्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हर घर और हर कार्यकर्ता से उनका संपर्क स्थापित होगा. पलामू एवं गढ़वा जिला प्रभारी उत्तर प्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के प्राण हैं और प्रभारी होने के नाते मैं उनके सम्मान की रक्षा करूंगा. कार्यकर्ताओं का सम्मान और वरिष्ठों के आदर के साथ हम आगे बढ़ेंगे. झारखंड की जनता को जागरूक करते हुए यहां के गूंगी बहरी सरकार को उखाड़ फेंकना है. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला महामंत्री ज्योति पांडे ने किया.

इससे पूर्व जिलाध्यक्ष तिवारी ने कहा कि कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर समाज व देश की उन्नति के लिए दिन रात लगे रहते हैं. हम सभी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशों का सभी अक्षरशः पालन करने का काम करेंगे. प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सड़क एवं परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का पलामू में प्रभारी बन के आना ही हमारी उपलब्धि है. लोकसभा चुनाव की तरह ही विधानसभा चुनाव को भी हमें एक चैलेंज के रूप में लेना है. मंत्री सिंह के अनुभव से प्रेरणा लेते हुए हमें पलामू की पांचों सीटों पर जीत का परचम लहराना है. उन्होंने कहा कि यदि विधानसभा चुनाव में झारखंड में अगर भाजपा की सरकार नहीं बनी तो झारखंड को बंगाल बनने से कोई रोक नहीं सकता है.




मीडिया को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी व अन्य.

### भाजपा कार्यकर्ता समाज के लिए पूरी तरह समर्पित होकर काम करते हैं

मौके पर प्रमंडलीय प्रभारी विकास प्रीतम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता देश व समाज के लिए पूरी तरह समर्पित होकर कार्य करते हैं. देश की सभी राजनीतिक दलों में सिर्फ भाजपा ही राष्ट्र व समाज के प्रति अधिक तत्परता दिखाई है. चतरा सांसद सह पलामू जिला प्रभारी कालीचरण सिंह ने कहा कि कार्यसमिति की बैठक करने का उद्देश्य सांगठनिक संरचना व मजबूती पर विचार करना होता है. इसमें संगठन के कार्यों की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं की जवाबदेही तय की जाती है. बैठक में विधायक आलोक चौरसिया, शशि भूषण मेहता, पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, घुरन राम, श्याम नारायण दुबे, विपिन बिहारी सिंह, परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विभाकर नारायण पांडे, विनोद सिंह, नरेंद्र पांडे, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, दुर्गा जौहरी, रवींद्र सिंह, कर्नल संजय सिंह, रघुराज पांडे, राजधानी यादव, अरुणा शंकर, मंगल सिंह, प्रभात कुमार भुइंया, क्रिश्लय तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, सुनील पासवान अरविंद सिंह मधु लता रानी रामचंद्र यादव, जिला महामंत्री विजय ठाकुर, सोमेश सिंह, धीरेंद्र दुबे, प्रियरंजन शर्मा, स्वेतांग गर्ग, शिवकुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे.

## पेज एक का शेष

### एक साथ 3 जगह से सैलरी ...

**हिंडनबर्ग ने भी लगाए थे आरोप :** बता दें कि इससे पहले, अडानी समूह पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाने वाली निवेश रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने दावा किया था कि सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की मॉरीशस की ऑफशोर कंपनी ग्लोबल डायनामिक ऑपर्चुनिटी फंड में हिस्सेदारी है. हिंडनबर्ग ने दावा किया है कि इसी कंपनी में गौतम अडानी के भाई विनोद अडानी ने अरबों डॉलर का निवेश किया है. आरोप है कि इस पैसे का इस्तेमाल ही शेयरों के दामों में तेजी लाने के लिए किया गया. फिलहाल इन आरोपों पर सेबी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.

### आप किसी का घर कैसे

**17 सितंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट :** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसी भी अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देगा. हम पूरे देश के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करने पर विचार कर रहे हैं. मामले की सुनवाई 17 सितंबर को तय की गई. दरअसल, बुल्डोजर एक्शन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई थीं. इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी की. सुप्रीम कोर्ट में बुल्डोजर मामलों की सुनवाई सोमवार को शुरू हो गई. जस्टिस गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें पेश कीं. मेहता ने कहा कि जो कार्रवाई की गई है, वह म्युनिसिपल कानून के अनुसार ही की गई है. उन्होंने बताया कि अवैध कब्जे के मामलों में म्युनिसिपल संस्थाओं द्वारा नोटिस देने के बाद ही कार्रवाई की गई है. जस्टिस विश्वनाथन ने सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है. अदालत ने नोटिस, कार्रवाई और अन्य आरोपों पर सरकार को उत्तर देने के निर्देश दिए हैं.

**हाल ही में हुए कई बुलडोजर एक्शन :** एमेनेस्टी इंटरनेशनल की फरवरी 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल 2022 से जून 2023 के बीच दिल्ली, असम, गुजरात, मध्यप्रदेश और यूपी में सांप्रदायिक हिंसा के बाद 128 संपत्तियों को बुलडोजर से ढहा दिया गया. मध्यप्रदेश में एक आरोपी के पिता की संपत्ति पर बुलडोजर चलवा दिया गया, और मुरादाबाद तथा बरेली में भी बुलडोजर से संपत्तियां ढहाई गईं. हाल ही में, राजस्थान के उदयपुर जिले में राशिद खान का घर भी बुलडोजर से गिरा दिया गया, जिसमें उनके 15 वर्षीय बेटे पर स्कूल में अपने सहपाठी को चाकू से गोदने का आरोप था.

### देश के किसानों को मोदी ...

अश्वनी वैष्णव ने बताया, पहला डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन है, यह कृषि के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार करने के लिए है. 2817 करोड. रुपए के निवेश से डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन तैयार होगा. इस तरह कृषि क्षेत्र से संबंधित इन सातों कार्यक्रमों के लिए कुल आवंटन 13,960 करोड.रुपए से अधिक का है. अश्विनी वैष्णव ने इसेलेकर बताया, कैबिनेट की बैठक में किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए सात बड़े फैसले लिए गए हैं. इनमें पहला डिजिटल कृषि मिशन है. इसे कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है. कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं और हमें सफलता मिली है.

**कैबिनेट ने इन फैसलों को भी मिली मंजूरी**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए केनेस सेमीकॉन प्राइवेट लिमिटेड के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. प्रस्तावित इकाई 3,300 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित की जाएगी. इस इकाई की क्षमता प्रतिदिन 60 लाख चिप होगी.
- इस इकाई में उत्पादित चिप विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों को पूरा करेंगे, जिसमें औद्योगिक, ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, मोबाइल फोन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं.
- 309 किमी लंबी नई लाइन परियोजना को मंजूरी दीः दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों - मुंबई और इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए.
- स्वीकृत परियोजना वाणिज्यिक केंद्रों मुंबई और इंदौर को सबसे छोटे रेल मार्ग से जोड़ने के अलावा, महाराष्ट्र के 2 जिलों और मध्य प्रदेश के 4 जिलों से गुज़रते हुए महाराष्ट्र और -मध्य प्रदेश के असंबद्ध क्षेत्रों को भी जोड़ेगी. परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये है और इसे 2028-29 तक पूरा किया जाएगा. निर्माण के दौरान परियोजना से लगभग 102 लाख मानव दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा होगा.

### नितेश ने देश को बैडमिंटन...

नितेश कुमार के अलावा मेंस सिंगल्स कम्पटीशन की बात करें तो भारत को अभी 2 और मेडल मिल सकते हैं. मेंस सिंगल्स एसएल4 कैटेगरी में सुहास यतिराज फाइनल में पहुंच चुके हैं, यानी उनका सिल्वर मेडल पक्का है. इसी कैटेगरी में सुकंत कदम ब्रॉन्ज मेडल मैच में हिस्सा लेने वाले हैं. पिछली बार बैडमिंटन में भारत केवल एक मेडल जीत पाया था, लेकिन पेरिस पैरालंपिक्स में बैडमिंटन से आने वाले मेडल की संख्या 5 से भी ऊपर जा सकती है.

**भारत की झोली में आया नौवां मेडल :** भारत अब तक पेरिस पैरालंपिक्स में कुल 9 मेडल जीत चुका है. मौजूदा खेलों में नितेश कुमार बैडमिंटन में मेडल जीतने वाले पहले एथलीट बने हैं. शूटिंग में अब तक 4 मेडल आ चुके हैं. अवनी लेखरा ने गोल्ड, वहीं मनीष नरवाल ने सिल्वर, मोना अगरवाल और रूबीना फ्रांसिस ने ब्रॉन्ज मेडल पर निशाना साधा है. एथलेटिक्स में भी देश को 4 मेडल मिल चुके हैं. निषाद कुमार ने हाई जम्प में सिल्वर, योगेश कथुनिया ने डिसकस थ्रो में सिल्वर, वहीं प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर और 200 मीटर रेस में ब्रॉन्ज मेडल जीता है. नितेश कुमार के अलावा मेंस सिंगल्स कम्पटीशन की बात करें तो भारत को अभी 2 और मेडल मिल सकते हैं. मेंस सिंगल्स एसएल4 कैटेगरी में सुहास यतिराज फाइनल में पहुंच चुके हैं, यानी उनका सिल्वर मेडल पक्का है. इसी कैटेगरी में सुकंत कदम ब्रॉन्ज मेडल मैच में हिस्सा लेने वाले हैं. पिछली बार बैडमिंटन में भारत केवल एक मेडल जीत पाया था, लेकिन पेरिस पैरालंपिक्स में बैडमिंटन से आने वाले मेडल की संख्या 5 से भी ऊपर जा सकती है.

### ये संवेदनशील मुद्दे, इनका इस्तेमाल...

**संगठन के 100 साल पूरे होने पर कार्यक्रम की बनी योजना :** इसके अलावा, आरएसएस ने बताया कि पिछले साल उन्होंने हर राज्य और जिले में 472 महिला सम्मेलन आयोजित किए, जिसमें महिलाओं के मुद्दों, पश्चिमी फेमिनिज्म और भारतीय चिंतन पर चर्चा की गई. आरएसएस की बैठक में बंगाल, वायनाड और तमिलनाडु में हुई घटनाओं पर भी गंभीर चर्चा की गई. बांग्लादेश में हिंदू और अल्पसंख्यकों के मुद्दे को लेकर भी चिंता जताई गई और सरकार से इस पर कदम उठाने का आग्रह किया गया. अंत में, आरएसएस ने अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया और संगठन के 100 वर्षों के पूरे होने के अवसर पर पंच परिवर्तन के तहत सामाजिक परिवर्तन के लिए काम करने की योजना बनाई.

**तीन दिन तक चली अखिल भारतीय समन्वय बैठक :** बता दें कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और 6 संयुक्त महासचिवों की मौजूदगी मेंतीन-दिवसीय अखिल भारतीय समन्वय बैठक शनिवार को शुरू हुई. विज्ञप्ति में कहा गया कि बैठक में संघ से प्रेरित 32 संगठनों के राष्ट्रीय स्तर के नेता भी शामिल हुए, जिनमें भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, इसके महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख आलोक कुमार और भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या आदि शामिल हैं.

# बड़कागांव को चारागाह कदापि न समझें कंपनियां : भुवनेश्वर मेहता

**संवाददाता। हजारीबाग**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद के आह्वान पर सोमवार को हजारीबाग की जन समस्याओं के निवारण के लिए धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया. हजारीबाग मंजूर भवन पार्टी कार्यालय से सैकड़ों किसानों महिलाओं पुरुषों ने जुलूस निकालकर उपायुक्त हजारीबाग की कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया. सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि बड़कागांव में दर्जनों कॉल कंपनियां आकर लूटने की प्रयास कर रही हैं. अदानी कोल ब्लॉक रद्द करने को लेकर 501 दिनों से गोंदल पुरा में आंदोलन चलाया जा रहा है. वहां के किसान धरना पर बैठे हुए हैं. सरकार को इसी से स्पष्ट होता है कि किसानों के साथ खड़ी है कि कारपोरेट घराने के साथ. भुवनेश्वर मेहता ने कॉल ब्लॉक को रद्द करने की मांग की.

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी किसी भी परिस्थिति में बड़कागांव को कारपोरेट घराने का चारागाह नहीं बनने देंगे. अखिल भारतीय किसान सभा के के महासचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में सैकड़ों लोग शहीद हुए, हजारों लोग जेल गए, हजारों लोग कैंप जेल में रहकर पुलिस की लाठी खाए लेकिन सरकार आंदोलनकारियों की सम्मान नहीं दे रही है. पूर्व सरकार के द्वारा बनाए गए भूमि बैंक को रद्द किया जाए. सभा में किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, प्रोफेसर डॉक्टर अनवर हुसैन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे.



### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# आमजनों को ऑन द स्पॉट योजना का लाभ मिलेगा : डीसी

**संवाददाता। खूंटी**

झारखंड सरकार के निर्देश पर 30 अगस्त से आयोजित हो रहे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को खूंटी प्रखंड के लांदुप पंचायत भवन, कर्रा के लिमड़ा पंचायत भवन, मुरहू के रूमुतकेल पंचायत भवन, अड़की के सोसोकुटी पंचायत भवन, तोरपा के सुंदारी पंचायत भवन और रनिया के खटंगा पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया. नगर पंचायत क्षेत्र के पिपराटोली शिव मंदिर के समीप शिविर का आयोजन किया गया. विभिन्न पंचायतों और शहरी क्षेत्र में आयोजित कैंप में आमजनों को ऑन द स्पॉट सरकारी योजना का लाभ दिया गया. शिविरों के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. शिविरों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अनुमंडल पदाधिकारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों ने शिविरों में शामिल होकर, लाभुकों को योजना का लाभ दिलाया और योजनाओं की जानकारी दी. संबंधित क्षेत्र के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी शिविर के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है. कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए. स्वास्थ्य, शिक्षा, विद्युत, पेयजल, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, श्रम, नियोजन, लघु सिंचाई, सहकारिता समेत अन्य विभागों ने स्टॉल लगाए गए.

**सफलता** | एरिया कमांडर राहुल गंझू ने रांची पुलिस के समक्ष किया सरेंडर, कहा

# जबरन लेवी वसूली की पार्टी हो गया है टीपीसी संगठन

**संवाददाता। रांची**

टीपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर राहुल गंझू ने सोमवार को रांची पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया. एसएसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राहुल ने रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के समक्ष सरेंडर कर दिया. इस दौरान कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे. राहुल गंझू उर्फ खलील रांची जिला के बुढ़मू थाना क्षेत्र के सिरम गांव का रहने वाला है. उसने कहा कि टीपीसी संगठन लेवी वसूली की पार्टी हो गई है. संगठन के शीर्ष उग्रवादी नीचे के कमांडर का शोषण और सिद्धांत के विपरीत कार्य करने और ग्रामीणों को प्रताड़ित के लिए दबाव बनाते हैं. राहुल के खिलाफ रांची और चतरा जिले के अलग-अलग थाना में कुल 21 मामले दर्ज हैं.



रांची पुलिस के समक्ष एरिया कमांडर राहुल गंझू ने किया सरेंडर.

### इन बड़ी घटनाओं में था शामिल

- फरवरी 2024 : बुढ़मू के चकमे में एचपी पेट्रोल पम्प के मालिक को धमकी दी और फायरिंग भी किया.
- जनवरी 2024 : रातु रोड में फ्लाई ओवर निर्माण करा रहे ठेकेदार को लेवी के लिए धमकी दी.
- फरवरी 2024 : बुढ़मू के जन प्रतिनिधि मोहन जयसवाल लेवी के लिए धमकी दी.
- वर्ष 2023-24 : बुड़मू खलारी, छापर, मांडर के जमीन कारोबारियों ईंट भट्ठा, बालू खनन, ठेकेदारों को लेवी के लिए धमकी दी.
- मई 2024 : सीरम जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल था.

### नक्सली साथियों से की अपील

राहुल गंझू ने नक्सली साथियों से अपील किया कि वे लोग भी झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेकर हथियार डालें. पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें. नक्सली राहुल गंझू उर्फ खलिल झारखंड पुलिस के लिए लगातार चुनौती बना हुआ था. इनके आत्मसमर्पण से टीपीसी संगठन को बड़ा झटका लगा है और संगठन काफी कमजोर हुआ है.

## किसानों के बिना क्षेत्र का विकास नहीं होगा

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर भावी प्रत्याशी बिनोद सिन्हा ने डीसी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में किसानों के लिए यूरिया की कमी और इसके काला बाजारी से उत्पन्न समस्याओं पर चिंता जताई गई है. सिन्हा ने कहा कि पांकी क्षेत्र के किसान वर्तमान में भारी संकट का सामना कर रहे हैं. यूरिया की उपलब्धता में गंभीर कमी आई है, और जो यूरिया उपलब्ध है, वह निजी दुकानदारों द्वारा काला बाजारी के माध्यम से अत्यधिक कीमतों पर बेचा जा रहा है. सरकारी दर पर मिलने वाला यूरिया, जो 266 में उपलब्ध होना चाहिए, वह बाजार में 450 तक बेचा जा रहा है. इससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है, और उनकी फसलें प्रभावित हो रही हैं.

## गहराती चुनौतियां

खबरो के अनुसार गुजरात के मशहूर शहर सूरत में पिछले 16 महीनों में हीरा पॉलिश करने वाले कम-से-कम 63 लोगों ने आत्महत्या कर ली है. यह एक ऐसी खबर है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. यह देश की वास्तविक आर्थिक हालत पर स्वयं में एक बड़ी टिप्पणी है. गुजरात के अधिकारियों के मुताबिक इसकी वजह रूस-यूक्रेन युद्ध से बनी परिस्थितियां हैं. मार्च 2022 के बाद से भारत के हीरा राजस्व में लगभग एक तिहाई की गिरावट दर्ज की गई है. वित्त वर्ष 2023-24 में भारत से कटे और पॉलिश किए हीरे का निर्यात 27.6 प्रतिशत गिर गया. इसका असर पूरे कारोबार पर पड़ा है, लेकिन सबसे बुरी तरह प्रभावित आम कारीगर हुए हैं. गुजरात सरकार या हीरा श्रमिक संघ के पास इस बारे में ठोस जानकारी नहीं है कि इस मंदी के कारण कितने लोगों ने नौकरी गंवायी है. मगर आम अंदाजा है कि सिर्फ पिछले छह महीनों में पॉलिश के काम में लगे तकरीबन 50 हजार लोग बेरोजगार हो गए हैं. कई कंपनियों में हफ्ते में सिर्फ चार दिन काम हो रहा है. कई अन्य कंपनियों ने काम के घंटों में कटौती की है. नतीजतन, जो व्यक्ति पहले 40 हजार रुपये प्रति माह कमा लेता था, अब उसकी कमाई घटकर आधी रह गई है. एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार देश में युवाओं में तेजी से आत्महत्या की प्रवृति बढ़ रही है. यह किसी राष्ट्र के लिये शर्मसार करने वाली स्थिति है कि उसके युवा बड़ी संख्या में आत्महत्या में मुक्ति की राह तलाश रहे हैं. हाल के दिनों में छात्रों की बढ़ती आत्महत्याएं विचलित करने वाली हैं. सबसे दुखद यह है कि छात्रों की आत्महत्या की संख्या किसानों की आत्महत्या से ज्यादा हो गई है. हालांकि, आत्महत्या के मामले में किसी भी वर्ग से तुलना नहीं की जा सकती है, लेकिन सुनहरे भविष्य के सपने देखने वाली संभावना का असमय अंत पीड़ादायक है. ऐसे में देश के नीति-नियंताओं को इस भयावह संकट का तात्कालिक समाधान तलाशना चाहिए. हाल ही में आईसी-3 संस्थान की रिपोर्ट इस भयावह संकट पर प्रकाश डालती है. रिपोर्ट बताती है कि वर्तमान दशक के उत्तरार्द्ध में देश के 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की. जो कि पिछले दशक की तुलना में 57 फीसदी अधिक है. जो निश्चय ही बड़ी चिंता का विषय है. दरअसल, लगातार बढ़ते शैक्षणिक दबाव, जबरन कैरियर विकल्प देने, मानसिक स्वास्थ्य संघर्ष और वित्तीय बोझ युवाओं को निराशा की गर्त में धकेल रहा है. आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के आंकड़ों से स्थिति की गंभीरता पता चलता है. जहां वर्ष 2019 और 2023 के बीच 69 छात्रों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. पिछले वर्षों में कोटा के कोचिंग संस्थानों में युवा छात्रों के जीवन समाप्त करने का ग्राफ बढ़ा है. इन बेहद कष्टकारी आंकड़ों पर मंथन करके नीति-नियंताओं को युवा मन की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करना चाहिए.

> हाल के दिनों में छात्रों की बढ़ती आत्महत्याएं विचलित करने वाली हैं. सबसे दुखद यह है कि छात्रों की आत्महत्या की संख्या किसानों की आत्महत्या से ज्यादा हो गई है. हालांकि, आत्महत्या के मामले में किसी भी वर्ग से तुलना नहीं की जा सकती है .

### सुभाषित

**पातितोऽपि कराघातै- रुत्पतत्येव कन्दुकः।**
**प्रायेण साधुवृत्तानाम- स्थायिन्यो विपत्तयः ॥**

हाथ से पटकी हुई गेंद भी भूमि पर गिरने के बाद ऊपर की ओर उठती है, सज्जनों का बुरा समय अधिकतर थोड़े समय के लिए ही होता है. इसलिए यदि समय प्रतिकूल हो जाये तो धैर्य का त्याग नहीं करना चाहिए. कविवर रहीम ने भी कहा है-साईं चुप ह्वै बैठिए देखि दिनन का फेर, जब नीके दिन आइहें बनत न लगिहें देर.

# ग्रोथ में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका

**2023-24 में झारखंड के बैंकों का सीडी अनुपात 39.67% रहा है. जबकि आंध्र का 122%, तमिलनाडु का 110, तेलंगाना का 109 और महाराष्ट्र का 105 प्रतिशत बताया जाता है . देश के पांच राज्य नेशनल एवरेज लगभग 87% सीडी रेसियो से बहुत ऊपर हैं तो कुछ केंद्र शासित राज्यों समेत 27 राज्य आज भी 78% से कम अनुपात में बैंकों के कृपा पात्र हैं.**



• देश-काल



अयोध्या नाथ मिश्र

विकास चाहे राष्ट्रीय हो या राज्य का, इसमें व्यक्ति का सामाजिक-आर्थिक विकास बड़ा महत्व रखता है. देश के लोग सुखी तो राष्ट्र सुखी. हमारे वैश्विक उड़ान का मूल एक अदद नागरिक है. ...और नागरिक के स्वावलंबन- समृद्धि में संसाधनों का बहुत महत्व है. एक युवा को स्वरोजगार, स्वनियोजन, उद्यम-उद्यमिता और व्यवसाय के लिए संसाधन ( धन )चाहिए. अब यह आए कहां से? तो देश के सरकारी, गैर सरकारी बैंकों का यह दायित्व है कि इसमें आगे बढ़कर मदद- समर्थन करें. देश के जिन राज्यों में कृषि, उद्यम, व्यवसाय, रोजगार में वृद्धि हुई है या जो अगली पंक्ति में खड़े हैं, वहां आर्थिक-वित्तीय समर्थन में बैंकों की भूमिका अग्रणी रही है. पर इनकी संख्या अधिक नहीं है. झारखंड सहित कुछ ऐसे राज्य हैं, जहां जमा के अनुपात में बैंकों की लोन विषयक भूमिका बहुत कम है. विविध प्राकृतिक संसाधन, कर्मठ युवा शक्ति के बावजूद झारखंड राज्य में बैंकों के सार्थक समर्थन के अभाव में युवा उद्यमिता व्यवसायिकता अपेक्षित गति प्राप्त नहीं कर सकी है. यदि यहां के तसर (रेशम) लाह, वनौषधि, देशज उत्पाद, कृषि, वानिकी, लघु उद्योग, ग्रामीण उद्यमिता, वस्त्र आदि क्षेत्रों में एक संस्थागत प्रयास को वित्तीय समर्थन मिलता तो पलायन, बेरोजगारी, शोषण से मुक्ति मिल गई होती, पर अभी तक बैंकों की ओर से ढील ही देखी जा रही है.

एक ओर महाराष्ट्र, तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र हरियाणा का 2019-24 के कालखंड में सीडी रेसियो 90- 150 % रहा झारखंड में यह अनुपात 40 % से ऊपर नहीं बढ़ पाया. अर्थात झारखंड में लघु बचत की बड़ी राशि अन्य राज्यों के विकास में काम आती है और हम वहां मजदूरी करते हैं. 2023-24 में झारखंड के बैंकों का सीडी अनुपात 39.67% रहा है. जबकि आंध्र का 122%, तमिलनाडु का 110, तेलंगाना का 109 और महाराष्ट्र का 105 प्रतिशत बताया जाता है . देश के पांच राज्य नेशनल एवरेज लगभग 87% सीडी रेसियो से बहुत ऊपर हैं तो कुछ केंद्र शासित राज्यों समेत 27 राज्य आज भी 78% से कम अनुपात में बैंकों के कृपा पात्र हैं. विशेष कर झारखंड, मेघालय और अरुणाचल की स्थिति काफी पीछे हैं . ऐसा नहीं कि लोग बैंक लोन नहीं लेते, पर आम लोग होम लोन और कार- बाइक लोन से आगे कहां बढ़ पाते हैं? संभव है बैंक बहुत हद तक सहयोगात्मक रवैया नहीं अपनाते हों, पर सरकार समग्र विकास के विविध आयामों को समर्थित करने के लिए तत्पर है. बैंकों में आम आदमी की जमा पूंजी से बड़े उद्यमियों, व्यापारियों ,पूंजीपतियों को आसानी से लोन मिल जाता है. विशेषज्ञ बताते हैं कि पूंजीपति हमेशा निवेश करते हैं. दिन दूना -रात चौगुना व्यवसाय -उद्यम विकसित करते हैं वे बैंकों में अनावश्यक धन जमा नहीं रखते. पर आम आदमी पेट काट कर लघु बचत करता है और उसे बैंकों में भविष्य के लिए सुरक्षित मान रखता है. बैंक उसे 6- 8% सूद देते हैं. यह आम लोगों के लिए प्रोग्रेसिव इकोनामी का प्रतीक नहीं है,पर विकल्प भी तो नहीं है. इसलिए राज्यों को बैंकों से लोन- समर्थन की व्यवहारिक व्यवस्था करनी चाहिए. प्रोत्साहन और सहयोग के अभाव में युवा शक्ति का बड़ा हिस्सा बैंकों से दूर ही रहता है.जहां तक कृषि ऋण की बात है तो झारखंड में लघु और सीमांत किसानों का अनुपात 72% बताया जाता है .एक एकड़ से कम कृषि भूमि वाले किसान बैंक से लोन लेने की हिम्मत करेंगे क्या ? परिणाम होता है न तो कृषि उत्पादकता बढ़ती है और नहीं रोजगार सृजन ही हो पाता है. बैंक समर्थित कृषि उत्पादन एवं स्व नियोजन शोध का विषय है

देश में बैंकों से लोन लेकर काम करने की चलन तेजी से बड़ी है. 2022-23 में यह 19.12% बढ़कर लगभग 170 लाख करोड़ हो गया तो 2023-24 में 13.4% वृद्धि के साथ बैंक लोन 212 लाख करोड़ से ऊपर बताया जाता है .पर हम है कि लोन लेने से डरते हैं, और कहीं और से प्रोत्साहन नहीं मिलता.संभव है बैंक लोन नहीं मिलने या लेने के पर्याप्त कारण हों, पर यह है तो उन्नति का बेहतर तरीका! इसमें बैंकों का संवेदनशील प्रोत्साहक रोल बड़ा मायने रखता है .राज्य के सेंट्रल बैंक ने 60% कैनरा ने 58% तथा ग्रामीण बैंक ने पिछले वर्ष में 47% लोन दिया है, पर बहुत बैंकों की भूमिका प्रोत्साहक नहीं कही जाएगी. आज ग्रोथ मायने रखता है. सरकार, बैंक, समाज सक्रिय हों तो झारखंड में सीडी रेशियो को बढ़ाते हुए उद्यम, स्वरोजगार, कृषि, व्यवसाय को बल दिया जा सकता है. इसके लिए युवा शक्ति के बीच विश्वास जगाने और समर्थन की जरूरत है. आमतौर पर गरीब आदमी कर्ज से डरता है, पर व्यवसाय जगत इसे रचनात्मक पूंजी का एक आधार मानता है. यह बात सही है कि उद्यम व्यवसाय में सब आदमी सफल नहीं हो पाता है, फिर भी अधिकांश तो आत्मनिर्भर होते ही हैं. इसलिए राज्य में कम से कम राष्ट्रीय औसत के समतुल्य सीडी रेशियो किया जाना आवश्यक है. अन्यथा यहां के आम लोगों द्वारा बैंकों में जमा किए गए लघु बचत से राज्य का भला न होना इकोनामिक ग्रोथ का नकारात्मक पहलू है. ग्रोथ के लिए ऋणग्राहिता विशेष महत्व रखती है. युवा शक्ति को आगे आना चाहिए.

**(ये लेखक के अपने विचार हैं.)**

• बोधि-वृक्ष | ओशो



## भिक्षुक का भिक्षापात्र

एक राजमहल के द्वार पर बहुत भीड़ लगी हुई थी. वहां कोई बड़ी घटना घट गई थी. और जिसको भी राजधानी में खबर लगी, वह भागा हुआ महल की तरफ चला आ रहा था. सांझ भी आ गई. करीब-करीब सारी राजधानी महल के द्वार पर इकट्ठी हो गई थी. उस द्वार पर सुबह-सुबह एक भिक्षु आया था. उस भिक्षु ने राजा से कहा था, मुझे कुछ भिक्षा मिल सकेगी? राजा ने कहा था कोई कमी नहीं है, तुम जो चाहो मांग लो. उस भिखारी ने एक बड़ी अजीब शर्त रखी. उसने कहा कि मैं भिक्षा तभी लेता हूं, जब मुझे यह आश्वासन मिल जाए कि मेरा पूरा भिक्षापात्र भर दिया जाएगा. मैं अधूरा भिक्षापात्र लेकर नहीं जाऊंगा. ऐसा शर्त वाला भिखारी कभी देखा नहीं गया था. और यह शर्त कोई इतनी बड़ी भी न थी कि राजा के द्वार से उसे लौटना पड़े. राजा हंसा और उसने कहाः तुमने मुझे क्या समझ रखा है, क्या मैं तुम्हारे इस छोटे से भिक्षा पात्र को न भर सकूंगा? उसने अपने वजीरों को कहा कि जाओ और अन्न के दानों से नहीं बल्कि हीरे-मोतियों से इसके भिक्षापात्र को भर दो. राजा हंसा था यह कह कर, लेकिन भिखारी भी हंसा और उसने कहाः एक बार फिर सोच लें. राजा ने कहा कैसी पागलपन की बातें करते हो. वजीर से कहा, उसके भिक्षापात्र को बहुमूल्य पत्थरों से भर दो. वजीर बहुत से हीरे-मोती लेकर आया. उस भिखारी के भिक्षापात्र में डाले. लेकिन डालते ही भूल पता चल गई. भिक्षापात्र में डाले गए मोती-हीरे कहीं खो गए और पात्र खाली का खाली रहा. फिर और लाकर डाले गए, फिर और लाकर डाले गए और वे जो अकूत खजाने थे, वे खाली होने लगे. सुबह की दोपहर आ गई भिक्षापात्र खाली का खाली रहा. राजा घबराया, कठिनाई खड़ी हो गई थी. वचन दिया था. लेकिन न मालूम कैसा था यह भिक्षापात्र? सांझ हो गई. राजा भी अड़ा हुआ था कि भर देगा उसे. लेकिन राजा भी छोटा पड़ गया. भिक्षापात्र बहुत बड़ा था. वह नहीं भरा और सांझ आखिर राजा को उस भिक्षु के पैरों पर गिर जाना पड़ा और माफी मांग लेनी पड़ी. उसने कहा कि मुझे माफ कर दें, भूल हो गई. क्या यह कोई जादू है?उस भिक्षु ने कहाः न तो कोई जादू है और न कोई रहस्य. मैं एक मरघट से निकलता था, एक आदमी की खोपड़ी पड़ी मिल गई, उससे ही मैंने यह भिक्षापात्र बना लिया. और मैं खुद ही हैरान हो गया, यह भरता नहीं है.

## वित्त निवेश का संकट और कृषि

• वित्त

कुमार दिनेश

पूरी दुनिया पूंजी-संचय के असमाधेय संकट में फंसी हुई है. बहुराष्ट्रीय तकनीकी-वित्तीय शार्कों के सामने वित्त और तकनीक निवेश का भयंकर संकट है. फ़ैक्ट्री और सेवा क्षेत्र ठहराव के शिकार हैं. इन परजीवियों की आखिरी शरणस्थली है शेयर बाजार. लेकिन शेयर बाजार में जुआ खेलकर कब तक पैसा कमाएंगे? जब जमीन पर कुछ पैदा ही नहीं होगा, जिसपर जुआ खेला जा सके? बहुराष्ट्रीय तकनीकी-वित्तीय शार्कों की पूंजी और तकनीक एक जगह पड़े सड़ते हुए मलबे का ढेर बन चुकी है. अब कोई जगह नहीं बची लूट के लिए. ये उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम पूरी दुनिया को अपनी शिकारगाह में तब्दील कर चुके हैं. सारे कारखाने, खदानें और सेवा क्षेत्र को हड़प चुके हैं. अब इन गिद्धों की नजर हमारी खाद्य वस्तुओं पर है. इसके लिए वे हमारी खेती पर कब्जा चाहते हैं. हमारे पानी पर कब्जा चाहते हैं. हमारे बीज पर कब्जा चाहते हैं. हमारे पेड़ों पर कब्जा चाहते हैं. हमारे ज्ञान-विज्ञान के केन्द्रों पर कब्जा चाहते हैं. हमारे स्वतंत्र निर्णय पर कब्जा चाहते हैं. हमारे वित्तीय संस्थानों पर कब्जा चाहते हैं. वे चाहते हैं हमें और हमारी आने वाली संतानों को एक आधुनिक रोमन गुलाम में तब्दील कर देना. हम दिन-रात इन बहुराष्ट्रीय तकनीकी-वित्तीय शार्कों तथा इनके कनिष्ठ भारतीय टुकड़खोर पूंजीपतियों के लिए मुनाफा पैदा करने वाले गुलाम बन जाए. भारतीय सरकार और हमारे कनिष्ठ पूंजीपति, इन बहुराष्ट्रीय तकनीकी-वित्तीय शार्कों के नापाक इरादों को अमलीजामा पहना चुके हैं. ये जयचंद और मीरजाफ़र इन विदेशी शार्कों के साथ दुरभि-संधि में नाभि-नाल बंध चुके हैं. और क्यों ना करें, आखिरकार हमारे शासकों का देश के साथ गद्दारी का शानदार इतिहास रहा हैं. खेती पर आज भी 60-70 फीसदी लोग निर्भर हैं. खेती की विकास वृद्धि दर 4.7 फीसदी से घटकर 2023-24 में 1.4 फीसदी पर आ गयी है, लेकिन खेती का सकल घरेलू उत्पाद में बस 17 फीसदी ही योगदान है. ऐसे में खेती की समस्या बहुत विकराल रूप ले लेती है. यह किसी से छिपा नहीं है कि देश की खेती भयंकर ठहराव का शिकार है. देश के 85 फीसदी किसान छोटे और सीमांत किसान हैं. जिनके पास ना यंत्र है और ना ही पूंजी. जिससे ये अपनी खेती को फायदेमंद बना सके. झारखंड में कृषि क्रांति दस्तक दे रही है. इस प्रसंग में पानी तकनीक कृषि बीज और उर्वरक के समर्थन से किसानों में आत्मनिर्भरता दिखाई पड़ रही है. जहां पानी की व्यवस्था या उपलब्धता है, वहां अच्छा उत्पादन हो रहा है . बागवानी एवं बागाती कृषि में, विशेष कर जनजाति क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है, फिर भी करने को बहुत कुछ शेष है. यदि सरकार, बैंक और कृषि विज्ञानी विभिन्न फ्लैगशिप योजनाएं समन्वित ढंग से काम करें तो कम समर्थन में भी अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है. देश के कई राज्यों में ऐसी व्यवस्था है. जब हम झारखंड में आंध्र प्रदेश का पपीता, आम, केला खरीदते हैं तो लगता है कि हम झारखंड के कृषि उत्पाद के साथ अन्याय कर रहे हैं. यहां वागाती कृषि की इतनी प्रबल संभावना है कि कृषि उत्पादन में गुणात्मक परिवर्तन ला सकता है. ऐसी स्थिति में बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और कृषि विशेषज्ञों को जमीनी सच्चाई आधारित सहभागी प्रयास करना चाहिए. झारखंड कृषि में आगे आये इसमें बैंकों के समर्थन की बड़ी भूमिका अपेक्षित है. दलित और औरतें आज भी खेती के मालिकाने से महरूम हैं. आदिवासियो को जमीनों से बेदखल किया जा रहा है. ये सभी निरंतर खेती से पलायन करते रहते हैं तथा शहरों की झुग्गियों में नरक का जीवन जीने को मोहताज होते हैं. हजारों-लाखो की संख्या में आत्महत्या करते रहते हैं. नशे और चोरी जैसे कुकृत्यों का शिकार होते रहते हैं और अमानवीय जीवन जीने को मजबूर होते हैं. इन बहुराष्ट्रीय तकनीकी-वित्तीय शार्कों की मजबूरी है सहकारी खेती करना. क्योंकि छोटी और सीमांत खेती में इनकी दैत्याकार मशीनें और पूंजी कहां खप पाएंगी? ये 5 या 10 बीघा के किसान को अरबों रुपए का लोन नहीं दे सकते और ना ही एआई तथा ड्रोन जैसी तकनीक का उपयोग कोई छोटा तथा सीमांत किसान कर सकता है.

**(ये लेखक के अपने विचार हैं.)**

> भारतीय सरकार और हमारे कनिष्ठ पूंजीपति, इन बहुराष्ट्रीय तकनीकी-वित्तीय शार्कों के नापाक इरादों को अमलीजामा पहना चुके हैं. ये जयचंद और मीरजाफ़र इन विदेशी शार्कों के साथ दुरभि-संधि में नाभि-नाल बंध चुके हैं. और क्यों ना करें, आखिरकार हमारे शासकों का देश के साथ गद्दारी का शानदार इतिहास रहा हैं.

## कल्याणकारी राज्य और यूपीएस

• सामयिकी

दिनकर कपूर

कर्मचारी संगठनों द्वारा केन्द्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम के खिलाफ चलाया गया 'नो यूपीएस, नो एनपीएस ओनली ओपीएस' ट्वीटर या एक्स कैम्पेन नम्बर एक पर ट्रेंड करता रहा. इस अभियान ने सरकार के उस दावे की हवा निकाल दी, जिसमें सरकार ने कहा था कि इसे सौ से ज्यादा संगठनों से बातचीत करके लागू किया गया है. कुछ कर्मचारी संगठन, जिसमें रेलवे में पकड़ रखने वाले संगठन के नेता भी थे, इसकी सराहना करते हुए इसे कर्मचारी हितैषी बनाने में लगे थे. भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने तो मोदी सरकार द्वारा 24 अगस्त को लागू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम की तारीफ करते हुए कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी कर्मचारियों के दर्द से वाकिफ हैं और यह सरकार काफी सोच समझ कर, विचार करके निर्णय लेती है. सरकार के इस निर्णय से 23 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारों के हित पूरे होंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय में कल्याणकारी राज्य की अवधारणा दिखती है. यह सरकार कितना सोच-समझ कर निर्णय लेती है इसका उदाहरण नोटबंदी, जीएसटी, लॉकडाउन, कृषि कानूनों आदि के समय हम देख ही चुके हैं और कितनी मजदूर कर्मचारी हितैषी है, उसे हम चार लेबर कोड में देख सकते हैं, जिसमें सैकड़ों वर्ष पूर्व हासिल काम के घंटे आठ के अधिकार को छीन कर इसे 12 घंटे कर दिया गया है. बहरहाल देखना यह है कि क्या आजादी के वक्त देश के अगुआ नेताओं द्वारा भारत के सत्ता संचालन के लिए ग्रहण की गई कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुरूप यह पेंशन योजना है. देश की आजादी के समय दुनियाभर में मजदूर वर्ग की सत्ता स्थापित की जा रही थी. इससे बचने के लिए पूंजीवादी अर्थशास्त्री कीन्स ने कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को पेश किया. भारत के शासक वर्ग ने भी इसे शासन चलाने की नीति के रूप में स्वीकार किया और इसी रोशनी में हमारा संविधान भी निर्मित हुआ. जिसके मौलिक अधिकारों में अनुच्छेद 21 के तहत भारत के हर नागरिक के सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है. शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न आयाम सरकार का दायित्व माना गया. मोदी सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कर्ममचारियों के अंशदान से ही चलाई जाने वाली पेंशन स्कीम है. इस पेंशन योजना में सेवा अवधि के दौरान कर्मचारियों से 10 प्रतिशत अंशदान जमा किया जायेगा और सरकार का 18.5 प्रतिशत अंशदान जमा होगा. इस अंशदान के भुगतान पर सरकार द्वारा कुछ नहीं बोला गया है. जबकि इससे पहले चल रही नई पेंशन स्कीम में भी जो अंशदान था इसका 60 प्रतिशत सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारियों को मिलता था. इस पेंशन स्कीम में सुनिश्चित पेंशन के नाम पर कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति वर्ष के 12 महीनों में प्राप्त वेतन के बेसिक पे के 50 प्रतिशत को पेंशन के रूप में देने का प्रावधान किया गया है. शर्त यह है कि कर्मचारी 25 साल की नौकरी पूरा करें तभी उसे यह पेंशन मिलेगी. इस अवधि तक सेवा करने वाले कर्मचारियों के परिवारजनों को उसकी मृत्यु पर पेंशन का 60 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन मिलेगी. जबकि पुरानी पेंशन स्कीम में सेवा अवधि 20 साल थी. दरअसल 1991 में नई आर्थिक औद्योगिक नीतियों आने के बाद सरकार ने कल्याणकारी राज्य की अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ना शुरू कर दिया. धीरे-धीरे जो सुविधा मजदूरों और कर्मचारियों को मिलती थी, उनमें एक-एक कर कटौती की जाती रही. 2004 में अटल बिहारी वाजपेई की एनडीए सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को खत्म करके नई पेंशन योजना चालू किया. इस पेंशन योजना में कर्मचारियों का अंशदान 10 प्रतिशत रखा गया और सरकार शुरुआत में 10 प्रतिशत का अंशदान करती थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया. इससे सेवाकाल में जो पूरी धनराशि बनती थी, उसका 60 प्रतिशत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय मिल जाता था और शेष 40 प्रतिशत को शेयर मार्केट में लगाया जाता था और उसके लाभांश के रूप में पेंशन दी जाती रही.

**(ये लेखक के अपने विचार हैं.)**

> शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न आयाम सरकार का दायित्व माना गया. मोदी सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कर्ममचारियों के अंशदान से ही चलाई जाने वाली पेंशन स्कीम है. इस पेंशन योजना में सेवा अवधि के दौरान कर्मचारियों से 10 प्रतिशत अंशदान जमा किया जायेगा और सरकार का 18.5 प्रतिशत अंशदान जमा होगा.

### मीडिया में अन्यत्र

## सुनीता विलियम्स की वापसी कब तक ?

अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बैरी विलमोर के फरवरी 2025 तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे रहने की खबर उन चुनौतियों को सामने लाती है, जो मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों में सामने आ सकती हैं. अंतरिक्ष यात्रियों का यह अनुभवी जोड़ा जून के आरंभ में बोइंग स्टारलाइनर पर सवार होकर आईएसएस पहुंचा था. यह मिशन आठ दिन का था.स्टारलाइन पहले ही दो लॉन्च कर चुका था, लेकिन यह उसका पहला मानवयुक्त मिशन था. इसके थस्टर्स में समस्या के कारण आईएसएस के साथ इसके जुड़ाव में दिक्कत आई और हीलियम के लीक होने के कारण जोखिम और बढ़ गया. स्टारलाइनर को यात्रियों के बिना धरती पर लाना संभव है, लेकिन इसे इंसानों को लाने की दृष्टि से असुरक्षित माना जा रहा है. नासा नहीं चाहता कि दो स्पेस शटल दुर्घटनाओं का इतिहास फिर से दोहराया जाए. अतीत में हुई ऐसी ही दुर्घटनाओं में कल्पना चावला सहित कई अंतरिक्ष यात्री जान गंवा चुके हैं. ऐसे में इस बार यात्रियों को अभी आईएसएस में ही रहना होगा और वे फरवरी 2025 में स्पेसएक्स के विमान से लौट सकेंगे.नासा ने जब आईएसएस पर वस्तुओं और मनुष्यों को ले जाने में सक्षम जीवन रक्षक कैप्सूल के साथ चल सकने वाले यानों के लिए निविदा जारी की तो उसने दूरदर्शिता का परिचय दिया. उसने दो डिजाइनों के लिए अनुबंध चुने. एक बोइंग से तो दूसरा स्पेसएक्स से. स्पेसएक्स ने जहां बार-बार इस्तेमाल किए जाने वाला डिजाइन तैयार किया, वही बोइंग इसके लिए संघर्ष करती रही.दशकों के तकनीक और वैमानिकी में गहरे अनुभव के बावजूद बोइंग की परियोजना की लागत स्पेसएक्स के करीब तीन गुना रही और इसमें अनुमान से बहुत अधिक समय और पैसा खर्च हुए. स्टारलाइन में अभी भी खामियां हैं. उसका थर्स्टर अभी भी कमजोर प्रदर्शन कर रहा है. यह आईएसएस के साथ जुड़ पाने में भी मुश्किलों से जूझता रहा है. अब वापसी की यात्रा के लिए स्पेस स्टेशन से अलग होने के लिए उसे सॉफ्टवेयर अपग्रेड की आवश्यकता है.बहरहाल, इसमें अतिरिक्त क्षमता मौजूद है और पृथ्वी पर वापस आने के लिए पर्याप्त गतिशीलता मौजूद है. हालांकि, गैस लीक के मामले गंभीर होते हैं क्योंकि ये अपने आप में जानलेवा साबित हो सकते हैं. अगर स्पेसएक्स का विकल्प नहीं होता तो आईएसएस पर सभी लोग फंसे रह जाते. एक भयंकर विस्फोट या अनियंत्रित ढंग से क्रैश हो जाने के बजाय उनके सामने खाने और ऑक्सीजन की कमी की स्थिति पैदा हो जाएगी.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## राजि/राजी

**किसी** शायर ने कहा है-जो खुशामद करे खल्क उससे सदा राजी है,सच तो ये है कि खुशामद से खुदा राजी है. जब खुदा ही राजी हो जाये तो फिर किसी और राजी होने और नहीं होने का कोई मतलब नहीं रह जाता. कहावत तो यह भी है कि मियां बीवी राजी तो क्या करेगा काजी. यह कहावत अक्सर एक युवक और एक युवती के बीच प्रेम संबंध पर होनेवाले हंगामा को देखते हुए लोग कहा करते हैं. मतलब यह कि अगर पति और पत्नी दोनों एक दूसरे से सहमत हैं तो फिर उसका फैसला कोई तीसरा व्यक्ति कैसे कर सकता है? जहां अरबी मूल से आया राजी शब्द है तो वहीं संस्कृत मूल से आया दूसरा शब्द राजि भी है. दोनों के अर्थ अलग-अलग हैं. यानी अगर आप लिखने में गलती करते हैं तो निश्चित रूप से उसका अर्थ बदल जायेगा. इसलिए कि दोनों शब्द सार्थक हैं. राजी शब्द का अर्थ विभिन्न शब्द कोशों में एक ही है. वर्धा हिंदी शब्द कोश के अनुसार राजी शब्द का अर्थ है-तैयार, सहमत, खुशी-खुशी, प्रसन्न, स्वस्थ, निरोग, सुखी. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्द कोश में इस शब्द का अर्थ बताया गया है-कोई काम कर लेने की हामी भर लेना, सहमत, सम्मत, अंगीकृत, रजामंद, किसी चीज या व्यक्ति या बात को पसंद करनेवाला या उससे खुश होनेवाला, तुष्ट, हर्षित, मुदित, प्रिय एवं अप्रिय, सुखद एवं दुखद दोनों स्थितियों या परिस्थितियों को स्वीकार करनेवाला, संतुष्ट, मुत्मइन, प्रसन्न, खुश, तैयार, तत्पर, इच्छुक, निरोग, चंगा, भला. राजि शब्द का अर्थ वर्धा हिंदी शब्द कोश के अनुसार संज्ञा पुलिंग के रूप में इस प्रकार है- रेखा, लकीर, श्रेणी, पंक्ति, कतार, अवलि, राई. अब ऐसी स्थिति में शब्द का सटीक प्रयोग करने के लिए आवश्यक है कि हम इस बात पर विचार कर लें कि हमें राजी शब्द का प्रयोग करना है या राजि शब्द का. वैसे राजी शब्द का प्रयोग वाक्यों में सबसे अधिक होता है.

## हम वास्तव में ईमान बेचते हैं

• तीर-तुक्का

विनय भारत

जी हां, आपके कान गलत नहीं सुन रहे हैं यदि आपको विश्वास नहीं हैं तो आपकी कसम, हम वास्तव में बेचते हैं. क्या कहा... सुनाई नहीं दिया....... अरे! ईमान बेचते हैं और क्या....? अब भी नहीं सुन सकते तो तुम्हारा....सिर. हां अब सुन लिया.... तो बताइये क्या भाव लगाया है आपने हमारे ईमान का? क्या....अच्छा.....भाव...भाव जो आप चाहें.....विश्वास नहीं हो रहा हैं तो एक बार हमारे ऑफिस आइये.... आपका कोई काम लाइये..... फिर हम बताऐंगे कि हम सफेद कुर्ता पजामा यूं ही नहीं पहनते. इसके नीचे मोटी तोंद और मोटे हाथ-पैर और मोटी चमडी ऐसे ही ईमानदारी से नहीं बनाई है... सब दो नम्बर की माया है... सिर पर सफेद टोपी पहनते हैं, ताकि हमारा दिमाग कोई चुरा न ले. यदि चाहें तो आजमाकर देख लीजिये.... कसम से. झूठ नहीं बोलते जिंदगी में दो बार झूठ बोला था. पहली बार जब जनता के घर पर हाथ जोड़कर गये थे तब और दूसरी बार शपथ लेते समय. अजी...जनाब भगवान कौन है... कोई नहीं. उसकी कसम की कोई कीमत नहीं. हमें क्या करना है उस पत्थर से. और भई...फिर वह ईश्वर खुद बिक जाता है...मूर्ति के रूप में तो फिर हम अपना ईमान क्यों न बेचें. अब खरीदना हो तो आ जाइये... क्या.... पता पूछ रहे हो.... ऐसी बात है भाई मेरा एक घर तो है नहीं. जैसे श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं मैं ही नर हूं और मैं ही नारायण. उसी प्रकार मैं कहता हूं मैं ही नेता हूं, मैं ही अधिकारी, मैं ईश्वर की तरह कण-कण में तो नहीं हूं, लेकिन हां... हर सरकारी ऑफिस में अवश्य मिलूंगा. मैंने मीडिया से बचने हेतु हॉस्पिटल में तख्ती लटकाई है, जिस पर लिख दिया .... यहां भ्रूण हत्या या जांच निषेध है... पर आप जानते हैं सबसे बड़ा रुपइया! मेरे पास आइये. मैं बैंक में उपलब्ध हूं. आप मुझे पोस्ट ऑफिस, पंचायत समिति, अस्पताल, शिक्षा विभाग आदि में खोज सकते हैं. प्रायः मेरा मुख्य विभाग राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर बड़े मंत्री नेताओं के निवास स्थान पर हैं, पर आप मुझे बिजली विभाग में अधिकांशतः प्राप्त कर सकते हैं. आप निराश न हों... मुझे आपका यह निराश चेहरा पसंद नहीं. आप चाहें तो आपका चेहरा बदलवा दूं. लेकिन आप अब परिचित हो गये हैं. औरों से पांच लाख लेता हूं, आप दो ही दे दीजिये. सब चलता है..., अच्छा बाबा आपका चेक क्लीयर हो जाएगा....



पेट्रोल-डीजल की बेलगाम कीमत और ग्लोबल वार्मिंग के खतरों के बीच राहत का एक रास्ता आपकी कार की माइलेज से गुजरता है. माइजेल का बेहतर होना इन आपकी जेब और पर्यावरण, दोनों के लिए बेहतर है. कुछ टिप्स को अपना कर हम कार की माइलेज को बेहतर बना सकते हैं.

## कार का माइलेज बढ़ाने के लिए अपनाएं ये टिप्स

# कम ईंधन में दूर तक का सफर



पेट्रोल-डीजल की तय मात्रा में गाड़ी जितनी दूरी तय करती है, उसे माइलेज कहते हैं. जैसे कोई कार अगर एक लीटर पेट्रोल या डीजल में 25 किलोमीटर की दूरी तय करती है तो वह 25 किलोमीटर उस कार की माइलेज होगी. कार खरीदते समय कंपनी उसका एवरेज माइलेज बताती है. माइलेज जितनी बेहतर होती है, उतनी ही आपकी जेब और पर्यावरण के लिए हितकर भी. ईंधन खर्च को कम करने और पर्यावरणीय स्थिरता में अपना योगदान देने के लिए वाहन मालिकों के लिए माइलेज बेहतर रखना सबसे पहली जरूरत है. आइए, कुछ ऐसे टिप्स की करें बात जिससे आपकी कार कम ईंधन में भी अधिक दूरी तय करे-

### उचित टायर रखरखाव

कम टायर प्रेशर का मतलब होता है कि सड़क और टायर के बीच संपर्क क्षेत्र सामान्य सीमा से अधिक हो जाता है. इससे, टायर के रबड़ और सड़क के बीच घर्षण बढ़ता है जिससे अधिक फ्यूल की खपत होती है. इसलिए सुनिश्चित करें कि टायर में सही एयर प्रेशर हो. नियमित तौर पर टायर के प्रेशर की जांच करें. प्रेशर को बताए गए लेवल पर बनाए रखें. साथ ही, सुनिश्चित करें कि बेहतर ड्राइविंग के लिए आपके टायर एलाइन और संतुलित हों.

### कार के अंदर लोड को कम करें

यह नुस्खा वाकई असरकारक है. कार में रखा अपना अतिरिक्त या भारी सामान घर पर छोड़ दें, इससे आप ईंधन की बचत करने में सक्षम होंगे. क्या आप जानते हैं कि एक कार में 100 पाउंड गैस माइलेज को एक प्रतिशत तक कम कर सकता है. छोटे वाहनों को इन दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. हल्के वाहन को चलने के लिए कम पावर की जरूरत होती है. इसकी वजह से माइलेज में सुधार होता है. इसलिए, कोशिश करें कि अपनी कार में अतिरिक्त वजन न डालें और देखें कि आप इससे ईंधन पर कितना बचत कर सकते हैं.

### ईंजन की सेहत का ख़्याल रखें

अगर आप अपनी कार को गंदे और भरे हुए फिल्टर के साथ चलाते हैं, तो यह ईंधन की अधिक खपत करेगी. गंदा एयर फिल्टर, एयरफ्लो को प्रतिबंधित (रोक) कर देता है, जिससे मिश्रण में ऑक्सीजन कम हो जाती है. इससे कार इंजन को नुकसान उठाना पड़ता है और इसे अधिक ईंधन की आवश्यकता पड़ती है क्योंकि इसे अधिक पावर उपन्न करनी पड़ती है जितना की एक साफ फिल्टर पैदा करता. जाहिर है कार का माइलेज बेहतर बनाने के लिए सबसे अच्छा और आसान तरीका है अपनी कार की देखभाल करना.

**10 %**
तक कम कर सकता है गलत एलाइनमेंट कार की फ्यूल इफिशियंसी

### सही इंजन ऑयल का इस्तेमाल करें

सही इंजन तेल ग्रेड का उपयोग करेंगे तो माइलेज बेहतर होगा, यह तय है. इंजन ऑयल का सीधा संबंध इंजन के माइलेज से होता है. आपको अपनी कार मैनुअल में इसके बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी.

**10,000**
किलोमीटर चलने के बाद या हर 6 महीने पर या इन दोनों में से जो भी पहले हो, उस स्थिति में अपनी गाड़ी की सर्विसिंग जरूर कराएं.



### इन वजहों से हो सकती कार का कम माइलेज

- पुराना ऑयल
- बार-बार एक्सीलेटर का इस्तेमाल
- गीयर समय पर नहीं बदलना
- फ्यूल की खराब क्वालिटी
- इंजेक्टर का चोक होना
- व्हील बियरिंग का घिसना

### अपनाएं बेहतर आदतें

वाहन को धीरे-धीरे एक्सीलरेट करने और धीरे-धीरे स्पीड कम करने जैसी ड्राइविंग आदतों को अपनाएं. यह प्रमाणित सच्चाई है कि आक्रामक ड्राइविंग, अचानक रुकने और तेजी से शुरुआत करने जैसी आदतें फ्यूल एफिशिएंसी को काफी कम कर सकती हैं.

**मध्यम रफ्तार**

कार की माइलेज बढ़ाने के लिए टिप्स की सूची में एक आदर्श गति सीमा बनाना शामिल है, जैसा कि वाहन मैनुअल में बताया जाता है. इसमें दो राय नहीं कि जब आप कार को मीडियम स्पीड से चलाते हैं तो यह बेहतर माइलेज देती है. हाईवे पर वाहन रफ्तार को एक जैसा बनाए रखें और गैर-जरूरी स्पीड से बचें. इससे एयर रेसिस्टेंस (वायु प्रतिरोध) बढ़ सकता है और गाड़ी की माइलेज कम हो सकती है. एक रिसर्च के मुताबिक 80 मील प्रति घंटे की गति पर ड्राइव करने से 70 मील प्रति घंटे से 25% अधिक ईंधन की खपत होती है.

**बेहतर रूट प्लान करें**

ट्रैफिक से बचने के लिए नेविगेशन एप का इस्तेमाल करें और कम ट्रैफिक फ्लो वाले रास्ते चुनें. इससे माइलेज में फर्क साफ महसूस होगा. वाहन को आइडिल समय को कम से कम करें. क्योंकि आइडिल होने पर कोई दूरी तय किए बिना ईंधन की खपत होती है. ईंधन बचाने के लिए लंबे समय तक पार्क करने पर इंजन बंद कर दें.

**रेगुलर मेंटनेंस**

रेगुलर ऑयल चेंज, एयर फिल्टर बदलना और टायर एलाइनमेंट को शामिल करके नियमित तौर पर अपनी कार की सर्विस कराएं. एक अच्छी तरह से मेंटेन किया गया वाहन ज्यादा कुशलता से चलता है, जिससे फ्यूल एफिशिएंसी बेहतर होती है.

**गियर सही तरीके से उपयोग करें**

हाई माइलेज सुनिश्चित करने के लिए गियर को सही तरीके से बदलना अति आवश्यक है. यह मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन दोनों तरह की कारों के लिए लागू होता है. गियर को सही गति में उपयोग करें, जिससे अधिक ईंधन बचाया जा सकता है.

**एयर-कंडीशनर बंद रखें**

जब तक बाहर अत्यधिक गर्मी ना तो तब तक गाड़ी का एसी बंद रखें. इसका अधिक उपयोग इंजन पर बहुत ज्यादा दबाव डालता है और ईंधन की खपत को बढ़ाता है (विशेष रूप से जब गाड़ी कम गति पर चल रही हो). यह हिटेड विंडशील्ड, डिमिस्टर्स आदि के लिए भी लागू होता है.

# पल भर में हवा से बातें करने वाली मासेराटी की ये कारें



इटैलियन लग्ज़री कार निर्माता कंपनी मासेराटी ने पिछले दिनों दो दरवाजे वाली कूपे कार सेकंड जेनरेशन ग्रैनटूरिस्मो कार को भारतीय बाजार में पेश किया है. फोर सीटर (2+2 सीटिंग अरेंजमेंट) वाली इस कार के दो वेरिएंट्स हैं- मोडेना और ट्रोफियो. मोडेना वेरिएंट की कीमत 2.72 करोड़ रुपये और टॉप-रेंज ट्रोफियो वेरिएंट की कीमत 2.90 करोड़ रुपये (दोनों कीमतें एक्स-शोरूम) तय की गई है. कंपनी का दावा है कि इसका टॉप वेरिएंट 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ने में महज 3.5 सेकंड का समय लेता है.

### शानदार इंटीरियर

मोडेना वेरिएंट में स्टैंडर्ड फीचर्स के तौर पर 12.2 इंच का डिजिटल-डायल डिस्प्ले दिया है. 12.3 इंच का सेंट्रल इंफोटेमेंट सिस्टम और एक 8.8-इंच का टचस्क्रीन डिस्प्ले मिलता है जो क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फंक्शन को ऑपरेट करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा. इसमें एक डिजिटल क्लॉक और ऑप्शनल हेड-अप-डिस्प्ले की भी सुविधा मिलती है. वहीं ट्रोफियो वेरिएंट में भी फ्रंट में 20 इंच और पीछे ही तरफ 21 इंच का व्हील दिया गया है. ट्रोफियो वेरिएंट में ऑल-व्हील-ड्राइव सिस्टम है. इस वेरिएंट का बंपर मोडेना के मुकाबले ज्यादा एग्रेसिव है. इसकी अपहोल्स्ट्री भी काफी स्पोर्टी है. बाजार में इस कार का मुकाबला बीएमडब्ल्यू एम 8 और फेरारी रोमा जैसी कारों से है.

### दमदार इंजन

कंपनी ने दोनों ही वेरिएंट में एक ही 3.0-लीटर V6 ट्विन-टर्बो पेट्रोल इंजन का इस्तेमाल किया है. मोडेना वेरिएंट में इस्तेमाल किया गया वी 6 इंजन 490 हॉर्स पावर की दमदार पावर और 600 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. कंपनी का दावा है कि ये कार महज 3.9 सेकंड में ही 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ने में सक्षम है. वहीं ट्रोफियो वेरिएंट में भी कंपनी ने वही इंजन दिया है लेकिन ट्यून किए जाने के चलते ये वेरिएंट 550 हॉर्सपावर की पावर और 650 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. ये वेरिएंट 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ने में महज 3.5 सेकंड का समय लेती है. इसके इंजन का पावर आउटपुट थोड़ा ज्यादा है. इस कार की टॉप स्पीड 320 किमी/घंटा है. दोनों ही मॉडलों में कंपनी ने फ्रंट में 20 इंच और पीछे ही तरफ 21 इंच का व्हील दिया है.

**490**
हॉर्स पावर की दमदार पावर और 600 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है.

**650**
एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है. इंजन का पावर आउटपुट थोड़ा ज्यादा है.

भारतीय मूल की सुनीता और विल्मोर स्टारलाइनर कैप्सूल की तकनीकी खराबियों के चलते जून से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं. अब स्टारलाइनर को लेकर जो जानकारी सामने आ रही हैं, वे चिंता बढ़ाने वाली हैं. दरअसल स्टारलाइनर अजीबोगरीब आवाजें निकाल रहा है.

# सकुशल तो हैं सुनीता-विल्मोर!



### मां को भरोसा, वापस आएंगी सुनीता

सुनीता विलियम्स ने हाल ही अपनी मां बोनी पांड्या से संपर्क किया और उन्हें वहां की तकनीकी गड़बड़ियों के बारे में भी बताया. उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों की वजह से देरी हो रही है लेकिन यकीन रखना, मैं सुरक्षित पृथ्वी पर आउंगी, मुझे कुछ नहीं होगा. विलियम्स ने अपनी मां से कहा कि वे चिंता न करें और उसके आने की प्रतीक्षा करें. एक न्यूज चैनल से बात करते हुए सुनीता की मां बोनी पांड्या ने बताया कि सुनीता ने मुझसे कहा कि मैं उसके बारे में चिंता न करूं, सब कुछ ठीक हो जाएगा. जब उनसे बेटी के अंतरिक्ष में रहने की अवधि के बारे में पूछा गया तो बोनी ने कहा कि मैं 20 साल से अंतरिक्ष यात्री की मां हूं और यह उसकी तीसरी उड़ान है. भले ही कुछ मुद्दे हों, लेकिन हमें नहीं लगता कि कोई बड़ी समस्या है. नासा के अधिकारी बस यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वे वापस आते समय सुरक्षित रहें.

अंतरिक्ष जो खबरें सामने आ रही हैं, वे चिंता बढ़ाने वाली हैं. नासा के अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स अभी स्पेस में ही फंसे हुए हैं. अब नई समस्या यह है कि स्टारलाइनर अजीबोगरीब आवाजें निकाल रहा है. नासा के अंतरिक्ष यात्री और सुनीता विलियम्स के साथी बुच विल्मोर ने ये अजीबोगरीब आवाजें सुनीं. ये आवाजें अंतरिक्ष यान के अंदर एक स्पीकर से आ रही थीं.

**क्या है मामला**

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर एक हफ्ते के लिए अंतरिक्ष यात्रा पर गए थे. लेकिन स्पेसक्राफ्ट में हिलियम लीकेज और थ्रस्टर में खराबी आने के चलते दोनों वहां फंस गए हैं. इन दोनों की वापसी अब फरवरी 2025 तक हो सकेगी. नासा ने हाल ही में बताया था कि बोइंग स्टारलाइनर सुनीता विलियम्स और बैली विल्मोर के बिना वापस आएगा और दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को फरवरी में स्पेसएक्स के अंतरिक्ष यान से लाया जाएगा.

**अजीब सी आवाल**

रिपोर्ट के मुताबिक, विलमोर ने ह्यूस्टन में मिशन कंट्रोल से कहा, "मेरे पास स्टारलाइनर को लेकर एक सवाल है. यहां स्पीकर से एक अजीब सी आवाज आ रही है जो हमारी समझ से बाहर है." बातचीत के बाद विल्मोर ने मिशन कंट्रोल को इस आवाज सुनने के लिए तैयार किया. मिशन कंट्रोल ने भी फिर इस आवाज को सुना जो एक तरह की स्पंदनशील (वाइब्रेटाइल) आवाज थी. इस आवाज के पीछे की वजह का पता नहीं लगाया जा सका है. हालांकि मिशन कंट्रोल ने बुच विल्मोर को आश्वस्त किया है कि वह लोग इस आवाज की एनालिसिस करेंगे और जो भी पता चलेगा उसकी जानकारी देंगे. बोइंग स्टारलाइनर शुक्रवार तक वापसी की उड़ान भरने वाला है. योजना के मुताबिक इसे न्यू मेक्सिको के रेगिस्तान में लैंड कराया जाना है.

## बोपन्ना-एबडेन की पुरुष युगल जोड़ी बाहर



**न्यूयॉर्क।** रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन की तीसरे दौर में हार के साथ ही भारत की अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल में चुनौती समाप्त हो गई. बोपन्ना और एबडेन की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी रविवार की रात को खेले गए मैच में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 66 मिनट में 1-6, 5-7 से हार गई. बोपन्ना और एबडेन ने इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता था. 44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही डेविस कप से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह जनवरी 2025 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपने खिताब का बचाव करने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे या नहीं. सुमित नागल शुरुआती दौर में हार के साथ पुरुष एकल से बाहर हो गए थे, जबकि युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी इससे पहले टूर्नामेंट के विभिन्न चरणों में पुरुष युगल में हार गए थे. .

### अमेरिकी ओपन में पिछले 10 वर्ष से कोई भी खिलाड़ी लगातार दो बार खिताब नहीं जीत पाया

# एम्मा नवारो से हारकर अमेरिकी ओपन से कोको गॉफ बाहर

एजेंसी। न्यूयॉर्क

गत चैंपियन कोको गॉफ का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में अपने खिताब का बचाव करने का अभियान चौथे दौर में ही थम गया. इस तरह से वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार खिताब नहीं जीत पाने का पिछले 10 वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी है. तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 19 डबल फॉल्ट किए जिसका आखिर में उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा और वह एम्मा नवारो से 6-3, 4-6, 6-3 से हार गईं.गॉफ का पिछली कुछ प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा. वह पेरिस ओलंपिक के तीसरे दौर में हार गई थी जबकि अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेले गए टूर्नामेंट में भी वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी. उन्होंने हालांकि इसे सकारात्मक रूप में लिया.गॉफ ने कहा,''भले ही कुछ परिणाम अनुकूल नहीं रहे लेकिन मैंने इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया. कितने ही खिलाड़ी हैं जो चौथे दौर में पहुंचाना चाहते हैं और ओलंपिक का हिस्सा बनना चाहते हैं. कई खिलाड़ी हैं जो ध्वजवाहक बनना चाहते हैं. यह इस परिप्रेक्ष्य में है.''यह परिणाम शुक्रवार को मौजूदा पुरुष चैंपियन नोवाक जोकोविच की तीसरे दौर में हार के बाद आया है. इसका मतलब है कि अमेरिकी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने में असफल रहने का पिछले कुछ वर्षों से चला आ रहा सिलसिला जारी रहेगा.



**अमेरिकी ओपन में सबसे लंबा चला मैच :** अमेरिकी ओपन में इससे पहले कभी कोई मैच इतनी देर रात तक नहीं खिंचा था.पुरुष वर्ग में जोकोविच को हराने वाले 28 वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन का सफर भी लंबा नहीं चल पाया और वह फ्रांसिस टियाफो से 6-4, 7-6 (3), 2-6, 6-3 से हारकर बाहर हो गए.लगातार तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले टियाफो का अगला मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने एंड्री रुबलेव को 6-3, 7-6 (3), 1-6, 3-6, 6-3 से हराया.टेलर फ्रिट्ज़ भी आगे बढ़ने में सफल रहे. उन्होंने तीन बार के ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट कैस्पर रूड को 3-6, 6-4, 6-3, 6-2 से हराया. फ्रिट्ज़ के क्वार्टरफाइनल में प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव होंगे, जिन्होंने ब्रैंडन नकाशिमा को 3-6, 6-1, 6-2, 6-2 से पराजित किया.

**10 वर्षों में कोई भी खिलाड़ी लगातार दो बार खिताब नहीं जीता**

अमेरिकी ओपन में पिछले 10 वर्ष से कोई भी खिलाड़ी लगातार दो बार खिताब नहीं जीत पाया है. महिला एकल में ऐसा करने वाली आखिरी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थी जिन्होंने 2012 से 2014 तक खिताब जीते थे. पुरुष वर्ग में ऐसा कारनामा रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक किया था. नवारो का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने वांग याफान के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की. दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं. उन्होंने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-4 से हराया.सबालेंका क्वार्टर फाइनल में झेंग किनवेन से भिड़ेगी, जिन्होंने सोमवार को सुबह दो बजकर 15 मिनट पर समाप्त हुए मैच में डोना वेकिच को 7-6 (2), 4-6, 6-2 से हराया.

### पेरिस पैरालंपिक में भारत को मिला आठवां पदक

# कथुनिया ने डिस्कस थ्रो में जीता रजत पदक

एजेंसी।पेरिस



भारत के योगेश कथुनिया ने सोमवार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो- एफ56 स्पर्धा में रजत पदक जीता. मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने 42.22 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत जीता, जबकि ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 मीटर के रिकॉर्ड थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया. इस स्पर्धा का कांस्य पदक कोंस्टैंटिनोस त्ज़ोनिस ने जीता, जिन्होंने 41.32 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया.

कथुनिया ने अपने पहले ही प्रयास में रजत पदक अपने नाम किया और इसके बाद क्रमशः 41.50 मीटर, 41.55 मीटर, 40.33 मीटर, 40.89 मीटर और 39.68 मीटर की दूरी तक थ्रो किया. दिलचस्प बात यह है कि 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने टोक्यो 2020 में 44.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक जीता था. पेरिस 2023 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था. हरियाणा के बहादुरगढ़ से आने वाले कथूनिया 9 साल की उम्र से ही गिलियन-बर्रे सिंड्रोम का शिकार हो गए थे, जिसके कारण उन्हें लकवा पड़ गया था. इसके बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और उनकी मां ने की बहुत सहयोग दिया. भारत के लिए अन्य चार पदक पैरा शूटिंग में जीते गए.

**मनीषा को हराकर मुरुगेसन फाइनल में**

**पेरिस।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थुलासिमथी मुरुगेसन ने हमवतन मनीषा रामदास को हराकर पैरालंपिक खेलों में महिला एकल एसयू5 वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया. तमिलनाडु की रहने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त मुरुगेसन ने रविवार रात खेले गए सेमीफाइनल में मनीषा को 23-21, 21-17 से हराया. मुरुगेसन ने मैच के बाद कहा,''यह सपना सच होने जैसा है. मैं खुश हूं लेकिन मुझे फाइनल के लिए तैयारी करनी होगी. मैंने इस मैच के लिए मानसिक रूप से तैयारी की है. मेरे और मनीषा के बीच हमेशा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होती है.'

## ऊंची कूद में निषाद ने भारत को दिलाया रजत

▪ स्वर्ण से चूकने का अफसोस

**पेरिस।** निषाद कुमार ने ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात भारत को रजत पदक दिलाया. हालांकि, निषाद को स्वर्ण से चूकने का अफसोस भी रहा. इस ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में अमेरिका के खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला. अमेरिका के टाउनसेंड रोडेरिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया.पेरिस में सफलता के बाद लगातार दो पैरालंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय होने का गौरव निषाद के नाम हो गया है. पैरालंपिक ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में निषाद कुमार ने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी रोडेरिक को कड़ी टक्कर दी. निषाद ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भी रजत पदक अपने नाम किया था.पेरिस पैरालंपिक में निषाद ने रजत जीतने के बाद खेल भावना की शानदार मिसाल पेश की. उन्होंने अमेरिकी खिलाड़ी की सुनहरी कामयाबी पर बांहों में भरकर बधाई दी. कांटे की टक्कर में निषाद दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी ने इस सीजन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया.भारत को पदक दिलाने की खुशी के साथ-साथ निषाद को स्वर्ण से चूकने का अफसोस भी रहा. उन्हें तीसरे प्रयास में असफल होने के बाद भावुक भी देखा गया. पेरिस में दोहराई टोक्यो की कहानी.



**पीएम मोदी ने निषाद को दी बधाई**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निषाद कुमार को पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर बधाई दी है. प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''पैरालंपिक में पुरुषों की ऊंची कूद टी47 स्पर्धा में रजत पदक जीतने में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए निषाद कुमार को बधाई! उन्होंने हम सभी को दिखाया है कि जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ सब कुछ संभव है. हर भारतीय खुश है.''पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय एथलीट्स का कमाल जारी है. पुरुषों की हाई जंप (T47) स्पर्धा में निषाद ने कमाल दिखाते हुए रजत पदक अपने नाम किया. 25 साल के निषाद कुमार ने टोक्यो पैरालंपिक में भी रजत पदक जीता था. निषाद लगातार दो पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले सबसे युवा पैरा-एथलीट बन गए हैं.

**हिना सिद्धू ने प्रीति पाल के प्रदर्शन की सराहना की**

**नई दिल्ली।** भारत की ओलंपियन पिस्टल शूटर हिना सिद्धू ने पेरिस पैरालंपिक में ऐतिहासिक पदक जीतने वाली पैरा-एथलीट प्रीति पाल की सराहना की. इस एथलीट ने अपने हौसले और जज्बे से वो कर दिखाया है, जो अभी तक किसी भी भारतीय महिला ने न ओलंपिक में किया था और न ही पैरालंपिक में. महिला एथलीट प्रीति पाल ने महिला 200 मीटर रेस (टी35) इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया. यह इस पैरालंपिक में प्रीति पाल का दूसरा कांस्य पदक है. इससे पहले उन्होंने 100 मीटर में भी पदक जीता था.प्रीति ने सोमवार को महिलाओं की 200 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया. वह पैरालंपिक या ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट बन गईं .हीना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर एक पोस्ट में लिखा, "पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने के लिए प्रीति पाल को हार्दिक बधाई.

## महिला टी 20 विश्व कप के लिए स्कॉटलैंड की टीम का ऐलान

▪ कैथरीन ब्राइस होंगी कप्तान

एजेंसी। एडिनबर्ग

स्टार ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस की अगले महीने यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है. ब्राइस ने इस साल मई में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर 2024 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसने उन्हें शोपीस टूर्नामेंट में पहली बार जगह दिलाई. उन्होंने 177 रन बनाए और 9 विकेट भी लिए थे. उनकी बहन, विकेटकीपर-बल्लेबाज सारा ब्राइस को उप-कप्तान बनाया गया है. यह स्कॉटलैंड का पहला महिला टी20 विश्व कप होगा और उनके दल में ऑलराउंडरों की भरमार है. इस साल यूएई में ही आयोजित हुए क्वालिफायर टूर्नामेंट में रनर अप बनने के बाद स्कॉटलैंड को महिला टी20 विश्व कप में प्रवेश मिला है. नीदरलैंड में भी आयोजित त्रिकोणीय श्रृंखला में स्कॉटलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था.

**स्कॉटलैंड की टीम**

कैथरीन ब्राइस (कप्तान), सारा ब्राइस (उपकप्तान), लॉरना जैक, एबी एटकेन-ड्रमंड, अब्ताहा मकसूद, सस्किया हॉर्ली, क्लॉए ऐबेल, प्रियानाज़ चटर्जी, कैथरीन फ्रेजर, मेगन मैकक्कॉल, ओलिविया बेल, डार्सी कार्टर, एलिसा लिस्टर, हन्ना रेनी, रेचल स्लेटर

## पिछले कुछ वर्षों से मेरी नजर हेमलता पर थी : बेथ मूनी

एजेंसी। नई दिल्ली



महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सीजन में भारतीय बल्लेबाज दयालन हेमलता खेलती नजर आएंगी. इस बीच ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी ने बताया कि वह पिछले कुछ वर्षों से हेमलता के प्रदर्शन पर नजर रख रही थीं, उन्हें टीम में शामिल करने से बेहद खुश हैं.डब्ल्यूबीबीएल के ओवरसीज ड्राफ्ट में हेमलता का नाम शामिल है. यह भारतीय खिलाड़ी ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के साथ दमदार बल्लेबाजी करती हैं. डब्ल्यूबीबीएल में उन्हें पर्थ स्कॉर्चर्स ने चुना है और वह अपने पहले विदेशी टी20 लीग क्लब में बेथ के साथ शामिल होंगी. दोनों बेंगलुरु और नई दिल्ली में डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात जायंट्स कैंप में एक साथ थीं.बेथ मूनी ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, "निश्चित रूप से वह एक ऐसी खिलाड़ी रही हैं जिस पर मैंने पिछले कुछ वर्षों से डब्ल्यूपीएल में अपनी नजर बनाए रखी है और उन्होंने विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह बनाई है.

## कीर्ति आजाद की पत्नी का निधन, सोशल मीडिया पर दी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम झा आजाद का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया. इस दुखद खबर की जानकारी खुद कीर्ति आजाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ''एक्स'' पर दी. रतीय टीम के पूर्व आक्रामक दाएं हाथ के बल्लेबाज और ऑफ स्पिन गेंदबाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा, "मेरी पत्नी पूनम अब इस दुनिया में नहीं रहीं. आज दोपहर 12:40 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली. आप सभी की शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद."तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूनम झा आजाद के निधन पर शोक व्यक्त किया.

## साइना साल के अंत तक ले सकती हैं खेल से सन्यास

▪ साइना नेहवाल ने किया गठिया रोग से जूझने का खुलासा

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया (आर्थराइटिस) से जूझ रही हैं और इसी साल के अंत तक अपने खेल करियर के बारे में फैसला लेंगी. उन्होंने बताया कि इस बीमारी के कारण उनके लिए रोज की ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल हो गया है. साइना ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं. उन्होंने 2012 में लंदन ओलंपिक में महिला सिंगल्स में कांस्य पदक जीता था. साइना दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी भी रही हैं और उन्होंने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता है. साइना ने ''हाउस ऑफ ग्लोरी'' पॉडकास्ट में कहा, "मेरे घुटने ठीक नहीं हैं. मुझे गठिया है. मेरे कार्टिलेज की हालत बहुत खराब है. आठ-नौ घंटे की ट्रेनिंग करना बहुत मुश्किल हो गया है.

## गलत साबित होने पर मुझे खुशी होगी : माइकल वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को लगता है कि इंग्लैंड के कार्यवाहक कप्तान ओली पोप एक लीडर के तौर पर असुरक्षित इंसान हैं. हालांकि वॉन का मानना है कि पोप को लेकर अगर उनकी यह सोच गलत साबित होती है तो उन्हें खुशी होगी. ओली पोप ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड की 190 रन की जीत में 1 और 17 रन बनाए थे. अब तक सीरीज में उन्होंने चार पारियों में केवल 30 रन बनाए हैं. बल्लेबाजी करते समय पोप के परेशान और बेचैन नजर आने पर सवाल उठाए गए हैं और उनकी नेतृत्व क्षमता की आलोचना बढ़ गई है. हालांकि, उन्होंने अपने गेंदबाजों को अच्छी तरह लाइन-अप और रोटेट किया और कई बार फील्ड में भी बदलाव करते दिखे.

### यूटीटी 2024 नॉकआउट मुकाबला

# चेन्नई लायंस और पुनेरी पलटन आमने-सामने

एजेंसी।चेन्नई

अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 की दौड़ तेज होने के साथ ही पूर्व चैंपियन चेन्नई लायंस मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में पुनेरी पलटन टेबल टेनिस से भिड़ेगी. रविवार को जयपुर पैट्रियट्स के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में 9-6 की शानदार जीत के बाद, पुनेरी पलटन ने खुद को फिर से मजबूत दावेदार बना लिया है. टीम को अपने अंतिम लीग मुकाबले में चेन्नई के खिलाफ अपने दमदार प्रदर्शन करने की उम्मीद होगी.पुनेरी पलटन टेबल टेनिस अपने चार मुकाबलों में से दो जीतकर 28 अंकों के साथ छठे स्थान पर है. दूसरी ओर, चेन्नई लायंस अपने चार मुकाबलों में 25 अंकों के साथ एक पायदान नीचे है. इसलिए एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि दोनों पक्षों में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी-अपनी टीमों के पक्ष में पासा पलटने में सक्षम हैं. पुनेरी पलटन की टीम जहां अंकुर भट्टाचार्य और अहिका मुखर्जी के युवा कंधों पर निर्भर होगी, वहीं चेन्नई लायंस की उम्मीदें दिग्गज अचंत शरत कमल के अनुभव के साथ-साथ जापान के सकुरा मोरी और अनुभवी मौमा दास पर टिकी होंगी, जिन्होंने गत चैंपियन एथलीड गोवा चैलेंजर्स के खिलाफ अपने पिछले मुकाबले में टूर्नामेंट में प्रभावशाली वापसी की थी.



**टीमें**

- **चेन्नई लायंस:** अचंत शरत कमल, सकुरा मोरी (जापान), जूल्स रोलैंड (फ्रांस), पोयमंती बैस्या, मौमा दास, अभिनांध पीबी
- **पुनेरी पलटन:** अहिका मुखर्जी, नतालिया बजोर (पोलैंड), जोआओ मोंटेइरो (पुर्तगाल), अंकुर भट्टाचार्जी, अनिर्बान घोष, याशिनी शिवशंकर

**आक्रोश**

### युवराज सिंह के पिता योगराज फिर हुए आगबबूला, जमकर निकाला भड़ास

# 'धोनी खुद को आइने में देखें, कभी माफ नहीं करूंगा'

एजेंसी। नई दिल्ली



टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह एक बार फिर एमएस धोनी पर जमकर बरसे हैं. भारत के लिए सात मैच खेल चुके योगराज ने कई बार सार्वजनिक मंच पर भारत के पूर्व कप्तान धोनी की आलोचना की है और उन पर अपने बेटे युवराज का करियर बर्बाद करने का आरोप लगााया है. धोनी पर फिर से हमला बोलते हुए योगराज ने कहा है कि वह धोनी को जिंदगी में कभी माफ नहीं करेंगे. योगराज का कमेंट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है.योगराज ने जी स्विच के यूट्यूब चैनल से बातचीत करते हुए कहा, 'मैं एमएस धोनी को माफ नहीं करूंगा. उन्हें आईने में अपना चेहरा देखना चाहिए. वह बहुत बड़े क्रिकेटर हैं, लेकिन उन्होंने मेरे बेटे के खिलाफ जो किया है, वह सब कुछ अब सामने आ रहा है. उन्हें जीवन में कभी माफ नहीं किया जा सकता. मैंने जीवन में कभी दो चीजें नहीं की हैं, पहला जिसने मेरे लिए गलत किया है, मैंने उसे कभी माफ नहीं किया है और दूसरा, मैंने अपने जीवन में कभी भी उन्हें गले नहीं लगाया है, चाहे वह मेरे परिवार के सदस्य हों या मेरे बच्चे.यह पहली बार नहीं है जब योगराज ने धोनी पर सीधा निशाना साधा है.

धोनी के कारण सीएसके आईपीएल 2024 हारा

इस साल की शुरुआत में 66 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने दावा किया था कि धोनी के बुरे कामों के कारण सीएसके आईपीएल 2024 हार गई. उन्होंने धोनी पर युवराज से ईर्ष्या करने का भी आरोप लगाया. योगराज ने कहा था, ''सीएसके आईपीएल 2024 हार गई. वे क्यों हार गए? जो बोओगे, वैसा ही काटोगे. युवराज सिंह आईसीसी के एम्बेसडर हैं, उन्हें सलाम! ईर्ष्यालु धोनी, वह कहां हैं? उसने युवराज से हाथ तक नहीं मिलाया और यही कारण है कि सीएसके इस साल विफल रही.''धोनी ने अगस्त 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी. हालांकि, 43 वर्षीय यह दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज अभी भी आईपीएल में एक खिलाड़ी के रूप में सक्रिय है. चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ धोनी का भविष्य फिलहाल अनिश्चित है क्योंकि यह स्पष्ट नहीं है कि वह अगले साल आईपीएल में हिस्सा लेगा या नहीं. इसको लेकर कयासों का दौर जारी है. यह बात भी सामने आई थी कि सीएसके उन्हें एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में खिलाने के लिए बीसीसीआई को मना रहा था. वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम के भविष्य से धोनी की भविष्य तय होगी.

# डेविस कप मुकाबले से हटे नागल

एजेंसी। नयी दिल्ली



भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल पीठ की चोट के कारण स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले से सोमवार को हट गये. नागल हाल ही में अमेरिकी ओपन में अपने पहले दौर के एकल मुकाबले में टालोन ग्रिक्सपुर से हार गए थे. भारत और स्वीडन के बीच स्टॉकहोम में इनडोर हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता 14-15 सितंबर को खेली जाएगी. नागल ने सोशल मीडिया पर लिखा,''मैं स्वीडन के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए वास्तव में उत्सुक था.'उन्होंने कहा, 'मुझे हालांकि पीठ में दर्द की समस्या पिछले कुछ सप्ताह से परेशान कर रही है. डॉक्टरों ने मुझे अगले दो सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी है, जिससे मेरे पास तैयारी करने और स्वीडन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है.' उन्होंने कहा,' मैंने इसी समस्या के कारण अमेरिकी ओपन में युगल मुकाबलों से अपना नाम वापस ले लिया था. मैं डेविस कप मुकाबले से चूकने को लेकर बहुत निराश हूं, लेकिन पीठ की स्थिति को और खराब होने से बचाने के लिए मुझे अपने शरीर के मुताबिक काम करना होगा ताकि मैं सीजन को मजबूत और स्वस्थ तरीके से समाप्त कर सकूं. भारतीय टीम को शुभकामनाएं. मैं घर से आप सभी की हौसला अफजाई करुंगा.'

नागल जुलाई में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 68 पर पहुंच गए थे लेकिन नवीनतम रैंकिंग में गिरकर 82 पर आ गए हैं. भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी का डेविस कप मुकाबले का हिस्सा नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका है. पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन आशुतोष सिंह को राष्ट्रीय टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### राजद सुप्रीमो लालू यादव सिंगापुर से लौटे

**पटना ।** राजद सुप्रीमो लालू यादव लगभग दस दिन सिंगापुर में रहने बाद सोमवार को दिल्ली लौट आए हैं. लालू यादव रूटीन हेल्थ चेकअप के लिए विदेश दौरे पर गए थे. किडनी ट्रांसप्लांट के बाद उन्हें डॉक्टर ने रूटीन जांच कराने की सलाह दी थी. वो बीते 21 अगस्त को राबड़ी देवी और मीसा भारती के साथ सिंगापुर गए थे. वहीं सोमवार को लालू यादव सिंगापुर से दिल्ली लौट आए हैं. फिलहाल वो दिल्ली में हैं. माना जा रहा है कि एक दो दिनों में लालू यादव दिल्ली से पटना लौट आएंगे.

### चोर गिरोह के सदस्यों ने स्टॉफ को मारी गोली

**पूर्वी चंपारण ।** सड़क किनारे खड़े टैंकर व ट्रक से डीजल-पेट्रोल की चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों ने एक लाइन होटल के स्टॉफ को गोली मार दी. बदमाशों की गोली से घायल युवक को मुजफ्फरपुर भेजा गया है. इसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है. घटना सोमवार तड़के सुबह मेहसी थाना क्षेत्र के एनएच-28 के बाबा लाइन होटल के पास की है. घायल युवक की पहचान मेहसी थाना क्षेत्र के बखरी नाजिर गांव के दीपक साह के रूप में हुई है. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एक कार पर सवार होकर चार बदमाश लाइन होटल पर खड़ी ट्रैंकर के पास पहुंचे, जिसे देख दीपक ने चिल्लाना शुरू कर किया.

### नशे की लत में युवक ने की खुदकुशी

**बिहारशरीफ ।** हिलसा थानाक्षेत्र के पटेल नगर मुहल्ले में नशे की लत ने जान ले ली. घटना सोमवार की अहले सुबह की बताई जाती है. जहां हिलसा थानाक्षेत्र के मोहिंदर पूर गांव निवासी शंकर यादव के पुत्र अरमान कुमार नशे से आहत होकर गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि उक्त युवक ब्राउन शुगर जैसे नशे का आदी था. सोमवार की सुबह मां से पैसे मांगा. पैसे नहीं देने पर युवक कमरे में बंद होकर गले में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. जब सुबह नौ बजे तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मां को कुछ अनहोनी की आशंका हुई. जब दरवाजा तोड़ा गया तो युवक का शव रस्सी से झुलस रहा था.

# राज्य में अगस्त माह में मिले डेंगू के सात सौ से अधिक मरीज

**संवाददाता । पटना**

बिहार में डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है. इसे देखते हुए पटना के एनएमसीएच हॉस्पिटल में डेंगू की जांच से इलाज तक की निःशुल्क व्यवस्था है. अस्पताल में 55 बेड का डेंगू वार्ड बनाया गया है, जिसमें 20 बेड महिलाओं के लिए तथा 20 बेड पुरुषों के लिए हैं. इसके अलावा 10 बेड बच्चों के लिए हैं. पांच बेड इमरजेंसी के लिए लगाये गये है. अस्पताल में जीरो ड्रग



परचेसिंग पॉलिसी के तहत डेंगू का इलाज चल रहा है, जिससे मरीज के परिजन को बाहर से कुछ लाने की जरूरत नहीं होगी.

**सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश**

पटना के अलावा विभिन्न जिलों में भी डेंगू के मामले आये हैं. एक से 30 अगस्त तक राज्य में 728 डेंगू के मरीज मिले हैं. स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं. साथ ही जिला अस्पतालों में 10 बेड और अन्य अस्पतालों में 5-5 बेड डेंगू मरीजों के लिए सुरक्षित रखने को कहा गया है. आईजीआईएमएस के डॉक्टर वेदप्रकाश ने लोगों को सर्तकता बरतने की सलाह देते हुए कहा कि डेंगू मच्छर के काटने से होता है. डेंगू पीड़ित को हमेशा मच्छरदानी के भीतर रहना चाहिए और आराम करना चाहिए. इसके साथ प्रचुर मात्रा में पानी और पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए. यदि दिक्कत और बेचैनी महसूस हो रही है तो घर में ना रहें. अस्पताल पहुंचे और एडमिट हों. मच्छर से बचने का प्रयास करें. पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहने तथा रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें.

# उमस भरी गर्मी के बीच 19 जिलों में बारिश का अलर्ट

**संवाददाता । पटना**

मौसम विभाग ने बिहार के 19 जिलों में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है. साथ ही मेघ गर्जन और वज्रपात की चेतावनी भी दी गई है. अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में खास बदलाव की संभावना नहीं है. मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले सप्ताह में राज्य में किसी भी भाग में भारी बारिश की खास संभावना नहीं है. बिहार के लोग गर्मी से त्रस्त हैं. वातावरण में आर्द्रता बढ़ने से लोग जून जुलाई माह वाली गर्मी का एहसास कर रहे हैं. बादलों की अटखेलियों के बीच आ रही धूप शरीर को जला रही है. इस बीच मौसम विभाग ने बताया है कि बिहार में मॉनसून बेहद कमजोर पड़ गया है और अगले छह दिन तक झमाझम बारिश की राज्य में उम्मीद नहीं है. हालांकि, पटना और उसके आसपास के इलाकों में बादल छाए रहेंगे और कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है.

### मामला जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र की एक गांव की है

# भाजपा नेता ने दिव्यांग से किया दुष्कर्म, वीडियो कर दिया वायरल

### पीड़ित के परिजन बोले- बहलाकर ले गया था

**संवाददाता । गया**

गया जिले में हैवानियत हुई है. इसको अंजाम देने का आरोप भाजपा नेता पर लगा है. आरोप है कि शनिवार देर शाम भाजपा नेता नरेश राम तुरी ने दिमागी तौर पर कमजोर लड़की का दुष्कर्म किया है. इतना ही नहीं उसने हैवानियत के बाद फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. मामला तूल पकड़ने लगा तो पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार कर लिया. अब यह मामला काफी चर्चा में है. इस सियासत भी शुरू हो गई है. विपक्ष के नेता भाजपा नेता पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं.

**लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया था :** यह पूरा मामला गया जिले के फतेहपुर थाना क्षेत्र की एक गांव की है. मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिन फतेहपुर थाना क्षेत्र में दिमागी तौर पर कमजोर लड़की के साथ भाजपा के पूर्व विधायक स्व. काली चरण के अधेड़ पुत्र ने बहला फुसलाकर कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. पीड़िता के परिजनों ने महिला थाना में आरोपी पर एफआईआर दर्ज कराई है. पीड़िता के परिजनों ने अपने लिखित शिकायत पत्र में बताया है कि

**विपक्ष के नेता भाजपा नेता पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं**



भाजपा ऑफिस में भाजपा नेता

मेरी बेटी दिमागी तौर पर कमजोर है. इसी का फायदा उठाकर भाजपा नेता ने लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है. दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने लड़की की अश्लील फोटो और वीडियो बना कर वायरल कर दिया है.

12 घंटे के अंदर दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार

वहीं महिला थाना में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई. पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी. 12 घंटे तक चली छापेमारी के दौरान दुष्कर्मी नरेश राम तुरी को गिरफ्तार कर लिया. उसके बाद महिला थाना में लाकर पूछताछ के बाद पुलिस आरोपी को जेल भेज दिया.

**पूर्व विधायक स्व काली चरण के पुत्र है :** वहीं दुष्कर्मी नरेश राम तुरी भाजपा नेता सह पूर्व विधायक स्व काली चरण के पुत्र है. जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है. नाम नहीं छापने के शर्त पर भाजपा नेता ने बताया कि आरोपी के पिता पूर्व विधायक स्व. काली चरण भाजपा के नेता थे. उनके देहांत के बाद आरोपी नरेश राम तुरी भाजपा में शामिल हुए थे. सूत्रों की मानें तो वह भाजपा में अनुसूचित जाति मोर्चा किसी पद पर हैं. हालांकि भाजपा के किसी अधिकारी ने अब तक इसकी पुष्टि नहीं की है. सीनियर एसपी आशीष भारती ने बताया कि गया पुलिस जघन्य घटनाओं को रोकने के लिए लगातार काम कर रही है.

### शादीशुदा प्रेमी को प्रेमिका ने दिया जहर

**गोपालगंज ।** गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी गांव निवासी एक शादीशुदा प्रेमी को प्रेमिका ने मछली-भात खिलाने के लिए घर बुलाया और खाना में जहर मिलाकर खिला दी. इससे प्रेमी की स्थिति नाजुक हो गई. प्रेमी ने अपने दोस्त को फोन कर बुलाया, जिसके बाद दोस्तों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रेमी की स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया.

### रोहतास में भीषण हादसा

# दो बाइक में टक्कर, तीन की मौत

**संवाददाता । रोहतास**

रोहतास में भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई. तीनों दोस्त थे. वहीं दो युवकों की हालत गंभीर है. दोनों का इलाज चल रहा है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई. पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटना रोहतास थानाक्षेत्र के समहुता गांव के पास की है. हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. स्थानीय लोगों का कहना है कि तीनों दोस्त रविवार मध्य रात्रि बाइक से बाहर से घर लौट रहे थे. अचानक बगल से दूसरी बाइक आ गई. जब तक दोनों बाइक सवार संभल पाते तब तक दोनों गाड़ी के बीच भीषण टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि दोनों बाइक पर सवार लोग जमीन पर गिर गए. इसमें से दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं एक ने अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया. वहीं दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवकों की हालत गंभीर है.

**इलाके में सनसनी फैल गई**

पुलिस का कहना है कि मरने वाले तीनों युवकों की पहचान तिलौथू थानाक्षेत्र के बाबूगंज के रहने वाले रजनीश कुमार, पंकज कहार तथा लखन चौधरी के रूप में हुई है. वहीं घायल छोटेलाल एवं बिट्टू कुमार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया. दो बाइक की टक्कर में तीन युवकों की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई. घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंचकर डेड बॉडी का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम कर कर परिजनों को सौंप दी है.

## वंदे भारत ट्रेन को बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा

**संवाददाता । पटना**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने वंदे भारत एक्सप्रेस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार में सुरक्षा बढ़ाते हुए कई राज्यों के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर आगाह किया है. वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी का संदेश एक कर्मचारी के मोबाइल फोन पर आया है. रेलवे सुरक्षा बल ने इस धमकी को गंभीरता से लिया है. खासतौर पर वंदे भारत एक्सप्रेस की निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए हैं. किसी ने नार्दर्न फ्रंटियर रेलवे (असम) क्षेत्र में वंदे भारत को बम से उड़ाने की धमकी का मैसेज व्हाट्स ऐप पर एक रेलकर्मी के



पास भेजा है. इस कर्मचारी ने तत्काल यह सूचना वरिष्ठ अफसरों को दी. इसके बाद हाजीपुर जोन आरपीएफ के आईजी ने बिहार, झारखंड, भोपाल और उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा है. इसमें धमकी के मद्देनजर सतर्कता बरतने का आदेश जारी किया गया है. रांची की विशेष शाखा ने भी झारखंड के सभी जिलों को पत्र भेजकर सतर्कता व सुरक्षा पर जोर दिया है.

### पानी भरे गड्ढे में डूबे चार बच्चे, एक लाश बरामद

**पटना ।** पटना के बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेका बीघा गांव में सोमवार को नहाने के दौरान पानी भरे गड्ढे में चार बच्चे डूब गये. बच्चों के डूबने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई. आसपास के लोगों ने इसकी सूचना बख्तियारपुर थाने को दी. सूचना मिलते ही बख्तियारपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोर के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया. बताया जा रहा है कि घंटों प्रयास के बावजूद एक बच्चे की लाश बरामद हुई है. बताया जा रहा है कि बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेका बीघा गांव में धोबी घाट के नजदीक गांव के 12 बच्चे नहाने गए थे. नहाने के दौरान कुछ बच्चे पानी से बाहर निकल आए. इस बीच चार बच्चे गहरे पानी में चले गए.

## कारोबार

### कोल इंडिया का उत्पादन 12% घटा

**नयी दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का अगस्त में कोयला उत्पादन 11.9 प्रतिशत घटकर 4.61 करोड़ टन रह गया. बीएसई को दी सूचना में बताया, अगस्त 2023 में कंपनी का कोयला उत्पादन 5.23 करोड़ टन था. हालांकि, अप्रैल-अगस्त की अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन बढ़कर 29.04 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 28.15 करोड़ टन था. कोयले का उठाव भी अगस्त में घटकर 5.21 करोड़ टन रह गया, जो अगस्त 2023 में 5.91 करोड़ टन था.

### बजाज ऑटो की अगस्त में थोक बिक्री 16% बढ़ी

**नयी दिल्ली ।** मोटर वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो की अगस्त में निर्यात सहित कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,97,804 इकाई हो गई. कंपनी की अगस्त 2023 में कुल थोक बिक्री 3,41,648 इकाई रही थी. बजाज ऑटो ने बयान में कहा, कुल घरेलू बिक्री अगस्त में 24 प्रतिशत बढ़कर 2,53,827 इकाई हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में बिक्री 2,05,100 इकाई रही थी. बयान के अनुसार, समीक्षाधीन महीने में कुल निर्यात पांच प्रतिशत बढ़कर 1,43,977 इकाई हो गया.

### मारुति सुजुकी ने कीमत घटाई

**नयी दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के चुनिंदा संस्करणों की कीमत में तत्काल प्रभाव से कटौती की है. मोटर वाहन विनिर्माता ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एस-प्रेसो एलएक्सआई पेट्रोल की कीमत 2,000 रुपये और ऑल्टो के10 वीएक्सआई पेट्रोल की कीमत 6,500 रुपये घटाई गई है. ऑल्टो के10 की कीमत 3.99 लाख रुपये से 5.96 लाख रुपये के बीच है, जबकि एस-प्रेसो की कीमत 4.26 लाख रुपये से 6.11 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) के बीच है. कंपनी की छोटी कारों (जिसमें ऑल्टो तथा एस-प्रेसो शामिल है) की बिक्री अगस्त में घटकर 10,648 इकाई रह गई.

### एचएसबीसी इंडिया के सर्वे में सोमवार को बताया

# मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में वृद्धि जारी, अगस्त में पीएमआई 57.5 रहा

- नए निर्यात ऑर्डर 2024 कैलेंडर वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे कम गति से बढ़े

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में धीमी रही क्योंकि उत्पादन व बिक्री जनवरी के बाद से सबसे कम दर से बढ़ी, जबकि प्रतिस्पर्धी दबाव तथा मुद्रास्फीति की चिंताओं ने कारोबारी विश्वास को प्रभावित किया. सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई. मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अगस्त में 57.5 रहा, जो जुलाई में 58.1 था. पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है.

एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, अगस्त में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार जारी रहा, हालांकि विस्तार की गति थोड़ी धीमी रही. नए ठेकों और उत्पादन में मुख्य रुझान देखने को मिला, हालांकि कुछ कारोबारियों ने मंदी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को एक मुख्य वजह बताया. सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में नए कारोबार में तेजी से वृद्धि हुई, लेकिन विस्तार की गति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई. इसी तरह, नए निर्यात ऑर्डर 2024 कैलेंडर वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे कम गति से बढ़े. कीमतों के मोर्चे पर, वस्तु उत्पादकों को अगस्त के दौरान लागत दबाव में कमी से लाभ हुआ.

सर्वेक्षण के अनुसार, कारोबारी आत्मविश्वास में कमी आई है जो अप्रैल 2023 के बाद से सबसे कम निचले स्तर पर है. भंडारी ने कहा, प्रतिस्पर्धी दबावों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण अगस्त में वर्ष के लिए कारोबारी दृष्टिकोण में थोड़ी नरमी आई है. इस बीच, शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि अप्रैल-जून 2024-25 में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गई. यह 15 महीने में सबसे कम है. इसकी मुख्य वजह कृषि व सेवा क्षेत्र का खराब प्रदर्शन रहा. अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.2 प्रतिशत बढ़ा. एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है.

### अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने किया अधिग्रहण

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (एईएसएल) ने खावड़ा चौथे चरण की पार्ट-ए पारेषण परियोजना के 298 किलोमीटर लंबे विशेष उद्देश्य वाहन (एसपीवी) का अधिग्रहण किया है. कंपनी बयान के अनुसार, खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (एक एसपीवी) की स्थापना आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) द्वारा खावड़ा आरई पार्क से सात गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा निकालने के लिए की गई थी. अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस (एईएसएल) अगले 24 महीने में गुजरात में बीओओटी (निर्माण, स्वामित्व, संचालन व हस्तांतरण) आधार पर परियोजना शुरू करेगी. बयान में कहा गया, कंपनी 298 किलोमीटर (596 सीकेएम) पारेषण परियोजना के निर्माण के लिए 4,091 करोड़ रुपये का निवेश करेगी. एईएसएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कंदर्प पटेल ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा पार्क के रूप में खावड़ा को ऐसे बिजली निकासी बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है जो न केवल विश्व स्तरीय हो, बल्कि जुझारू तथा भविष्य के लिए भी तैयार हो.

# सेंसेक्स नया ऑल-टाइम हाई लगाकर पहली बार 82,500 के पार हुआ बंद

**मुंबई । आईएएनएस**

भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा. लार्जकैप शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली. इसके कारण सेंसेक्स 194 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,559 और निफ्टी 42 अंक या 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,278 पर बंद हुआ. सत्र के दौरान बाजार के दोनों मुख्य सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने क्रमशः 82,725 और 25,333 का नया ऑल टाइम हाई बनाया. बाजार के ऑल-टाइम हाई पर होने के बाद भी बाजार का रुझान नकारात्मक था. बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,782 शेयर हरे निशान, 2,256 शेयर लाल निशान और 149 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं.



सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टाइटन और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स थे. टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, एमएंडएम, विप्रो, भारती एयरटेल, एलएंडटी, पावर ग्रिड और टीसीएस टॉप लूजर्स थे. लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखने को मिली. निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 134 अंक या 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,152 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 62 अंक या 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,244 पर बंद हुआ. सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, एफएमसीजी और प्राइवेट बैंक सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे. ऑटो, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया और इन्फ्रा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे. एलकेपी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार रूपक दे का कहना है कि निफ्टी सकारात्मक शुरुआत के बाद 25,300 के ऊपर टिकने में नाकामयाब रहा. जब तक निफ्टी इस स्तर के नीचे रहेगा, तब तक ट्रेंड साइडवे से नकारात्मक रहेगा. अगर गिरावट होती है तो 25,000 का स्तर देखने को मिल सकता है.

### फिलिप्स ने भरत शेष को प्रबंध निदेशक बनाया

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

फिलिप्स ने भरत शेष को भारतीय उपमहाद्वीप का प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किया है. कंपनी बयान के अनुसार, शेष ने एक सितंबर 2024 से कार्यभार संभाल लिया. वह गुड़गांव स्थित मुख्यालय वाले स्वास्थ्य सेवा व्यवसाय का प्रबंधन करेंगे और भारत में परिचालन के लिए फिलिप्स के लाइसेंस की जिम्मेदारी संभालेंगे. इसमें बेंगलुरु स्थित फिलिप्स इनोवेशन कैंपस (पीआईसी), पुणे स्थित हेल्थकेयर इनोवेशन सेंटर (एचआईसी) और चेन्नई स्थित ग्लोबल बिजनेस सर्विसेज (जीबीएस) शामिल हैं. शेष ने डेनियल माजोन की जगह ली है. माजोन एक अप्रैल 2024 तक फिलिप्स भारतीय उपमहाद्वीप के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक थे. इसके बाद उन्होंने नीदरलैंड स्थित फिलिप्स मुख्यालय में वैश्विक भूमिका संभाली. नीदरलैंड में मुख्यालय वाली फिलिप्स डायग्नोस्टिक इमेजिंग, अल्ट्रासाउंड, इमेज-गाइडेड थेरेपी, मॉनिटरिंग और एंटरप्राइज इन्फॉर्मेटिक्स के साथ-साथ व्यक्तिगत स्वास्थ्य में भी अग्रणी है.

**मिली मंजूरी** — आईनॉक्स विंड की ईपीसी शाखा ने दी मंजूरी

# रेस्को ग्लोबल ने 350 करोड़ रुपये जुटाए

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

आईनॉक्स विंड की इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण (ईपीसी) शाखा रेस्को ग्लोबल के निदेशक मंडल ने प्रमुख निवेशकों से 350 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाने को मंजूरी दे दी है. कंपनी बयान के अनुसार, इस धनराशि का इस्तेमाल व्यवसाय को बढ़ाने तथा भारतीय पवन ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए किया जाएगा. इसमें कहा गया, भारत की अग्रणी पवन ऊर्जा समाधान प्रदाता आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) ने सोमवार को घोषणा की कि उसकी अनुषंगी कंपनी ईपीसी शाखा रेस्को ग्लोबल विंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रेस्को ग्लोबल) के निदेशक मंडल ने एकल अंक की हिस्सेदारी के लिए प्रमुख निवेशकों से 350 करोड़ रुपये की इक्विटी जुटाने को मंजूरी दे दी है. आईनॉक्सजीएफएल समूह के कार्यकारी निदेशक देवांश जैन ने कहा, रेस्को ग्लोबल में सही समय पर जुटाई गई निधि से कंपनी को अपने कार्यान्वयन को बढ़ाने और पेशकशों का विस्तार करने में मदद मिलेगी. हमारा मानना है कि यह हमारी सभी कंपनियों की भविष्य में शानदार वृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक और बड़ा कदम है. आइनॉक्स विंड समूह के सीईओ कैलाश ताराचंदानी ने कहा, कोष जुटाने का काम सही समय पर किया गया है, क्योंकि रेस्को ग्लोबल काफी तेजी से काम कर रहा है और नए ठेके ले रहा है.

**स्टरलाइट पावर ने किया अधिग्रहण**

**नयी दिल्ली ।** स्टरलाइट पावर ने खावड़ा आरई पार्क से नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी के लिए एक विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) खावड़ा चौथे चरण की पार्ट-सी पारेषण परियोजना का अधिग्रहण किया है. कंपनी बयान के अनुसार, खावड़ा आईवीए पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड की स्थापना आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड द्वारा खावड़ा आरई पार्क से सात गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा निकालने के लिए की गई थी. स्टरलाइट पावर ने आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड से एसपीवी खावड़ा चौथे चरण के पार्ट-सी पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड के अधिग्रहण की घोषणा की. स्टरलाइट पावर के प्रबंध निदेशक प्रतीक अग्रवाल ने बयान में कहा, यह परियोजना भारत में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और हरित ऊर्जा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है.



# एपिक एनर्जी ने निवा इकोटेक के साथ किया समझौता

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

एपिक एनर्जी लिमिटेड ने सोलापुर और उसके आसपास 35 मेगावाट (25 मेगावाट) का सौर पार्क स्थापित करने के लिए निवा इकोटेक के साथ समझौता किया है.

एपिक रिन्यूएबल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रणव ने बीएसई को दी सूचना में कहा, एपिक एनर्जी लिमिटेड की 100 प्रतिशत स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एपिक रिन्यूएबल प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना भारत में सौर पार्क स्थापित करने के उद्देश्य से की गई है. हम निवा के सहयोग से क्रियान्वित किए जाने वाले उसके पहले उद्यम को लेकर बहुत उत्साहित है. निवा इकोटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अजय ने बयान में कहा, सोलापुर सौर पार्क स्थापित करने के लिए एक आदर्श स्थान है. निवा में हमने पिछले तीन वर्षों में विभिन्न ग्राहकों के लिए इस स्थान पर पहले से ही कई परियोजनाएं पूरी की हैं. एपिक के साथ हमारी साझेदारी हमें भारत के सौर ऊर्जा का विस्तार करने के लिए अपने कौशल व अनुभव का सर्वोत्तम इस्तेमाल करने में मदद करेगी.

**निदेशक बोले-सोलापुर सौर पार्क स्थापित करने के लिए एक आदर्श स्थान है**

## न्यूज अपडेट

### मणिपुर : खाली पड़े 5 घरों में आगजनी

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में एक गांव में खाली पड़े पांच घरों में संदिग्ध उग्रवादियों ने आग लगा दी जिसके बाद सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया. एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि रविवार दोपहर से ही उग्रवादी ऊंची पर्वतीय चोटियों से निचले, घाटी के कौत्रुक एवं पास के कदंगबंद में लगातार गोलीबारी कर रहे थे और कौत्रुक गांव के बाहरी इलाके तक पहुंचने में सफल रहे थे.

### असम में 30 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त

**गुवाहाटी।** असम के कछार जिले में मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप में करीब 30 करोड़ रुपये की कीमत की 'याबा' गोलियां जब्त की गईं और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया. करीमगंज एसपी पार्थ प्रोतिम दास के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रविवार रात बदरपुर थाना क्षेत्र के जलापुर इलाके में अभियान चलाया था.

### पटाखे की इकाई में धमाका, सात घायल

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में किराए के एक मकान में संचालित की जा रही पटाखे की अवैध इकाई में धमाका होने से सात लोग घायल हो गए. पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी. यह घटना अमृतसर शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर जंडियाला शहर के नागल गुरु गांव में रविवार शाम की है. घर के भीतर पटाखे बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री भारी मात्रा में रखी हुई थी.

### मीट दुकान को लेकर दो भाइयों की हत्या

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में मीट की दुकान को लेकर एक कसाई से विवाद के बाद दो भाइयों की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई. पुलिस ने सोमवार को बताया कि घटना रविवार रात शिवपुरी जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर पिछोर कस्बे की है. विजय घावरी (40) और उसके भाई अजय घावरी (35) की मंडी इलाके में मीट की दुकान है.

### पहाड़ियों में भटके दो में एक का शव मिला

**जयपुर।** नाहरगढ़ की पहाड़ियों में कथित तौर पर राह भटकने वाले दो भाइयों में से एक का शव सोमवार को मिला. दूसरे युवक की तलाश जारी है. युवक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और तलाशी अभियान में देरी की. राहुल (21) और उसका छोटा भाई आशीष (19) रविवार को सुबह नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर स्थित चरण मंदिर गए थे.

### दक्षिण अफ्रीका में हनुमान चालीसा बंटेगा

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने अगले पांच साल में हनुमान चालीसा की छोटे आकार की दस लाख मुफ्त प्रतियां बांटने की शुरुआत की है. हनुमान चालीसा की यह प्रति जेब में रखी जा सकती है और इसे दुनियाभर में सबसे छोटी प्रति माना जा रहा है. शनिवार को यहां विष्णु मंदिर में 'दान उत्सव' के दौरान इसके वितरण की शुरुआत हुई.

### साइबर अपराध के खिलाफ छापेमारी

**मनीला।** फिलीपीन प्राधिकारियों ने मध्य प्रांत में एक संदिग्ध अवैध 'ऑनलाइन गेमिंग' और 'साइबरस्कैम' परिसर पर कार्रवाई करते हुए 160 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया जो इंटरनेट आधारित अपराध को अंजाम दे रहे थे. अधिकांश लोग चीन और इंडोनेशिया के नागरिक हैं. शनिवार को 100 से अधिक सरकारी एजेंट ने लापु-लापु शहर में एक रिजॉर्ट पर छापेमारी की.

### कांग्रेस पार्टी ने जारी की दूसरी लिस्ट

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को अपने छह प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी. जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा को सेंट्रल शाल्टेंग सीट से पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया है. इसके अलावा रियासी से मुमताज खान और श्रीमाता वैष्णो देवी से भूपेंद्र जामवाल को चुनाव मैदान में उतारा है.

### अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा

**ग्रेजुएट नोएडा।** नोएडा पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है. इस गिरोह का सरगना रोहिलखंड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएट है. पुलिस ने सोमवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया. अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के अन्य दो सदस्य फरार हैं. पुलिस उनकी तलाश कर रही है. आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन कार, अवैध तमंचा और मास्टर चाबी बरामद हुई है.

### नीट-यूजी फैसले के खिलाफ याचिका

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उसके उस आदेश की समीक्षा की मांग की गई है, जिसमें नीट-यूजी 2024 को नए सिरे से आयोजित करने के आदेश को खारिज कर दिया गया था. दायर समीक्षा याचिका में 23 जुलाई को दिए गए फैसले को चुनौती दी गई है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि व्यापक रूप से परीक्षा की पारदर्शिता को भंग करने का कोई साक्ष्य नहीं है.

### उत्तर प्रदेश में 26 चिकित्सक बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कार्यों में लापरवाही बरतने, गैरहाजिर रहने और आदेशों के उल्लंघन पर बड़ी कार्रवाई की है. प्रदेश के 26 चिकित्सकों को एक महीने का नोटिस देते हुए शासकीय सेवा से तत्काल बर्खास्त करने के निर्देश दिए गए हैं. उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का कहना है कि प्रदेश की जनता को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है.



### सोमवती अमावस्या पर आस्था की डुबकी

**हरिद्वार :** सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर गंगा सहित देशभर की विभिन्न नदियों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. इस दौरान हरिद्वार में हर की पौड़ी पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी. सोमवती अमावस्या का दिन पितरों की शांति और उनकी आत्मा की उन्नति के लिए समर्पित होता है. इस दिन किए गए तर्पण, श्राद्ध, और दान के कार्य पितरों को प्रसन्न करते हैं और उनके आशीर्वाद से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है. इसके अलावा, इस दिन किए गए व्रत और पूजा से घर की दरिद्रता दूर होती है, और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है.

### उप्र के बहराइच जिले में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों के हमले जारी

# ढाई साल की बच्ची की हुई मौत, बुजुर्ग महिला गंभीर

**एजेंसी। बहराइच**

बहराइच की महसी तहसील में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों के हमले जारी हैं. रविवार रात संदिग्ध रूप से इन भेड़ियों के अलग-अलग हमलों में ढाई साल की एक बच्ची की मौत हो गयी और एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी. खास बात यह है कि भेड़िये अब नये इलाकों में हमले कर रहे हैं. जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर संवाददाताओं को बताया कि भेड़िये के हमले में ढाई वर्षीय अंजली (पुत्री कमल कश्यप) की मौत हो गयी है तथा एक महिला घायल हुई है. जुलाई से अब तक हिंसक वन्य जीव के हमलों से मौत की यह आठवीं घटना है.'

ग्रामीणों ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना इलाके में गरेठी गुरुदत्त सिंह के नव्वन गरेठी मजरे में एक/दो सितंबर की रात घर में मां के साथ सो रही ढाई साल की बच्ची अंजलि को भेड़िया उठा गया. चीख सुनने पर परिजन उसके पीछे भागे, लेकिन कोई पता नहीं चल सका. तलाश करने पर गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर अंजलि का क्षत-विक्षत शव पाया गया. भेड़िया बच्ची के दोनों हाथ खा गया. दूसरी घटना हरदी थाना क्षेत्र के बाराबिगहा के मौजा कोटिया में हुई. यहां कमला देवी (70) सोमवार भोर घर में लेटी थी. तभी दरवाजे की रस्सी तोड़कर भेड़िया भीतर घुसा और हमला कर उसे घायल कर दिया. परिजनों के शोर मचाने पर भेड़िया कमला देवी को छोड़ कर भाग गया. उसे गंभीर रूप से घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. महिला की गर्दन, मुंह और कान पर चोटें आई हैं. उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है. पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ल ने अस्पताल पहुंच कर घायल महिला के इलाज का जायजा लिया है. विभागीय सूत्रों के मुताबिक, 17 जुलाई से लेकर अब तक भेड़ियों के हमलों में कथित तौर पर छह बच्चों व एक महिला की मौत हुई है, जबकि बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों सहित दर्जनों ग्रामीण घायल हुए हैं.

**आबादी में खुद को आसानी से छिपा लेता है भेड़िया :** दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के फील्ड निदेशक व कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के डीएफओ रह चुके वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी रमेश कुमार पांडे ने कहा, "भेड़िये, सियार, लोमड़ी, पालतू व जंगली कुत्ते आदि जानवर कैनिड नस्ल के जानवर होते हैं. ब्रिटिश काल में यह इलाका कैनिड प्रजाति में शामिल इन भेड़ियों का इलाका हुआ करता था. भेड़िया आबादी में खुद को आसानी से छिपा लेता है. उस जमाने में भेड़ियों को पूरी तरह से खत्म करने की कवायद हुई थी. बहुत बड़ी संख्या में उन्हें मारा भी गया था."

#### हमलावर भेड़ियों को पकड़ने के लिए रंग-बिरंगी गुड़ियों का भी इस्तेमाल



वहीं आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग बच्चों की पेशाब में भिगोई गई रंग-बिरंगी गुड़ियों का इस्तेमाल कर रहा है. इन 'टेडी डॉल' को दिखावटी चारे के रूप में नदी के किनारे भेड़ियों के आराम स्थल और मांद के पास लगाया गया है. 'टेडी डॉल' को बच्चों की पेशाब से भिगोया गया है, ताकि इनसे बच्चों जैसी गंध आए और भेड़िये इनकी तरह खींचे चले आएं. प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "हमलावर भेड़िये लगातार अपनी जगह बदल रहे हैं. अमूमन ये रात में शिकार करते हैं और सुबह होते-होते अपनी मांद में लौट जाते हैं. ऐसे में ग्रामीणों और बच्चों को बचाने के लिए हमारी रणनीति है कि इन्हें भ्रमित कर रिहायशी इलाकों से दूर किसी तरह इनकी मांद के पास लगाए गए जाल या पिंजरे में फंसने के लिए आकर्षित किया जाए." सिंह ने कहा, "इसके लिए हम थर्मल ड्रोन से भेड़ियों की लोकेशन के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं. फिर पटाखे जलाकर, शोर मचाकर या अन्य तरीकों से इन्हें रिहायशी गांव से दूर सुनसान जगह ले जाकर जाल के नजदीक लाने की कोशिश की जा रही है.

#### जिलाधिकारी ने कहा-आदमखोर भेड़िए अब नये गांवों में कर रहे हैं हमले

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि महसी तहसील के गरेठी गांव में भेड़िये के हमले की यह पहली घटना है. उन्होंने बताया कि हमलावर भेड़िए अब नये गांवों में हमले कर रहे हैं. चार पांच दिन के अंतराल पर घटनाएं हो रही हैं. रानी के अनुसार, जिन गांवों में पहले घटना हुई है वहां और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में पुलिस, प्रशासन, पीएसी, वन विभाग के लोग लगे हैं. चार भेड़िए पकड़े भी गये हैं. जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है कि वह दरवाजे बंद करके या घरों की छतों पर सोएं, खुले में ना सोएं तथा विशेष रूप से सचेत रहें. मोनिका ने कहा "अभी तक दो भेड़ियों के हमलावर होने की बात सामने आ रही है, लेकिन संख्या को लेकर भी वन विभाग विशेष रूप से अपनी जानकारी एकत्र कर रहा है. जांच पूरी होने पर सही संख्या बताई जा सकती है." गौरतलब है कि बहराइच के महसी तहसील क्षेत्र में मार्च माह से इंसानों पर भेड़ियों के हमले हो रहे हैं. बरसात के मौसम में 17 जुलाई से हमले बढ़े और हमलों में सात बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गयी तथा 30 से अधिक लोग हमलों में घायल हुए हैं.

## बांग्लादेश : तीस्ता संधि पर वार्ता शुरू करने की इच्छुक है अंतरिम सरकार

**एजेंसी। ढाका**

- जल संसाधन मामलों की सलाहकार बोले- भारत के साथ विवाद को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है. उन्होंने कहा कि ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे पर अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए. ढाका में 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में हसन ने भरोसा जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि एवं अन्य जल बंटवारा संधियों पर विवाद को बातचीत के जरिए सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि अगर किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय वैधानिक दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है.

उन्होंने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा, 'मैंने (बांग्लादेश में) सभी संबंधित पक्षकारों से तीस्ता जल बंटवारा मुद्दे पर चर्चा की है. चर्चा में हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि तीस्ता संधि के संबंध में हमें प्रक्रिया और संवाद को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है. हमें गंगा संधि पर भी काम करना है जिसकी मियाद दो साल में पूरी होने वाली है. दोनों पक्ष सहमत हैं और तीस्ता जल-बंटवारा संधि का मसौदा तैयार है, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध के कारण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया. तथ्य यही है कि हम समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए. इसलिए हम समझौते के मसौदे के साथ उस बिंदु से शुरुआत करेंगे और भारत से आगे आकर वार्ता प्रक्रिया को पुनः आरंभ करने का आग्रह करेंगे.' भारत और बांग्लादेश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारा संधि पर हस्ताक्षर करने वाले थे लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इस पर सहमति देने से इनकार कर दिया.

## राजधानी कीव समेत यूक्रेन के कई शहरों को रूस ने बनाया निशाना

**एजेंसी। कीव**

- यूक्रेनी वायु सेना ने कहा-ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से हमले हुए

यूक्रेन की वायु सेना ने सोमवार को सुबह बताया कि रूस ने कीव और संभवतः अन्य शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए हैं. सोमवार को तड़के यूक्रेन की राजधानी कई विस्फोटों से दहल उठी, जिससे निवासियों को बम रोधी आश्रयों में शरण लेनी पड़ी. कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि कीव के होलोसिव्स्की और सोलोमिंस्की जिले में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया. शेवशेनकिव्स्की जिले में मलबे के नीचे दबने से एक व्यक्ति के जख्मी होने की सूचना है. यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्री यरमाक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, 'हर चीज का जवाब मिलेगा. दुश्मन को इसका एहसास होगा.' वायु सेना के अनुसार, रूस ने कीव को निशाना बनाकर कई क्रूज मिसाइल के साथ बैलिस्टिक मिसाइल दागीं और कुछ ड्रोन हमले भी किए. कीव के नगर सैन्य प्रशासन के प्रमुख ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी और इसके उपनगरों को निशाना बनाकर 10 से अधिक क्रूज मिसाइलों, करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलों और एक ड्रोन से हमला किया गया, जिसे यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया.

**खारकीव में भी धमाका हुआ :** देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में भी धमाका हुआ. खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने पुष्टि की कि तड़के खारकीव के इंडस्ट्रियल्नी जिले पर हमला किया गया. इससे एक आवासीय इमारत व कई अन्य इमारतों में आग लग गई. यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब एक दिन पहले ही कई रूसी क्षेत्रों में दागे गए यूक्रेन के 158 ड्रोन को रूस द्वारा मार गिराया गया.

### राहुल ने डीटीसी कर्मियों से संवाद का वीडियो साझा किया, कहा

## न सामाजिक सुरक्षा है, न स्थिर आय और न ही स्थायी रोजगार...

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को डीटीसी कर्मचारियों की समस्याओं को रेखांकित किया और कहा कि जो लोग प्रतिदिन लाखों यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाते हैं, उन्हें बदले में केवल अन्याय का सामना करना पड़ता है. दिल्ली परिवहन सेवा (डीटीसी) के कर्मचारियों के साथ पिछले सप्ताह हुई बातचीत और बस में सफर का वीडियो साझा करते हुए गांधी ने कहा कि डीटीसी कर्मचारी सरकार से पूछ रहे हैं कि यदि वे स्थाई नागरिक हैं, तो उनकी नौकरियां अस्थाई क्यों हैं. राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कुछ दिन पहले दिल्ली में एक सुखद बस यात्रा के अनुभव के साथ डीटीसी कर्मचारियों से संवाद कर उनकी दिनचर्या और समस्याओं की जानकारी ली. उन्होंने कहा, न सामाजिक



सुरक्षा, न स्थिर आय और न ही स्थाई नौकरी. ठेके पर मजदूरी ने एक बड़ी ज़िम्मेदारी के काम को मजबूरी के मुकाम पर पहुंचा दिया है. गांधी ने कहा कि ड्राइवर और कंडक्टरों को अनिश्चितता के अंधेरे में जीने के लिए विवश किया जा रहा है. कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड लगातार छह महीने से बिना वेतन के काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस उपेक्षा से त्रस्त होकर देश भर के सरकारी कर्मचारियों की तरह डीटीसी कर्मचारी भी लगातार निजीकरण के डर के साये में जी रहे हैं.

### राहुल ने की तेलंगाना व आंध्र के बाढ़ प्रभावितों को राहत पैकेज देने की अपील

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भारी बारिश बाद जल भराव की समस्या झेल रहे तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए संवेदना प्रकट करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार से पीड़ितों को राहत पैकेज देने की अपील की है. उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मेरी संवेदनाएं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के लोगों के साथ हैं, जो बारिश और विनाशकारी बाढ़ से जूझ रहे हैं. मैं कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं कि वे चल रहे राहत और बचाव प्रयासों के सहयोग करने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों को जुटाएं. तेलंगाना सरकार संकट से निपटने और पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के लिए अथक प्रयास कर रही है. मैं केंद्र और आंध्र प्रदेश सरकार से दृढ़ता से आग्रह करता हूं कि वे इस आपदा से प्रभावित लोगों के लिए व्यापक पुनर्वास पैकेज प्रदान करें.'

## राज्य चुनाव : द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद पहली बार जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी की जीत

**एजेंसी। बर्लिन**

जर्मनी में एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश में पहली बार एक पूर्वी राज्य के चुनाव में जीत दर्ज की है और एक अन्य राज्य के चुनाव में उसके मुख्यधारा की कंजरवेटिव पार्टी के बाद दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है. चुनाव में एक प्रख्यात वामपंथी नेता द्वारा स्थापित नयी पार्टी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की सरकार में शामिल दलों के लिए नतीजे बेहद निराशाजनक रहे हैं. सरकारी टेलीविजन चैनल 'एआरडी' और 'जेडडीएफ' ने चुनाव पूर्व सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) और आंशिक गणना के आधार पर अनुमान जताया कि धुर



दक्षिणपंथी 'ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' थुरिंगिया में 32-33 प्रतिशत वोट जीत रही है, जो मुख्य राष्ट्रीय विपक्षी पार्टी मध्यमार्गी-दक्षिपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) से 24 फीसदी अधिक है. अनुमानों के मुताबिक, पड़ोसी राज्य सैक्सोनी में सीडीयू को 31.5-31.8 प्रतिशत और एएफडी को 30.8-31.4 प्रतिशत वोट मिल रहे. सीडीयू 1990 से राज्य का नेतृत्व कर रही है.

**गहरी चिंता एवं आशंका :** राष्ट्रीय गठबंधन सरकार में शामिल ग्रींस पार्टी के एक नेता ओमिद नूरिपुर ने कहा, '1949 के बाद एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी राज्य की संसद में मजबूत ताकत के रूप में उभरी है और इससे कई लोगों में गहरी चिंता एवं आशंका पैदा हुई है.' अन्य पार्टियों का कहना है कि वे गठबंधन में शामिल होकर एएफडी को सत्ता में नहीं लाएंगी. एएफडी की वरिष्ठ नेता एलिस वीदेल ने 'एआरडी' से कहा, 'यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक सफलता है.' उन्होंने चुनावी नतीजों को स्कोल्ज की गठबंधन सरकार के लिए खतरे की घंटी करार दिया.

### खोज | देश की जलवायु निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पश्चिमी घाट

# पश्चिमी घाट क्षेत्र में मकड़ी की दो नयी नस्ल मिलीं

**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) ने दक्षिण भारत में जैव विविधता का केंद्र माने जाने वाले पश्चिमी घाट क्षेत्र में मकड़ी की दो नयी नस्ल की खोज की है. जेडएसआई ने एक बयान में कहा कि मिमेटस स्पाइनेटस और मिमेटस पार्वुलस की खोज के साथ ही भारत में मौजूद मिमेटस नस्ल की संख्या बढ़कर तीन हो गई है. बयान के मुताबिक, मिमेटस स्पाइनेटस और मिमेटस पार्वुलस नस्ल की मकड़ियां क्रमशः कर्नाटक के मूकाम्बिका वन्यजीव अभयारण्य और केरल के एर्नाकुलम जिले में मिलीं. इसमें कहा गया है कि डॉ. सुधिन पीपी, डॉ. प्रदीप एम शंकरन और डॉ. सौविक सेन की एक अनुसंधान टीम ने नयी नस्ल की इन मकड़ियों की खोज की.

जेडएसआई की निदेशक डॉ. धृति बनर्जी ने गत शनिवार को कहा, 'पश्चिमी घाट देश की जलवायु निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अपनी उच्च स्तर की स्थानिकता से वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करते रहते हैं.' उन्होंने कहा कि यह खोज पश्चिमी घाट क्षेत्र में अन्वेषण और संरक्षण के प्रयासों को लगातार जारी रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है, जो दुनिया के सबसे गर्म जैव विविधता केंद्रों में से एक है. बनर्जी ने भारत की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण में पश्चिमी घाट की अहमियत पर जोर दिया.



#### पश्चिमी घाट यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल

पश्चिमी घाट यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हैं. उन्होंने कहा कि यह घटनाक्रम महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश में मिमेटस नस्ल की मकड़ी की पिछली खोज 118 साल पहले हुई थी. बनर्जी ने कहा, 'यह लंबा अंतराल भारत में मकड़ियों के वर्गीकरण और जैव भूगोल के क्षेत्र में अधिक व्यापक सर्वेक्षण और शोध की आवश्यकता पर जोर देता है.' उन्होंने कहा, 'ताजा खोज से पता चलता है कि भारत में मिमेटस नस्ल की वास्तविक विविधता काफी हद तक अज्ञात है. देश के उन क्षेत्रों में कई और नयी नस्ल मिलने की संभावना है, जहां अभी ज्यादा अनुसंधान नहीं किए गए हैं.'

### कोलकाता : चिकित्सक दुष्कर्म व हत्या मामले में रातभर दिया गया धरना

**कोलकाता।** कोलकाता के एक अस्पताल में पिछले माह एक महिला चिकित्सक से कथित तौर पर दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना के विरोध में यहां एक विशाल रैली में भाग लेने वाली प्रमुख फिल्मी हस्तियों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं समेत लोगों ने महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग को लेकर रातभर धरना दिया. धरना सोमवार को सुबह चार बजे तक जारी रहा. रविवार को हजारों लोग विरोध मार्च में शामिल हुए और रैली के अंत में वे मध्य कोलकाता के एस्प्लेनेड क्षेत्र में धरने पर बैठ गए. उन्होंने इस जघन्य अपराध की त्वरित जांच और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सोमवार की सुबह तक वहीं डटे रहने का संकल्प लिया था.

## जम्मू : सैन्य शिविर पर संदिग्ध आतंकी हमले में जवान गंभीर

**एजेंसी। जम्मू**

- हमलावरों का खात्मा करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान

जम्मू में सोमवार को एक सैन्य शिविर की संतरी चौकी पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सेना का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया. हमलावरों का पता लगाने और उनका खात्मा करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है.

रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट पर जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित सुंजवान सैन्य स्टेशन पर कुछ राउंड गोलीबारी हुई. घटना में एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया. प्रवक्ता ने संतरी चौकी हमलावरों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बगैर बताया कि हमलावरों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया है और इस संबंध में आगे जानकारी दी जाएगी. इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी में सबसे बड़े सुरक्षा शिविरों में से एक की सुरक्षा में तैनात सेना की एक चौकी पर संदिग्ध आतंकवादियों ने कुछ राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई. फरार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह ने सेना के साथ मिलकर तलाश अभियान शुरू किया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)